धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

# राममय झारखंड



# रांची में शोभायात्रा की भव्यता से भक्त मंत्रमुग्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बुधवार को रामनवमी के मौके पर राजधानी रांची समेत पूरा झारखंड राममय हो गया। महावीर पताकाओं से सजी से सजी राम धुन के साथ जब सड़कों पर शोभायात्रा निकली तो सभी लोग उसकी भव्यता देख मंत्र मुग्ध हो गये। हर कोई राम की धुन में थिरकने को मजबूर हो गये। इस दौरान बच्चे बूढ़े सभी का उत्साह देखते ही बन रहा था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे झारखंड में ऐसा नजारा पहली बार दिखा। राजधानी रांची में रामभक्तों की सैलाब उमड़ पड़ा। परंपरागत ढंग से भव्य झांकी व सैकड़ों महावीरी पताकों के साथ निकली शोभायात्रा में राम भक्तों का उत्साह उस वक्त और बढ़ गया जब राजधानी के मेन रोड में आयोजित रामनवमी के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद शिरकत करने पहुंच गये। रांची के तमाम इलाकों से निकली शोभायात्रा से पूरी रांची राममय नजर आ रही थी।

## हर कोई राम धुन पर थिरक रहा था

जय श्रीराम के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजता रहा। पूरी रांची भगवा हो गयी। बाजे-गाजे और अस्त्र-शस्त्र के साथ लोग निकले। मत्थे पर पगड़ी हाथ में तलवार, भाले थे। श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति, चुटिया राम मंदिर सहित दूसरी पूजा समितियों की भी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से बुधवार को निकाली गयी। श्री महावीर मंडल पंडरा, पिस्का मोड़, किशोरगंज व रातू रोड, कोकर से निकली शोभायात्रा मेन रोड़ अलबर्ट एक्का चौक पहुंची। बड़गाई, बरियातू तथा मोरहाबादी, चिरौंदी, कांके रोड़ से शोभायात्रा अलबर्ट एक्का पहुंची। सभी निवारणपुर स्थित तपोवन श्रीराम मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद वापस लौट गयी। हजारीबाग और झालदा, धनबाद बोकारो से आए ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा में सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गयी।

## तपोवन मंदिर में भारी भीड़

रामनवमी के मौके पर तपोवन मंदिर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों का आना शुरू हो गया था। महावीरी पताकों से पूरा मंदिर परिसर सजा था। रामधुन में लोग सराबोर नजर आये। वहीं मंदिर के बाहर मेले का नजारा था। शाम पांच बजे के बाद शोभायात्रा का यहां पहुंचना शुरू हुआ। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। प्रशासनिक खेमा भी मुस्तैद था।

## तय समय से शुरू हुई शोभायात्रा

रांची में दोपहर दो बजे के बाद सभी जगहों से निर्धारित रूट से जुलूस निकलना शुरू हुआ। भव्य झांकी व सैकड़ों महावीरी पताकों के साथ परंपरागत तरीके से शोभायात्रा निकली। पुजा समितियों की शोभायात्रा में उल्लास दिखा। मेन रोड अलबर्ट एक्का चौक पर सभी जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। राम भक्त उस समय और उत्साहित हो गये जब रोड में आयोजित रामनवमी कार्यक्रम में सीएम चंपई सोरेन पहुंचे और जय श्री राम का जयकारा लगाया। मंच पर सीएम के साथ महुआ माजी, संजय सेठ, सीपी सिंह, सुप्रियो भट्टाचार्य, सुबोधकांत सहाय भी मौजूद रहे।

## लातेहार में सड़क हादसा चार युवकों की मौत

**लातेहार।** बालूमाथ के हेरहंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गयी। दो लोग अब भी गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ। घायलों को इलाज के लिए बालूमाथ अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरूआती घटना में दो ही लोगों की मौत हुई थी, लेकिन बाद में अन्य दो लोगों की भी मौत हो गयी।

## एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी।** चुनाव में पीएलएफआइ का फिर वर्चस्व कायम करने और रनिया थाना क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करने की संगठन की योजना धरी की धरी रह गयी, जब तक पीएलएफआइ उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देते, उसके पहले ही इस प्रतिबंधित संठन के दो उग्रवादियों को पुलिस ने दबोच लिया।

### सद्दाम के इनपुट झामुमो नेता समेत चार को भेजा गया जेल

# अंतू, प्रियरंजन, इरशाद, विपिन की रिमांड पर आज सुनवाई

**जमीन घोटाला मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में इडी ने गिरफ्तार झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरसाद को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष अदालत के आवासीय कार्यालय में बुधवार को पेश किया गया। पेशी के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया। एजेंसी ने चारों आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट से 7 दिन का वक्त मांगा है। अब रिमांड की अवधि को लेकर गुरुवार को सुनवाई होगी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को लंबी पूछताछ के बाद देर शाम इडी सभी को ऑफिस लेकर पहुंची थी, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने इन सभी को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में गिरफ्तार किया है। ईडी ने सात दिन की रिमांड कोर्ट से मांगी है। इस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार चारों लोगों से अभी कई मामलों में पूछताछ बाकी है। इसलिए कोर्ट 7 दिन की रिमांड तय करे। कोर्ट ने रिमांड की अवधि पर बहस के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की है। इडी के अनुसार गिरफ्तार लोगों के खिलाफ कई पुख्ता सबूत मिले हैं। प्रियरंजन सहाय और बिपिन सिंह के ठिकानों पर ईडी पिछले वर्ष भी छापेमारी कर चुकी है। छापेमारी में कई दस्तावेज और डिजिटल सामान बरामद किये गये थे। ईडी ने पिछले दिनों फर्जी डीड बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसमें उसने कई अहम जानकारी म्क को दी थी। इसके आधार पर इन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

## रामनवमी के दिन हादसों में 8 की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लिए रामनवमी का दिन हादसों से भरा रहा। राज्य में बुधवार को दुर्घटना की वजह से आट की मौत हो गयी, जबकि कई लोग घायल हैं। पहली घटना लोहरदगा में रामनवमी शोभायात्रा के दिन एक अनियंत्रित डीजे वाहन ने कई लोगों को रौंद दिया, जिसमें 2 की मौत हो गयी। दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को रिम्स रांची में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना पलामू में हुई जहां एक ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार युवकों की मौत हो गयी। तीसरी घटना चतरा में हुई जहां दो बच्चियों की एक तालाब में डूबने से हो गयी। पांच बच्चियां नहाने गयी थीं। तीन को आसपास के लोगों ने किसी तरह बचा लिया। बचा लिया गया।


**लोहरदगा** में रामनवमी के दिन शोभा यात्रा में शामिल एक डीजे वाहन (पिकअप वैन) ने अनियंत्रित हो कर जुलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। ये घटना इतनी दर्दनाक था कि 24-25 लोग घायल हो गये। इसमें एक सोनी (18) नाम की लड़की की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस राणा चौक से आगे बढ़ रहा था, तभी यह हादसा हो गया। अन्य घायलों का स्थानीय अस्पताल में ही इलाज चल रहा है। घटना के बाद राणा चौक पर अफरा-तफरी मच गयी। डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, समेत तमाम अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का इलाज बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया। वहीं मेदिनीनगर-पांकी रोड में एक ऑटो बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत की हो गयी।

## रामलला का सूर्य तिलक देख भक्त भाव विह्वल

➲ **दमक उठा रामलला का ललाट, दुनिया अभिभूत**

एजेंसी

**अयोध्या।** लगभग पांच सदी के लंबे अंतराल के बाद अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान भास्कर अपने वंशज श्रीराम का तिलक करने स्वयं मंदिर प्रांगण में उतरे और इसके साक्षी अयोध्या में मौजूद लाखों श्रद्धालुओं के अलावा देश दुनिया में फैले रामभक्त बने। ठीक 12 बजे दोपहर रामलला के अन्तरिक्ष शोध संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य के किरणों से तिलक/अभिषेक कराया गया। सूरज की किरणें पड़ते ही रामलला का ललाट दमक उठा। पूर्ण रूप से भौतिक वैज्ञानिक पद्वति है जिससे किरणों को परावर्तित कर किसी भी स्थान पर लेंस के माध्यम से भेजा जा सकता है। भगवान राम के ललाट पर सूर्य तिलक के दर्शन कर भक्त भाव विह्वल हो गये। पीएम मोदी समेत देश और दुनिया के भक्तों ने राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक के दर्शन किये। राम नवमी के पावन मौके पर पहली बार यह व्यवस्था मंदिर में की गयी थी। यह अलौकिक व दिव्य नजारा 12.16 बजे भक्तों को देखने को मिला। इस दौरान मंदिर में प्रभु राम की आरती उतार कर स्तुति की गयी। रामलला के मस्तक पर चमकती हुई मणि के समान यह नजारा देखकर दुनिया में हर कोई राम की भक्ति में सुधबुध खो बैठा। पूरे कार्यक्रम का पूर्वान्हन 11 बजे से प्रसार भारती के दूरदर्शन द्वारा सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी जो लगातार एक बजे तक जारी रही। इसी प्रकार कनक भवन मंदिर एवं हनुमानगढ़ी एवं अन्य



प्रमुख मंदिरों के अलावा छोटे बड़े लगभग 121 मंदिर के अलावा शहर में एवं नगर निगम क्षेत्र के परिधि के बाहर भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, प्रसार भारती एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना विभाग द्वारा लगभग 150 एलईडी लगायी गयी थी, जिसमें लोगों ने अपने घर बैठे देखा तथा अपने-अपने घर में लगे केबिल नेटवर्क, निजी एवं सरकारी चैनलों से भी इस प्रसारण को देखा। रामलला को 56 प्रकार के भोग भी अर्पित किये गये। जन्मोत्सव के समय भयो प्रकट कृपाला का दर्शन हुआ तथा अधिक हवन एवं सुगंधित धूप के कारण पूरा मंदिर सुगंधित हो गया। सूर्य तिलक का यह दिव्य नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त देश विदेश से पहुंचे थे। रामलला के मूर्तिकार अरुण योगीराज भी इस दिव्य दर्शन के लिए परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे थे। राम नवमी पर अयोध्या पूरी तरह से राममय नजर आ रही है। हर तरफ जयश्रीराम का उद्घोष चल रहा था।

# वाम व कांग्रेस की विरासत है विनाश और भ्रष्टाचार : मोदी

➲ **अपने स्वार्थों की रक्षा में धुर विरोधी भी एकजुट हो गये**

एजेंसी

**अगरतला।** पीएम मोदी मोदी ने बुधवार कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 'पूर्व को लूटो' नीति अपनायी, जबकि भाजपा ने इसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने त्रिपुरा में कांग्रेस पार्टी पर 'पूर्व को लूटो' नीति लागू करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मामले में अपने-अपने निहित स्वार्थों की रक्षा के लिए पूर्व विरोधी एकजुट हो गये हैं। पीएम अगरतला में एक चुनावी रैली में बोल रहे थे। मोदी ने भाजपा सरकार के तहत त्रिपुरा में महत्वपूर्ण विकास पर प्रकाश डाला।

## अवसरवादी गठबंधन से कभी देश का भला नहीं हो सकता



विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि त्रिपुरा के लिए भाजपा विकास की राजनीति का प्रतीक है, जो कम्युनिस्टों के विनाश के इतिहास और कांग्रेस की भ्रष्टाचार की विरासत के विपरीत है। सीपीएम और कांग्रेस के विपक्षी शासन में भ्रष्टाचार पनपा, जिससे त्रिपुरा हिंसा और कदाचार का केंद्र बन गया। अब, पूर्व विरोधी अपने निहित स्वार्थों की रक्षा के लिए एकजुट हो जाते हैं। ये कांग्रेस-कम्युनिस्ट इतने अवसरवादी हैं कि यहां त्रिपुरा में उनका गठबंधन है, लेकिन केरल में वे एक-दूसरे के दुश्मन हैं। केरल में, कांग्रेस कम्युनिस्टों को आतंकवादी कहती है और कम्युनिस्ट कांग्रेस को बहुत भ्रष्ट कहते हैं, पीएम मोदी ने विपक्षी दलों की वास्तविकताओं को उजागर करते हुए अपना भाव व्यक्त किया।

## भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं मोदी, सफाया तय

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने बुधवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा और मोदी पर करारा पर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया कर देगी। भाजपा सिर्फ झूठ बोलने का काम करती है। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। वर्तमान सरकार मुद्दों को लेकर कोई बात नहीं करती है। लोकसभा चुनाव में सपा और और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। इसके तहत गाजियाबाद सीट कांग्रेस को मिली है, जहां अखिलेश और राहुल लोगों से वोट मांगने के लिए पहुंचे थे।



(शेष 11 पर)

### लोकसभा चुनाव : झारखंड के चुनावी रण में सबसे कम उम्र की बनी प्रत्याशी

# अनुपमा सिंह ने राजनीति में वाइल्ड कार्ड एंट्री लेकर कोयलांचल में बढ़ायी तपिश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग के तहत झारखंड में मिली सात सीटों में राजधानी रांची को होल्ड पर रखकर शेष छह सीटों पर अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। हालांकि रांची की सीट पर कांग्रेस ने सस्पेंस रखा है। वहीं धनबाद लोकसभा सीट पर इस बार सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं, बल्कि बीजेपी ने भी सभी को चौंकाया है। बीजेपी ने ढुल्लू महतो को टिकट देकर धनबाद में विरोध का एक ऐसा माहौल बनाया जो लगातार जारी है। विरोध पार्टी के लोग ही नहीं बल्कि गैर बीजेपी वाले भी कर रहे हैं। इसके बावजूद लगातार कई सालों से धनबाद लोकसभा की सीट पर बीजेपी की जीत की वजह से ढुल्लू कॉन्फिडेंट हैं। यहां तक कि राजनीति में धुरंधर माने-जाने वाले सरयू राय को भी मुंह तोड़ जवाब दे रहे हैं।

## अनुपमा का राजनीति के गढ़ में बीता है लंबा समय

कांग्रेस ने दिवंगत कांग्रेस नेता राजेन्द्र सिंह की पुत्रवधु अनुपमा सिंह ऐसी पहली उम्मीदवार हैं जिनका सक्रिय राजनीति से कोई नाता नहीं रहा है लेकिन राजनीति के गढ़ में लंबा समय जरुर बीता है। इनके साथ कई प्लस प्वाइंट जुड़े हुए हैं। पहला तो ये कि अनुपमा सिंह उस दिवंगत कांग्रेसी राजेंद्र सिंह की बहू हैं जो बेरमो से चुनाव जीतकर बिहार और झारखंड की सरकारों में मंत्री रह चुके हैं। दूसरा प्लस प्वाइंट यह है कि इनके पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बेरमो से कांग्रेस के विधायक हैं। पिता के असमय निधन पर हुए उपचुनाव में अनूप सिंह को जीत हासिल हुई थी। वह पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बेहद करीबी माने जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि अनुप सिंह ने अपनी पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से प्रत्याशी बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा था। इसमें बोकारो से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के एक नेता का पूरा साथ मिला।

## दो पुत्री और एक पुत्र की मां है अनुपमा सिंह

अनुपमा सिंह पटना वीमेंस कॉलेज से राजनीति शास्त्र में ग्रेजुएट हैं। इनके पिता डॉ राजकिशोर सिंह बिहार के आरा के रहने वाले हैं। वह बिहार में सिविल सर्जन रहे हैं। अनुपमा सिंह की दो पुत्री और एक पुत्र हैं। बड़ी बेटी अनन्या सिंह 12वीं की छात्रा है। दूसरी बेटी अस्मिता सिंह 10वीं की छात्रा है। पुत्र युवराज सिंह राठौर दूसरी कक्षा का छात्र है। जानकारी के मुताबिक अनुपमा सिंह के नाना जी वर्षों पहले हाजीपुर से आकर बेरमो में ही बस गये थे।

## सबसे कम उम्र की प्रत्याशी होंगी अनुपमा



एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से घोषित प्रत्याशियों में अनुपमा सिंह सबसे कम उम्र की प्रत्याशी हैं। इनका डेट ऑफ बर्थ 1985 का है। इस लिहाज से इनकी उम्र करीब 39 साल है। इंडिया गठबंधन के अन्य प्रत्याशियों की बात करें तो गोड्डा प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह, चतरा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, लोहरदगा प्रत्याशी सुखदेव भगत, खूंटी से प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, हजारीबाग प्रत्याशी जेपी पटेल की उम्र अनुपमा से ज्यादा है।
वहीं, झामुमो की ओर से घोषित सिंहभूम की प्रत्याशी जोबा मांझी, राजमहल प्रत्याशी विजय हांसदा, दुमका प्रत्याशी नलिन सोरेन और गिरिडीह से प्रत्याशी मथुरा महतो भी उम्र में काफी बड़े हैं। एनडीए की ओर से घोषित सभी 14 प्रत्याशी मसलन पलामू से बीडी राम, लोहरदगा से समीर उरांव, खूंटी से अर्जुन मुंडा, रांची से संजय सेठ, सिंहभूम से गीता कोड़ा, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, हजारीबाग से मनीष जयसवाल, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, धनबाद से ढुल्लू महतो, दुमका से सीता सोरेन, चतरा से कालीचरण सिंह, गोड्डा से निशिकांत दूबे और राजमहल से ताला मरांडी के अलावा गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी की उम्र अनुपमा से काफी ज्यादा है।

## भाजपा के ढुल्लू महतो से होगा कड़ा मुकाबला

धनबाद लोकसभा सीट पर अनुपमा सिंह का सामना भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो से होगा। उस ढुल्लू महतो से जिनपर दर्जनों आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। वह बाघमारा से भाजपा के विधायक भी हैं। ढुल्लू के नाम की घोषणा के बाद व्यवसायी वर्ग की ओर से भी सवाल उठाए गये थे। इस विवाद को निर्दलीय विधायक सरयू राय ने भी अपने बयानों और सवालों से अच्छा खासा तूल दिया था। वह बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने की ईच्छा जता चुके थे। बस एक उम्मीद पाल रखी थी कांग्रेस का साथ मिल जाएगा तो उनकी जीत और बड़ी हो जाएगी। लेकिन अनुपमा सिंह की एंट्री से सरयू राय को नये सीरे से रणनीति बनानी होगी।

# सचिवालय समेत सभी सरकारी कार्यालय जल्द होंगे पेपरलेस

### सॉफ्टवेयर पर ₹12.40 करोड़ होंगे खर्च

एजी के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 1.56 करोड़ का लगेगा सॉफ्टवेयर

ई-साइन या डिजिटल हस्ताक्षर के लिए दो करोड़ का होगा सॉफ्टवेयर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पायलय प्रोजेक्ट के तहत राज्य के सचिवालय समेत सरकारी ऑफिसों के कामकाज को पेपरलेस करने की तैयारी चल रही है। पहले फेज में यह 6 महीने के लिए होगा। इसके बाद फिर राज्य में पूरी तरह से लागू किया जायेगा। राज्य के सरकारी कार्यालयों में पेमेंट सिस्टम और इससे जुड़े सभी डाटा को पेपरलेस करने के लिए 12.40 करोड़ का सॉफ्टवेयर खरीदा जाएगा। वहीं प्रधान महालेखाकार कार्यालय से बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 1.56 करोड़ का सॉफ्टवेयर लगाया जाएगा। ई-साइन या डिजिटल साइन के लिए दो करोड़ का सॉफ्टवेयर खरीदा जाएगा। वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

**डाटा बेस रहेगा सुरक्षित :** वित्त विभाग के अनुसार पेपरलेस भुगतान प्रणाली से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक डाटा, डाटा लॉग, डिजिटल साइन बिल और डॉक्यूमेंट अगल डाटा बेस में सुरक्षित रहेगा। इस प्रक्रिया को अपनाने के लिए आइएफएमएस एप्लिकेशन मॉड्यूल में आवश्यक बदलाव वित्त विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट द्वारा किया जाएगा।

**एसएनए स्पर्श से मिलेगा कर्मियों को वेतन :** सॉफ्टवेयर एसएनए स्पर्श से सरकारी कर्मियों के साथ केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि का भुगतान पेपरलेस प्रक्रिया से किया जाएगा। इस सिस्टम को लागू करने के लिए राजस्थान, ओड़िशा और बिहार में अपनायी जा रही प्रक्रिया का भी अध्ययन किया गया है। इसी के आधार पर झारखंड में यह सिस्टम लागू किया जा रहा है।

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगा शुरू

इस प्रक्रिया को राज्य सरकार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू कर रही है। यह छह महीने तक का होगा। इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद राज्य के सभी कोषागारों में सभी तरह के विपत्रों के भुगतान के लिए पेपरलेस भुगतान प्रणाली अपनायी जाएगी।

# जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार अर्किटेक्ट विनोद सिंह की जमानत पर फैसला आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में अर्किटेक्ट विनोद सिंह की जमानत याचिका पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनावाई होगी। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अंतरिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। गौरतलब है कि जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में विनोद सिंह आरोपी है और फिलहाल जेल में बंद है। ईडी ने जिन 5 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है उसमें विनोद सिंह का भी नाम है।

**पीएमएलए कोर्ट ने लिया है संज्ञान**

ईडी द्वारा दायर की गयी चार्जशीट में पीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान भी लिया है। इस चार्जशीट में विनोद सिंह के अलावा सीआई भानु प्रताप, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल है। हालांकि, हिलेरियस कच्छप की मौत कुछ दिन पूर्व ही हो गयी थी। वह लंबे समय से किडनी की समस्या से परेशान चल रहे थे। चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट ने सभी को समन भी जारी किया था। गौरतलब है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 30 मार्च को हेमंत सोरेन समेत 5 के खिलाफ 5500 पन्ने का चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें 1200 पेज से ज्यादा के वाट्सएप चैट समेत अन्य दस्तावेज शामिल थे। चार्जशीट में सीआई भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के नाम थे।

# राज्य के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख परिवारों को मिलेगा शुद्ध पानी, डीपीआर किया जा रहा तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख आवास में रह रहे पांच लाख लोगों के बीच पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। नगर विकास विभाग की ओर से इसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है। यह प्रयास हो रहा है कि सभी शहरी आवासों में प्रथम 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क नहीं लिया जाये। ऐसा नियमावली में प्रावधान भी किया गया है। सूडा के अधिकारियों ने बताया कि पेयजलापूर्ति के लिए बीडिंग की प्रक्रिया की जा रही है। चुनाव बाद इस पर काम होगा। इसमें अधिक से अधिक कंपनियों की भागीदारी से कार्य किया जायेगा। सभी नगर निकायों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर विकास विभाग कार्य कर रहा है। यही नहीं पेयजल की उपलब्धता के लिए जल संसाधनों को भी विकसित किया जा रहा है।

अधिकारियों की मानें तो एशिया विकास बैंक, विश्वबैंक और केंद्र की अम्रुत योजना की सहायता से शहरी निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है। उच्च तकनीक के आधार पर काम किया जायेगा। ठेकेदारों की परेशानियों को भी दूर किया जायेगा। अमृत और एशिया विकास बैंक के सहायता से चलने वाली इस योजना में 3200 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च होगी।

## इन निकायों में शुरू होगी योजना

विश्व बैंक संपोषित योजना, कपाली-3852 आवास, लोहरदगा -14300 आवास, गुमला- 12200 आवास।

**अमृत योजना से सहायतित :** रेहला और विश्रामपुर- 10271 आवास , बड़की सरैया- 4913 आवास , महागामा- 8206 आवास, धनवार - 5597 आवास , डोमचांच - 7161 आवास , जामताड़ा - 7860 आवास बंशीधरनगर - 8549 आवास , छतरपुर एवं हरिहरगंज- 15671 आवास और बड़हरवा -7095 आवास।

# चुनाव में ड्यूटी करनेवाले वाहनों में लगेगा जीपीएस

### सोलह हजार वाहनों में लग चुका है जीपीएस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किया है। जीपीएस सिस्टम पर लगभग एक करोड़ का खर्च आयेगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि बूथ से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली ईवीएम और निर्वाचन कर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। झारखंड में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग चुनाव में पारदर्शिता लाने की कवायद में जुड़ा है। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनाई गई है।

## किराये में गड़बड़ी पर रोकथाम

चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराए में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी। इसके प्रयोग में होने से गाड़ी मालिक के किराया भुगतान संबंधी शिकायत काफी हद तक दूर हो जायेगी।

## जीपीएस पर खर्च होंगे एक करोड़ रुपये

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ी खासकर ईवीएम को लेकर बूथ और स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली गाड़ी जीपीएस युक्त होंगे जिसके हर मूवमेंट पर आयोग की नजर होगी। इसपर करीब 1 करोड़ खर्च होने की संभावना है।

### भारतमाला प्रोजेक्ट में फायरिंग करने के बाद फरार हो गया था चुटिया निवासी जगत साहू

## नेपाल से रांची लौट रहे गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गा को एटीएस ने धनबाद से किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एटीएस अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। एटीएस के सूत्रों के अनुसार मंगलवार की रात अमन साहू के खास गुर्गे जगत साहू उर्फ लखी साहू को धनबाद से पकड़ा। रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णापुरी का रहनेवाला जगत साहू भारत प्रोजेक्ट माला में फायरिंग करने के बाद से फरार चल रहा था। एटीएस एसपी को सूचना मिली कि जगत साहू नेपाल से रांची लौट रहा है। इस पर एक टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने उसे धनबाद से दबोच लिया।

गौरतलब हो कि ओरमांझी स्थित भारतमाला सड़क निर्माण प्रोजेक्ट के मजूदरों पर फरवरी और मार्च में हुई फायरिंग की घटना में जगत साहू भी शामिल था। रांची पुलिस को भी जगत की तलाश थी। इस फायरिंग की घटना में शामिल राहुल दुबे को एटीएस ने हाल ही में गिरफ्तार किया है। ओरमांझी पुलिस ने प्रमोद कुमार सिंह, अमजद खान और अलाउद्दीन अंसारी उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया था। केंद्रीय कारा मेदनीनगर में बंद गैंगस्टर अमन साहू और बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद चंदन साव उर्फ चंदन साहू ने ही भारतमाला प्रोजेक्ट के संवदेक से रंगदारी वसूलने के लिए गुर्गों को निर्देश दिया था। रांची पुलिस के हत्थे चढ़े गुर्गे ने इसका खुलासा किया था।

# 2009 के लोकसभा चुनाव में दो सीटों पर बजा था निर्दलीय उम्मीदवार का डंका

### क्या इस बार भी कोई निर्दलीय पहुंच पायेंगे संसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश के साथ-साथ झारखंड में भी 2009 में 15वीं लोकसभा का चुनाव हुआ था। इस चुनाव में झारखंड से 249 उम्मीदवार मैदान में खड़े हुए थे। इसमें 100 निर्दलीय उम्मीदवार थे। इस चुनाव में दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। चतरा लोकसभा सीट पर इंदर सिंह नामधारी ने निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए जीत दर्ज की थी। वहीं सिंहभूम से मधु कोड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी होने के बावजूद जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में बीजेपी ने आठ सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं जेएमएम को दो और कांग्रेस और जेवीएम को एक-एक सीट पर जीत मिली थी।

## अब तक 343 निर्दलीय उम्मीदवार आजमा चुके हैं अपनी किस्मत

अलग राज्य बनने के बाद से झारखंड में अब तक चार लोकसभा चुनाव कराये जा चुके हैं। वहीं पांचवी बार 2024 में लोकसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है। इन चार लोकसभा चुनाव में 343 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में उतरे थे, लेकिन इनमें से मात्र तीन प्रत्याशी ही जमानत बचाने में सफल हुए। इसमें दो निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीतकर सांसद भी बने। वहीं 340 प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा सके। अब तक इन चार लोकसभा चुनावों में कुल 927 उम्मीदवार चुनाव में उतरे, लेकिन 780 उम्मीदवार जमानत भी नहीं बचा सके।

## बज चुका है 18वीं लोकसभा चुनाव का बिगुल

बताते चलें कि 18वीं लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। झारखंड में 14 लोकसभा सीटों के लिए चार चरणों में मतदान होने हैं। खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में 13 मई, चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में 20 मई, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर, रांची में 25 मई और राजमहल, दुमका, गोड्डा में 1 जून को मतदान होने हैं। चुनाव में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राजनीतिक दल, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाते हैं।

## कांग्रेस के कालीचरण और बीजेपी के अर्जुन मुंडा 23 को करेंगे नामांकन



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर खूंटी से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा व बीजेपी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस दौरान अर्जुन मुंडा रोड शो व सभा भी करेंगे। वहीं, कालीचरण मुंडा खूंटी स्थित पतरा मैदान (डीएवी स्कूल) से इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं और समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में नामांकन करने उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस दौरान कांग्रेस, झामुमो समेत इंडिया गठबंधन के नेता मौजूद रहेंगे। वहीं, दूसरी ओर इसी दिन खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा भी नामांकन करेंगे। इस दौरान खूंटी में आयोजित रोड शो व सभा में खरसावां के कार्यकर्ता भी भाग लेंगे।

### दिग्गज आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी कर रहे प्रचार अभियान की मॉनिटरिंग

# आदिवासी सीटों पर भाजपा का फोकस, पीएम नमो सहित अन्य स्टार प्रचारक करेंगे प्रचार

**उदय चौहान**

**रांची।** पिछले विधानसभा के मुकाबले भाजपा इस बार आम चुनाव में आदिवासी सीटों पर फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह दिग्गज आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी तीन रिजर्व सीटों पर खास फोकस रख रहे हैं। इन आदिवासी सीटों पर पीएम नमो सहित अन्य स्टार प्रचारकों को उतारने की तैयारी चल रही है। विकसित भारत व मोदी की गारंटी को प्रचार का अहम हिस्सा बनाया जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने और कल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया जा रहा है। राज्य के सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक कर जनसंपर्क अभियान को तेज किया जा रहा है। दरअसल, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा आदिवासियों के लिए सुरक्षित सीटों पर बुरी तरह पिछड़ गई थी।







इस बार चुनाव से पहले एक तरफ बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने एसटी वोटरों को साधने की कवायद की है। वहीं, अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देकर एससी कार्ड खेला है। मिशन 24 को साधने के लिए भाजपा के एससी-एसटी कार्ड पर सूबे की सत्ताधारी दल जोरदार तरीके से हमलावर है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के हिस्से में 28 आदिवासी सुरक्षित सीटों में से महज दो सीटें आई थी। लेकिन अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित नौ सीटों में से छह सीटों पर भाजपा ने कामयाबी के झंडे गाड़े थे।

सूत्रों के अनुसार लोहरदगा, खूंटी और दुमका सुरक्षित सीट पर भाजपा ने रणनीति की दृष्टि से काफी बदलाव किये हैं। दुमका सीट पर शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को प्रत्याशी बना कर भाजपा ने महागठबंधन को सन्न कर दिया हैं। वहीं, लोहरदगा सीट पर सुदर्शन भगत का टिकट काट कर एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव को उतारा गया है। जबकि, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को खूंटी से प्रत्याशी बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार इन तीनों सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह व अन्य स्टार प्रचारक पहुंचेंगे और अपने उम्मीदवारों को जीताने की अपील करेंगे। भाजपा ने घर-घर तक पहुंच बनाने के लिये एसटी एवं एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को खासतौर पर ट्रेंड किया है। ये कार्यकर्ता टोला-मुहल्ला में घूम-घूम कर भाजपा प्रत्याशी को जीताने का आह्वान कर रहे हैं।

### रानिया स्थित जंगल में बैठक कर रहे पीएलएफआइ नक्सली

# खूंटी में पीएलएफआई कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार

### 27 हजार रुपये नगद समेत हथियार बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले के रनिया इलाके से पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों उग्रवादियों को पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया जब उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देने को लेकर जंगल में बैठक कर रहे थे। गिरफ्तार उग्रवादी में तपकरा थाना क्षेत्र के हुसीर निवासी हर्षिद गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन और रनिया थाना क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ कैम्प के पीछे रहने वाले प्रकाश प्रामाणिक का नाम शामिल है।

एरिया कमांडर हर्षित गुड़िया रनिया, बंदगांव इलाके में सक्रिय था। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से एक देसी कप्ता, 10 गोली, दो पीएलएफआई का पर्चा, दो पिठ्ठू,



एक बाइक, 27030 नगद ओर तीन मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के जलमादी गंजना के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमाण्डर हर्षिद गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन अपने संगठन के सीनियर एवं जोनल कमाण्डर के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन का वर्चस्व स्थापित करने, स्थानीय ठेकेदार, व्यापारी से लेवी का पैसा वसूल करने तथा क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करने के उदेश्य से बैठक कर रहा है तथा कोई घटना को अंजाम देने का योजना बना रहा है।

सूचना पर तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन किया गया। छापामारी दल बीते रात जलमांदी से गंजना जाने वाली पक्की सड़क के किनारे जंगल में छापामारी कर बाइक सवार हर्षिद गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन ओर प्रकाश प्रमाणिक को गिरफ्तार किया। रात में जंगल होने के कारण पीएलएफआई का सीनियर एवं जोनल कमांडर जंगल में भाग गये।

इस संबंध में रनिया थाना (कांड सं0-14/24) में आईपीसी, आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की कर गिरफ्तार उग्रवादी को जेल भेज दिया गया। हर्षिद गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन पर मुरहू थाना में आधा दर्जन मामला दर्ज है। वहीं प्रकाश प्रमाणिक पर भारतीय वन अधिनियम के तहत कम्प्लेन केस दर्ज है।

# रामनवमी पर राममय हुआ कोल्हान, जमशेदपुर में विसर्जन जुलूस आज

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/गम्हरिया।** लौहनगरी जमशेदपुर समेत कोल्हान के विभिन्न इलाकों में बुधवार को रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ प्रातःकाल से ही उमड़ पड़ी थी। मंदिरों और घरों में झंडा चढ़ाने और झंडा लगाने वालों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक तरह से पूरा कोल्हान प्रमंडल राममय दिखा। इस दौरान जहां चारों तरफ भगवा पताका से क्षेत्र पटा रहा, वहीं वीर बजरंगबली तथा जय श्री राम के नारों से चारों दिशाएं गुंजायमान रही। क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों ने भी शस्त्र पूजन के साथ परंपरागत विधि विधान से रामनवमी पूजनोत्सव का आयोजन किया। मौके पर क्षेत्र के विभिन्न घरों में भी विधि विधान से पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया।



श्री रामनवमी बजरंग अखाड़ा रिपीट कालोनी डिमना चौक पर पूजा समिति द्वारा ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास को तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डा संतोष कुमार गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



एक अखाड़ा में करतब दिखाते छऊ नृत्य करने वाले कलाकार।

**गम्हरिया में रामनवमी का उत्साह ही उत्साह**

हमारे गम्हरिया प्रतिनिधि के अनुसार गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी, प्रखंड परिसर, उषा मोड़, जगन्नाथपुर के पूंजीडूंगरी, कांड्रा एसकेजी कॉलोनी, कांड्रा बाजार स्थित बजरंगबली मंदिर में धूमधाम से पूजा का आयोजन किया गया। इन गम्हरिया के सतवाहिनी, जमालपुर में श्री श्री महावीर अखाड़ा नवयुवक समिति की ओर से भगवान सिंह के नेतृत्व में पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना किया।

वहीं, कांड्रा बाजार स्थित महावीर मंदिर कमेटी की ओर से भी भव्य पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ वीर बजरंगबली का ध्वजारोहण किया। इसके आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष विनोद रजक, सचिव विजय साहू, कोषाध्यक्ष संजय साव समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### चांडिल में तीन को मनेगी पंडित रघुनाथ मुर्मू की 119वीं जयंती

**चांडिल।** आगामी 23 मई को ओलचिकी लिपि के जनक, संथाली भाषा ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 119वीं जयंती भव्य रूप से मानने को लेकर बैठक हुई। चांडिल प्रखंड के रामगढ़ में मांझी बाबा बाबूलाल सोरेन के प्रांगण में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में संथाली समाज के लोग उपस्थित हुए। 23 मई को पंडित रघुनाथ मुर्मू जयंती कुनामी बैसाख के रूप में मनाया जायेगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में टीसीएस टाटा स्टील फाउंडेशन के रामचंद्र टुडू उपस्थित थे। जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में राम चांद टुडू, वीरेन तियु, लेदेम मार्डी, श्यामल मार्डी, रतन मार्डी, अर्जुन टुडू, बाबूलाल सोरेन, डॉ सत्य नारायण मुर्मू, बदरी नाथ मांझी, सत्य रंजन सोरेन, सोना राम बेसरा, दिनेश सोरेन, नरेंद्र मांझी, गोल्डन टुडू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### श्री राममंदिर टेल्को का रामनवमी महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



रामनवमी के अवसर पर संत श्री राघवजी महाराज के साथ टाटा मोटर्स के पूर्व सीनियर जीएम मानस मिश्रा, डीजीएम वीएन सिंह, डीजीएम रजत सिंह, अध्यक्ष चंद्रभान सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** श्री राम मंदिर टेल्को का रामनवमी महोत्सव के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर रामजन्मोत्सव की धूम रही। नवमी के अवसर पर सर्वप्रथम सामूहिक हवन हुआ, जिसमें नवरात्रि में उपवास किये हुये तथा मंदिर में कलश स्थापना किए हुए भक्तों और श्रद्धालुओं ने व्रत के पूर्ण होने पर सामूहिक हवन किया। प्रातः 11 बजे से बजरंगबली का ध्वज पूजन मंदिर के मुख्य पुरोहित जीवानंद मिश्रा के देखरेख मंम विधि विधान से हुआ, जिसमें टेल्को के आसपास के लोगों द्वारा ध्वजारोहण एवम ध्वज पूजन किया गया। अयोध्या से आये संत श्रीराघव जी महाराज ने लोगों के समक्ष हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया। उसके बाद महाआरती में काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। रामजनमोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राममंदिर समिति के अध्यक्ष मानस मिश्रा, टाटा मोटर्स प्रबंधक वी एन सिंह, रजत सिंह उपस्थित हुए। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संध्या 4 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का पाठ हुआ जिसमें राममन्दिर समिति के सभी प्रतिनिधि व सदस्यों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद प्रसाद के रूप में लड्डू का वितरण किया गया। रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर समिति के महामंत्री चन्द्रभान सिंह, के के मिश्रा, नरेंद्र सिंह (हैप्पी), अरुण सिंह, जीवानंद मिश्रा, राकेश सिंह, सुधीर सिंह, विजय कुमार सिंह, सुनील सिंह, वेंकट राव, मनंजय पांडेय, राजेश पाण्डेय, प्रहलाद सिंह, भरत पाठक, मनोज पांडेय, सुमन मिश्रा, विजय सिंह, अरविंद प्रसाद इत्यादि लगे हुये थे।

### सभी अखाड़ा समिति से भव्य, मर्यादित और अनुशासित जुलूस निकालने की अपील

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में रामनवमी अखाड़ा का विसर्जन गुरुवार यानि 18 अप्रैल को होगा। इसके लिये पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारियां की गई है। वहीं, विसर्जन को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर की ओर से 18 अप्रैल (गुरुवार) को अखाड़ा समिति के द्वारा विसर्जन करने की जानकारी दी गयी। बुधवार को केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुरुवार को जमशेदपुर के सभी रामनवमी अखाड़ा का विसर्जन शांतिपूर्ण सम्पन्न होगा। जिसके लिए समिति ने जोन में बांटकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। वहीं, शहर के विभिन्न विसर्जन घाटों पर पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही, समिति के तमाम वरीय पदाधिकारी अखाड़ा समिति के विसर्जन की मार्किंग करेंगे।

# जमशेदपुर पर झामुमो जल्द देगा प्रत्याशी भाजपा के उड़ जायेंगे होश : रामदास सोरेन

- रांची में 21 को उलगुलान महारैली में जमशेदपुर से जायेंगे 20 हजार कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की मेजबानी में रांची के विकास कला मैदान में 21 अप्रैल को उलगुलान सह न्याय महारैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के अलावा इंडिया गठबंधन की तमाम वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। अब तक महारैली में भाग लेने की पुष्टि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, आम आदमी पार्टी के संस्थापक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल के अलावा भाकपा, माकपा और भाकपा माले के वरिष्ठ नेताओं ने रैली में आने की पुष्टि कर दी है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते रामदास सोरेन।

यह जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्वी सी भूमि जिला अध्यक्ष विधायक रामदास सोरेन ने साकची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ विधायक मंगल कालिंदी के अलावा वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन, वीर सिंह सोरेन आदि भी उपस्थित थे। जमशेदपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी के बारे में पूछे जाने पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी की केंद्रीय समिति ने प्रत्याशी का नाम तय कर लिया है। जब जमशेदपुर सीट पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का नाम घोषित होगा तो भाजपाइयों की नींद उड़ जायेगी। जमशेदपुर सीट हो अथवा सिंहभूम सीट यहां पर भाजपा के दोनों प्रत्याशियों क्रमशः विद्युतवरण महतो और गीता कोड़ा ने धरातल पर कोई काम नहीं किया है और वे जनता से कटे हुए हैं। गीता कोड़ा की तरह विद्युतवरण महतो को भी जनता के आक्रोश का सामना करना होगा।

रामदास सोरेन ने दो टूक कहा, झामुमो ने अपना खाद-पानी और विचड़ा लेकर तैयार है, समय आने पर जमशेदपुर लोकसभा सीट के खेत में हमलोग धनरोपनी शुरु कर देंगे और हमारी ही फसल लहलहाने जा रही है। भाजपा का कमल खिलने के लिए यहां तालाब में न तो पानी बचा है और न ही कीचड़। महारैली की चर्चा करते हुए रामदास सोरेन ने कहा कि 21 अप्रैल की रैली से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की चूलें हिल जाएंगी। इस रैली के बाद झारखंड में भारतीय जनता पार्टी को पनपन नहीं दिया जाएगा। भाजपा के लिए झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव जीतना सपना हो जाएगा क्योंकि इस पार्टी ने झारखंड के अपने 17 सालों के शासनकाल में सिर्फ राज्य को लूटा है। स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं की दिशा में भाजपा की सरकारों ने कुछ भी काम नहीं किया और आम जनता को पूछा तक नहीं है। ऐसे में जब 2019 में विधानसभा चुनाव के पश्चात झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन की अगवाई में झारखंड सरकार का गठन हुआ तभी से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और झारखंड के भाजपाई सरकार को स्थिर करने में जुट गए। इस कार्य में झारखंड का राज भवन विशेष भूमिका निभा रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार में स्थानीयता बिल और सरना धर्म को बिल दो दो बार विधानसभा से पारित कर मंजूरी के लिए राजपाल के पास भेजा।

## एक नजर में

### छोटा गोविंदपुर में गरबा कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर।** छोटागोविंदपुर स्थित सामुदायिक विकास मैदान में श्री बासंती दुगार्पूजा समिति द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड (सीमेंट कंपनी) के क्लस्टर हेड ईस्ट, उमा सूर्यम और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह एवं समाजसेविका पूर्वी घोष समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि उमा सूर्यम ने दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही प्रतिभागियों को सम्मानित किया। पूजा समिति के प्रयासों की सराहन करते हुए श्री सूर्यम ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के उत्साह को देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने इस अवसर की दोहरी महत्ता को समझा, जो साधारणतः आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही मायनों में समृद्धि लाता है। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

### दीनबंधु ट्रस्ट ने गरीब कन्या के विवाह में की मदद



**जमशेदपुर।** दीनबंधु ट्रस्ट ने मानगो वासी गरीब परिवार की बेटी के विवाह मे मदद की है। संस्था के पदाधिकारियों ने दहेज रहित विवाह मे राशन सामाग्री कन्या के घर जाकर परिवार वालो को प्रदान किया। संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बताया संस्था शहर के विभिन्न क्षेत्रों मे दहेज मुक्त आदर्श विवाह के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी एव आदर्श विवाह करने वालो को सम्मानित करेगी। उत्तम चक्रवर्ती ने कहा शदियों में ये ताम झाम, पंडाल झालर, सैकड़ों पकवान, आर्केस्ट्रा ऊख, दहेज का मंहगा सामान एक संक्रामक बीमारी का काम करता है लोग इसे देख इसी तरह का इंतजाम या इससे बेहतर करने की कोशिश में अपना वैभव प्रदर्शन करने में अपने जीवन भर की कमाई लुटा देते हैं लोन लेकर कर्जदार बन जाते हैं। क्या हमें इस अपव्यय और दिखावे को रोकना नहीं चाहिए? इसे सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती, सुनीता पोयरा, नितिश सरकार, एकुप्रेसर थेरेपिस्त शशिकान्त, रुबि गोराइ, कंचन यादव, मंतोश शर्मा, अंजन पोयरा, सबिता मुंडा, श्रीराम, गोपाल दास, नन्दि पुर्ति, गायत्री नायक, मोनि, तोपन दत्ता, बिनोद यादव, सुबोध ठाकुर का अहम योगदान रहा।

### गायत्री परिवार : चैत्र नवरात्रि साधना का पूर्णाहूति



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर के युवा प्रकोष्ठ नवयुगदल और प्रज्ञा महिला मंडल के कार्यकर्ताओं ने जमशेदपुर के मानगो, कदमा, सोनारी, भालूबासा, भुइयांडीह जैसे अनेक केंद्रों पर पांच कुंडीय और नौ कुंडीय यज्ञों के माध्यम से नौ दिवशीय चैत्र नवरात्र अनुष्ठान का समापन किया। इससे पूर्व सभी परिजन कलश स्थापना से ले कर नौ दिनों तक उपवास और फलाहार के साथ 24000 गायत्री महामंत्र का लघु अनुष्ठान संपन्न किये। आज के दिन गायत्री ज्ञान मंदिर में भी सैंकड़ों की संख्या मंे शश्रद्धालुओं ने भाग लिये। यज्ञ के उपरांत अखिल ाविश्व गायत्री परिवार के युथ आइकॉन आदरणीय डॉ चिन्मय पंड्या का जन्म दिन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार झारखंड के समन्वयक संतोष राय ने सभी झारखंड वासियों के साथ साथ देश वाशियों को श्रीराम नवमी पर्व की शुभकामनाएं दिये।

### टेल्को में याद किये गये समाजसेवी सीताराम रुंगटा



**जमशेदपुर।** टेल्को जमशेदपुर में बुधवार को समाजसेवी एवं सम्मानित उद्योगपति स्व सीताराम रुंगटा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता श्री रामाश्रय प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय सीताराम रुंगटा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि रुंगटा जी जो बहुत बड़े समाजसेवी एवं विद्वान तथा सम्मानित उद्योगपति के रूप में देश में जाने जाते रहे हैं। उन्होंने कई स्कूल कॉलेज की स्थापना की साथ में कई कल कारखानों का भी स्थापना किया जहां पर हजारों हजारों की संख्या में मजदूर अपने जीवन यापन कर रहे हैं। इनकी क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयकुमार महतो, विनय कुमार यादव, राजेश कुमार राम, सुरेश प्रसाद, मनोज कुमार, शिव बालक प्रसाद, नरेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### श्रीनाथ विवि में लॉम्बर्ड ने चलाया प्लेसमेंट ड्राइव्स

**जमशेदपुर।** भारत की प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक आईसीआईसीआई लॉम्बर्ड, और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सहयोग से एक सफल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट विभाग की तरफ से आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में अनेक प्रतिष्ठित संस्थानो ने भाग लिया जिसमें श्रीनाथ विवि, अरका जैन विवि, करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर महिला विवि, ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वुमेन और कोल्हान विवि शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से कुल 115 छात्रों ने प्लेसमेंट ड्राइव के लिए पंजीकरण किया था।

# ओडिसा के राज्यपाल रघुवर ने की श्रीराम दरबार की विधिवत पूजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर के भव्य श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। बुधवार को पूर्व सीएम रघुवर दास ने मंत्रोच्चार के साथ श्रीराम दरबार की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रभु श्रीराम से देशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पुजारियों के संग महावीर पताका का पूजन कर मंदिर परिसर में पुनर्स्थापित किया। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, भाजपा नेता कुलवंत सिंह बंटी, प्रमोद मिश्रा, रमेश तिवारी समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।



सिदगोड़ा श्रीराम मंदिर में श्रीराम दरबार में पूजा करते राज्यपाल रघुवर दास।

# अर्जुन मुंडा ने घोड़ाबांधा आवास पर की पूजा और हवन विसर्जन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा धर्मपत्नी मीरा मुंडा सहित सपरिवार आदिशक्ति की उपासना के पावन पर्व चैत्र नवरात्र पर अपने जमशेदपुर घोड़ाबांधा आवास पर पूजा एवं हवन किया। उन्होंने पूजा के बाद महावीरी पताका को अपने आवास पर लगाया। केंद्रय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रभु श्रीराम से देशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इस शुभ अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले, कृष्ण शर्मा काली, फानी महतो, मनोज काउंटिया, राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह, गणेश सोलंकी आदि उपस्थित थे।



अपने घोड़ाबांधा आवास पर हवन करते अर्जुन मुंडा।

# तीन स्थानों पर बनाया गया पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र सह मतदान केंद्र

- जमशेदपुर कॉपरेटिव कॉलेज, एसडीओ कार्यालय धालभूम और आईटीडीए कार्यालय में बना केंद्र
- 19 से 21 मई तक चलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोई मतदाता छूटे नहीं के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के पहल पर निर्वाचन कार्य में कार्यरत / प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाना है। शत प्रतिशत चुनाव ड्यूटी में तैनात पदाधिकारियों/ कर्मियों/ पुलिसकर्मियों सहित अन्य लोगों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के द्वारा जिला मुख्यालय में अवस्थित जमशेदपुर कॉपरेटिव कॉलेज, एसडीओ कार्यालय धालभूम और आईटीडीए कार्यालय को पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र एवं मतदान केन्द्र के रूप में अधिसूचित किया गया है।



पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मितल।

निर्गत आदेश के आलोक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 44-बहरागोडा, 45-घाटशिला (अ.ज.जा.), 46-पोटका (अ.ज.जा.) 47-जुगसलाई (अ.जा.) क्षेत्र हेतु प्रतिनियुक्त

# यूपीएससी परीक्षा की टॉपर स्वाति शर्मा के घर पहुंची पूर्व प्राचार्या शुक्ला महंती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यूपीएससी की परीक्षा में 17 वां स्थान हासिल करने वाली स्वाति शर्मा के आवास पर आज भी आने वालों का तांता लगा रहा। मानगो स्थित स्वाति के पिता संजय शर्मा के आवास पर पहुंच कर उन्हें बधाई देने वालों में वीमेंस कॉलेज की पूर्व प्राचार्य सह कोल्हान विवि की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामविलास शमा, बृजेश शर्मा के साथ कई अन्य थे।

# एक्सएलआरआई ने जीता ईएमसीएस और टीएलसी @ एमडीआई इंडिया कॉम्पैक्ट केस अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई, जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर ने ईएमसीएस और टीएलसी@एमडीआई इंडिया कॉम्पैक्ट केस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। उक्त प्रतियोगिता का यह पहला संस्करण है। एक्सएलआरआई केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएल-सीआरएसडीसी) की एक केस स्टडी जिसका शीर्षक है क्या अगस्त्य इन्वेंशंस को सर्जफेरारी के संयुक्त उद्यम प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए? प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी, बेनुधर साहू और नीति मधोक द्वारा लिखित रिसर्च केस स्टडी को निर्णायक पैनल द्वारा सर्वोच्च स्थान दिया गया। कॉम्पैक्ट केस प्रतियोगिता का आयोजन एमराल्ड इमर्जिंग मार्केट्स केस स्टडीज (इएमसीएस) और गुड़गांव में स्थित लर्निंग सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। केस को स्कोपस-अनुक्रमित ईएमसीएस संग्रह में प्रकाशन के लिए चुना गया है।



प्रो. त्रिलोचन त्रिपाठी, एसोसिएट डीन, एक्सएलआरआई-केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएल-सीआरएसडीसी) ने कहा, एक्सएलआरआई को ईएमसीएस और टीएलसी@एमडीआई इंडिया कॉम्पैक्ट केस प्रतियोगिता के पहले संस्करण में प्रथम स्थान हासिल करने और यह सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने पर गर्व है। एक्सएल-सीआरएसडीसी के प्रबंधक बेनुधर साहू और केस राइटर नीति मधोक ने एक्सएल-सीआरएसडीसी केंद्र द्वारा हासिल की गयी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा, जीतने वाला केस एक्सएलआरआई केस समुदाय को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना एक्सएलआरआइ को भारत में एक प्रमुख बिजनेस केस रिपॉजिटरी बनाने के उद्देश्य से की गई थी। इसका मिशन केस स्टडीज के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षाशास्त्र और अनुसंधान में उत्कृष्टता की सुविधा प्रदान करना है। केंद्र ने प्रभावशाली क्षेत्र-आधारित मामलों को विकसित करने के लिए कई कॉरपोरेट्स और संस्थानों के साथ रणनीतिक सहयोग बनाया है।

## स्पीड न्यूज

### डॉ मिश्र ने लिया निर्माण कार्य का जायजा



**मेदिनीनगर।** काशी से रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी में प्रवचन के लिए पधारे मानस कोविद डॉ मदन मोहन मिश्र ने साहित्य समाज चौक स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर पहुंचे। इस दौरान डॉ मिश्र (मानस कोविद) ने मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन किया और पर प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के सचिव सह अधिवक्ता शिवनाथ अग्रवाल ने मंदिर निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। डॉ मिश्र 1925 में स्थापित हनुमान जी का दर्शन कर अभिभूत हुए। मौके परसेना के अधिकारी व मानस प्रेमी डॉ सत्यकेतु संजय और वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश तिवारी भी उपस्थित थे।

### बस की चपेट में आये दो बाइक सवार, मौत

**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची गांव स्थित बाबा चौक के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बुधवार शाम को यात्री बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। सूचना मिलते ही सतबरवा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि बाइक (जेएच 03 एए 4163) से दो लोग मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे इसी दरम्यान विपरीत दिशा से तेजी गति से आ रही यात्री बस अर्स ने अपने चपेट में ले लिया।

### श्रीराम के जयघोष के साथ निकला जुलूस



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को रामनवमी पूजा परंपरागत तरीके से मना। मुख्य शोभायात्रा रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर से निकाली गयी। इसमें दो दर्जन अखाड़ा के बड़े महावीरी झंडा तथा सैकड़ो छोटे झंडा, बाजे गाजे, ढोल ताशा, घोड़ा, छोटे बड़े वाहन संग हजारों लोग शामिल हुए। इससे पहले मुख्य समारोह स्थल पर विधायक कमलेश सिंह, एनसीपी नेता सूर्य सोनल सिंह, अजित सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविन्द्र सिंह उर्फ बब्लू सिंह, पूर्व विधायक आजसू नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता को पगड़ी देकर सम्मानित किया गया।

**कहीं लंगर तो कहीं शर्बत बंटी :** जुलूस में शामिल भक्तों के लिए कई संस्थाओं ने लंगर चलाया। मेन बाजार में सेवा बाल मंडली ने विशाल भंडारा लगाया। वहीं पुरानी बस स्टैंड, न्यू बस स्टैंड, सतगांवा मोड़, अररूआ सहित कई स्थानों पर लोगों ने चना , गुड़, मिठाई, शर्बत का वितरण किया।

### पाटन में धूमधाम से मनी रामनवमी



**पाटन, पलामू।** प्रखंड में रामनवमी धूमधाम से मनी। लोगों ने मंदिरों देवालयों में जाकर पूजा अर्चना की। रामनवमी पर पाटन के विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस निकाले गये। पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारे से गुंजायमान रहा। रामजन्म की खुशी में लोगों में खासा उत्साह दिखा। जुलूस में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया तथा एवं एक दूसरे को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। रामनवमी पर कीर्तन भजन हुआ।

### 19 अप्रैल को मनेगी शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की पांचवीं पुण्यतिथि



**मेदिनीनगर।** पलामू के सिंगरा का सपूत शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की पांचवीं शहादत दिवस 19 अप्रैल को स्मारक स्थल पर मनायी जायेगी। मेदिनीनगर के सिंगरा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर निर्मित शहीद स्मारक स्थल पर संध्या 6 बजे शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। शहीद के पिता जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि आचार संहिता में शहादत दिवस सादगी से मनेगी। लेकिन शहीद अनुराग की आकांक्षा की पूर्ति करते हुए दीन-दुखियों, जरूरतमंद-असहायों को धोती साड़ी का निःशुल्क वितरण हमेशा की तरह होगा। संध्या 6 बजे श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ अनुराग नाम की दीपांजलि पलामू पुलिस की ओर से समर्पित की जायेगी।

### पलामू लोकसभा : आज से होगा नामांकन

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव का नामांकन गुरुवार से शुरू हो जायेगा। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी गुरुवार से शुरू हो जायेगा। उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष प्रत्याशी नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी।

### रांची में उलगुलान रैली को लेकर बैठक



**पाटन, पलामू।** जिला कांग्रेस कमेटी 21 को रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय रैली को लेकर बैठक जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि उलगुलाम न्याय महारैली के लिए पलामू जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस उलगुलान न्याय महारैली में भाग लेंगे और प्रभात तारा स्थित इस रैली में उपस्थित होकर महागठबंधन के तमाम नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस के शीर्ष नेता मल्लिकार्जुन खड़के सोनिया गांधी, राहुल गांधी जी के बातों को सुनकर इनकी बातों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। यह महारैली से झारखंड की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव में 14 के 14 सीटों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित होगी। प्रदेश की जनता ने ठाना है कि झारखंड से भारतीय जनता पार्टी को तड़ीपार किया जाएगा। बैठक में सोमेश्वर प्रसाद, पूर्णिमा पांडे, ओमप्रकाश अमन, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, कृष्ण मणि दुबे, संनू खान, देवांग शुक्ला, विद्या सिंह चेरो, इंदु भगत, दीपक लाल थे।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामजन्मोत्सव

■ रामजी की निकली सवारी के धुन पर निकला रामनवमी जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**मेदिनीनगर।** चैत माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम राम के जन्मोत्सव पर पलामू जिला ही नहीं पूरे देश में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके तहत पलामू जिला के सभी प्रखंड, पंचायत व गांव स्तर पर रामभक्तों ने रामजी की निकली सवारी के धून पर महावीरी झंडा एवं विभिन्न प्रकार आकर्षक रथ व झांकी के साथ भव्यता के साथ जुलूस निकाला। जुलूस में झारखंड समेत दूसरे प्रदेशों के आकर्षक वाद्य यंत्र एवं ज्वलंत झांकी आकर्षण का केंद्र रहा।

पलामू जिले में शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व को संपन्न कराया गया। इस अवसर पर चारों तरफ रामनाम एवं भक्ति गीतों के गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस मौके पर विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा सुंदर व आकर्षित रथ व झांकी निकाली गयी। जिसमें शहरवासियों की एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

वहीं दूसरी ओर रामभक्तों के सेवार्थ में कई सामाजिक संगठनों ने हाथ बढ़ाया। चारों तरफ राममय से माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर विश्व संघ, नवयुवक संघ बेलवाटिका, न्यू यंग क्लब हनुमान नगर बारालोटा, रामसेना संघ कचरवा श्रीरामनगर, आजादनगर साव मुहल्ला एसपी कोठी रोड आबादगंज, किशोर समाज, महावीर युवा मंडल, भारत सेवक संघ, सुरभी क्लब हमदगंज समेत विभिन्न पूजा कमिटयों ने एक से बढ़कर एक रथ व झांकी प्रस्तुत किये। मौके पर जुलूस को सही रूप से संचालित करने के लिए महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष पंकज जायसवाल, उत्तम सिंह, विकास सिन्हा व अन्य ने पल पल नियंत्रण रख रहे थे।

### लोगों ने खुलकर की श्रद्धालुओं की सेवा

रामनवमी पर नवमी तिथि के दिन शहर के विभिन्न पूजा कमिटयों के द्वारा रथ एवं महावीरी झंडा व गाजे बाजे के साथ भव्य तरीके से जुलूस निकाली गई। जिसमें महिला, पुरूष, बुजूर्ग व बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जुलूस में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। वहीं जुलूस में शामिल रामभक्तों के सेवार्थ भीषण गर्मी व कड़ी धूप के मद्देनजर विभिन्न कमिटियों द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉल लगाकर भंडारा, शीतल पेयजल व अन्य स्टॉल लगाकर दिल खोलकर सेवा किया। इसमें बाजार व्यवसायी एकता मंच, योग युवा जेपीएस, हिंदू युवा नवजागृति संघ, अग्रवाल क्लब, माता हीरामणि सेवा समिति, नारनौलिया अग्रवाल महिला संगठन, जयलक्ष्मी संघ, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा, बागेश्वर बाला जी परिवार, पतंजली योग सेवा समिति, अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा, अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन, माता स्व देवंती देवी पिता स्व गोपाल प्रसाद अग्रवाल सेवा समिति, मिशन समृद्धि समेत कई संगठनों ने जगह जगह पर स्टॉल लगाकर पुड़ी, सब्जी, खीर, शर्बत, हलुआ, लस्सी , ठंडा पानी वितरण किया।

इसमें मुख्य रूप से नवीन गुप्ता उर्फ लाल बाबू, अंकित कुमार, पिंटु गुप्ता, दिनेश सोनी, अनुप गुप्ता समेत कई नाम शामिल है।

# भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड तरहसी के ग्राम मझिगवां के शक्ति पिठ मां झालखंडी मंदिर प्रांगण में पांकी प्रखंड के ग्राम सूडी और हुरलोंग, सगालिम , पांकी, मझिगावां, सलगस, बादुवार, कोनवाई, मंझौली, गुरतुरी, महुगांई, परसिया, एवं विभिन्न जगहों से आए अनेकों झांकियां और झंडा सभी अखाड़ा से आए मां शक्ति पीठ मां झालखंडी मंदिर के प्रांगण में राम नवमी पूजा एवं जुलूस में पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। विधायक ने सम्मान समारोह कार्यक्रम में होकर रामनवमी पुजा की ढेर सारी बधाई दी। कमेटी ने विधायक के पगड़ी तलवार सप्रेम भेंट दिया। मौके पर पुजा कमिटी के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया और प्राइज वितरण किया तलवार और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि रामनवमी पर्व के दिन सभी लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। कहा कि रामनवमी पर्व असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दिन ही भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था।



**पांकी विधायक को तलवार भेंट करते लोग।**

# चतरा संसदीय क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ने की ब्रह्म बाबा की आराधना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** चतरा संसदीय क्षेत्र के इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने बुधवार के चतरा जाने के क्रम में सतबरवा स्थित ब्रह्म देवता में ब्रह्म बाबा की पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर मन्नतें मांगी। मौके पर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। श्री त्रिपाठी ने मनिका प्रखंड क्षेत्र के रांकी कला का दौरा किया। कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से अधिकतर सांसद बाहरी होने से क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका है। क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। अगर जीते तो चतरा समेत पलामू प्रमंडल में फैक्ट्री तथा रोजगार सृजन कर पलायन और बेरोजगारी पर रोक लगाया जायेगा।



**ब्रह्म बाबा की पूजा-अर्चना के बाद इंडी गठबंधन प्रत्याशी व अन्य।**

**खास बातें :** श्री त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र में खनिज संपदा होते हुए भी यहां के युवकों को रोजगार के लिए अन्य राज्यों में जाना पड़ता है जबकि हमारे पास कुशल मजदूर, खनिज संपदा के अलावा हर एक चीज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों के दौरान केंद्र की सरकार ने देश के लोगों को धार्मिक उन्माद में फंसा कर रखा है। केंद्र कि मोदी सरकार ने अपने किए गए चुनावी वादों को पूरा करने में विफल साबित हुई है। मौके पर प्रखंड प्रमुख रीमा देवी के पति युगल किशोर राम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण प्रसाद, कौशल प्रसाद, नंदू सिंह, दद्दन प्रसाद ब्रह्मदेव कुशवाहा शैलेश चंद्रवंशीसमेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विषैला सांप के डंसने से 32 वर्षीय महिला की मौत



**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नदीपार टोला में विषैले सांप के डंसने से 32 वर्षीय महिला सुनीता देवी पति अनिल भुइयां की मौत हो गई। महिला ईंट की ढेर हटा रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। महिला को इलाज के लिए एमआरएमसीएच ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। बुधवार को महिला की डेड बॉडी का दाह संस्कार गांव के नदी घाट पर किया गया। सुनीता घर में लगी ईंट की ढेर हटा रही थी। इसी क्रम में अचानक एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। गंभीर हालत में उसे रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। यहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

# एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम... से गूंज उठा पूरा क्षेत्र

■ रेहला में निकला राम नवमी का भव्य जुलूस, राम रथ व राम दरबार की झांकी रहा आकर्षण

■ पहली बार जुलूस में शामिल हुई काफी संख्या में महिलाएं


**खबर मन्त्र संवाददाता**





**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला में बुधवार को रामनवमी का भव्य जुलुस निकाला गया। जुलुस में दर्जनों गांवों के राम भक्तो का शैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार भगवा वस्त्र में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद रामनवमी का जुलुस महाबीर चौक से शुरू हुआ। जिसकी शुरूआत पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी,ग्रासिम सीएसआर प्रमुख नितेश पांडेय, भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे आदि उपस्थित थे।

# जपला में विभिन्न अखाड़ा समितियों ने निकाला भव्य मंगलवारी जुलूस





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र में रामजन्म उत्सव को लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही है। इसे लेकर शहरी क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व रामनवमी महासमिति एवं बजरंगी अखाड़ा के लोग कर रहे थे। जिसमें शहर में जवाहिर साव गली, योगिविर स्थान नदीपर, जपला चौबे, मोहम्मदाबाद, पुरानी ठाकुरबाड़ी कुर्मी टोला, मकबरा रोड, नहर मोड़ धरहरा जपला समेत शहर के कई अखाड़ा समितियों ने गाजा बजा एवं महावीरी झंडा के साथ जुलूस निकाला एवं जुलूस को गांधी चौक पर मिलान किया गया।

### 22 को थी शादी, 17 को ही उठ गयी अर्थी





**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के लोइंगा मुख्य पथ पर दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक पाटन थाना क्षेत्र के लोइंगा के धर्मेंद्र यादव पिता ललन यादव था। लोइंगा का धर्मेंद्र बाइक से जा रहा था इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गयी, जिसमें धर्मेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही किशुनपुर ओपी प्रभारी निरज सिंह व मुखिया रंजीत यादव घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सको ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। धर्मेंद्र की 22 को शादी होनी थी।

# राम राज्य की संकल्पना समग्र विकास का द्योतक : विधायक

■ विधायक ने हनुमान मंदिर में दर्शन कर लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर में आकर दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राम राज्य की संकल्पना ही समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। इससे पहले रामनवमी पूजा समिति द्वारा विधायक के अलावा युवा नेता सूर्य सोनल सिंह, अजित कुमार सिंह, पप्पू सिंह, राजेश्वर सिंह, मनीष सिंह सहित अन्य लोगों को पगड़ी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, पूजा समिति अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, संतोष प्रजापति, संजय गुप्ता, साकेत कुमार, शशि गुप्ता सहित कई लोग थे।

### राजहरा कोलियरी स्थित बिजली ग्रीड में लगी आग

**पड़वा पलामू।** राजहरा कोलियरी स्थित बिजली ग्रीड के एक ट्रांसफार्मर में आग लग गयी। आग की लपटें देख आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ गयी। खान सुरक्षा पदाधिकारी युगल किशोर ने बताया कि आग लगने का स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। लेकिन प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट है। आग की सूचना मिलते ही कोलियरी प्रबंधन एवं पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी मिलते ही कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सुरक्षा कर्मियों ने अग्नि शमन यंत्र के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# शाहपुर में महावीर नवयुवक दल जेनरल ने निकाली झांकी

■ कलाकारों द्वारा की गयी आकर्षक झांकी की प्रस्तुति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक झांकी का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, 31 के पार्षद प्रमिला देवी, 32 के पार्षद अनिसा खातुन, 33 के पार्षद चंचला देवी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। कलाकारों ने झांकी की प्रस्तुति दी। मनोज ने कहा कि रामनवमी पूजा रामभक्त ऐतिहासिक पूजा मना रहे है। 500 वर्षों बाद ऐसा उत्साह दिखा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श को अपनाने की जरूरत है। डॉ सिंह ने कहा कि काफी तपस्या एवं रामभक्तों ने प्राणों की आहुति के बाद राजा श्री रामचंद्र जी का आज विशाल मंदिर में प्रवेश हुआ है।

### प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय का निधन



**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा निवासी और झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का बुधवार की सुबह रांची में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। दीमकों के सबसे बड़े घर की खोज करने के कारण उन्हें 2016 उन्हें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। उन्होंने हजारीबाग के आसपास एक हजार से ज्यादा इंसेक्ट की सूची तैयार की थी। जैव विविधिता पर लिखी उनकी पुस्तक स्पाइडर ऑफ झारखंड का विमोचन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खेलगांव में किया था। मृत्युंजय शर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई मेदिनीनगर के रोटरी स्कूल से हुई थी और उन्होंने मैंट्रिक की परीक्षा पलामू जिला स्कूल से 1983 में की थी।

रामनवमी जुलूस से पूर्व जिला प्रशासन ने विधि व्यवस्था का लिया जायजा

# डीसी और एसपी ने शहर के सभी जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** श्री रामजन्म उत्सव व महारामनवमी जुलूस से पूर्व जिला प्रशासन ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज तीनों प्रखंडों में विधि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं पलामू जिला उपायुक्त शशि रंजन, पलामू एसपी रीष्मा रमेसन, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो समेत कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जपला शहर के मुख्य बाजार, गांधी चौक, मकबरा रोड, लंबी गली समेत सभी अखड़ा व जुलूस के प्रमुख मार्गों का अवलोकन किया। साथ ही उपायुक्त ने जुलूस के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश को सही तरीका से पालन करने का निर्देश सभी दंडाधिकारियों को दिया। इस दौरान उन्होंने, जुलूस के साथ मेडिकल टीम, एंबुलेंस, फास्ट ऐड पानी, अग्निशमन आदि आवश्यक सेवाओं को चुस्त दुरुस्त रखने को कहा।



**जुलूस मार्गों का निरीक्षण करते अधिकारी।**

**खास बातें :** एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि पर्याप्त पुलिस बल, जिला बल व सीआरपीएफ तैनात हैं। हर गतिविधि पर पुलिस की निगाह है, सोशल मीडिया व शरारती तत्वों पर पुलिस नजदीकी नजर बनाये हुए है। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने हैदरनगर व मोहम्मगंज बाजार में रामनवमी जुलूस का अवलोकन किया। मौके पर छतरपुर एसडीओ, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ रौशन कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, अनिल कुमार सिंह समेत सीआरपीएफ व जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता

›› श्री रामायणम में रामजन्मोत्सव मना

›› राम का धरा धाम पर अवतरण जीवों के कल्याण के लिए हुआ

›› राम नाम सुनने से ही जीवन के सभी कष्टों का होता है नाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भगवान श्रीराम के गुणों की बखान करते सनातनी प्रेमी।**

**मेदिनीनगर।** भगवान राम के आदर्शों को अपनाने से मर्यादा, आदर्श, नम्रता, सहनशीलता स्थापित होती है। इन्हीं मानवीय गुणों का जहां पर प्रत्येक सदस्य में समावेश हो वही रामायणम है। उक्त उद्गार काशी से पधारे मानस कोविद डॉ मदन मोहन मिश्र ने व्यक्त की। वे डॉ सत्यकेतु संजय (धर्मगुरु)के निज निवास श्रीरामायणम रामजन्मोत्सव पर प्रकाश डाल रहे थे। उन्होंने कहा कि राम का धरा धाम पर अवतरण जीवों के कल्याण के लिए हुआ है। जिनका नाम सुनने से ही शुभ होता है। वही प्रभु राम दशरथ के आंगन में विहार करते हैं। मौके पर शिवनाथ अग्रवाल अधिवक्ता, संजय कुमार दुबे, सत्येन्द्र तिवारी आदि मौजूद थे।

# दुमका : रामनवमी पर शहर के विभिन्न अखाड़ों ने निकाला भव्य शोभायात्रा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** रामनवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मुहल्ले से अखाड़ा सदस्यों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शहर के टिन बाजार से भव्य झांकी एवं अखाड़ा निकाला गया। नवयुवक पारंपरिक हथियार लाठी, डंडा, तलवार, फरसा, बंदूक समेत विभिन्न हथियारों एवं भगवा पताका से लैश होकर टीन बाजार चौक पहुंचे। अखाड़ा में लोगों ने जमकर करतब दिखाए। इसके बाद नीचे बाजार होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक अखाड़ा पहुंची। जहां विश्व हिंदू परिसद सदस्यों ने शरबत पिला लोगो का स्वागत किया। उसके बाद नगर थाना परिसर, पोखरा चौक होते हुए हुए पुनः टीन बाजार चौक पहुंची। इस दौरान भव्य रथ पर श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, बजरंबली के विभिन्न मूर्ति, कृष्ण, मां काली एवं मां दुर्गा समेत विभिन्न झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। डीजे की जगह पारम्परिक बाजे से भक्ति पूर्ण प्रस्तुति एवं जय श्रीराम के जयकारे के उद्घोष लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। शोभायात्रा डंगालपाड़ा, शिव मंदिर, गिलानपाड़ा, गोशाला बजरंगबली मंदिर, शिवपहाड़, बन्दरजोरी, कुम्हारपाड़ा, रसिकपुर, राखाबानी के मंदिरों से निकाली गई। अखाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए टिन बाजार पहुंच जमकर करतब दिखाये। विधिव्यवस्था को कायम रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी। शहर के विभिन्न चौक-चौराहे पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती दिखी। टीन बाजार चौक पर एसडीओ, सीओ, एसडीपीओ समेत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी मुस्तैद रहे।

# गोड्डा : दीपिका पांडे के विरोध में उतरे प्रदीप यादव के समर्थक



विरोध करते विधायक प्रदीप यादव के समर्थक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** विधायक प्रदीप यादव की जगह दीपिका पांडे सिंह को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध शुरू हो गया है। खासकर सरैयाहाट प्रखंड में मामलें को लेकर काफी उबाल देखा जा रहा। बुधवार को सेकड़ों की संख्या में कार्यकर्त्ता मतीन अंसारी और अशोक यादव के नेतृत्व में दुमका पहुंच जिलाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता के सामने आबादी के हिसाब से टिकट की मांग की। कार्यकताओं ने दो टुक में साफ कह दिया की अगर कांग्रेस आलाकमान पुनर्विचार नहीं करती है तो सेकड़ों की संख्या में वेलोग सामूहिक रूप से पार्टी छोड़ देंगे। दीपिका को टिकट के साथ पार्टी की अंदुरुनी राजनीति भी अब खुल कर दिखने लगी है। वहीं कांग्रेस नेता रामदिवस जायसवाल ने कहा की विधायक प्रदीप यादव एक लोकप्रिय नेता है, पार्टी को आपसी खींचातान से बचते हुए उनका इस्तेमाल करना चाहिए था। लेकिन पार्टी ने उन्हें किनारा कर दिया जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ेगा।

## एक नजर में

### स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में चिन्मय मिशन में गूंजेगा हनुमान चालीसा



**बोकारो।** बोकारो सहित देश भर में 23 अप्रैल को भगवान हनुमान की जयंती को लेकर आयोजन की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में 23 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या परमपूज्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा अर्चना करेंगी। मौके पर चिन्मय मिशन के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय सचिव हरिहर राउत कोषाध्यक्ष नरेंद्र के साथ साथ चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गोड्डा : घर में लगी आग, प्रशासन से गुहार करने पर भी कोई नही पहुंचा



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के चंदा गांव में संतोष यादव उर्फ पिंटू यादव के घर में रामनवमी के अवसर पर घर में किसी का नहीं रहने के कारण अचानक 12:00 बजे के आसपास आग लग गई कुछ ग्रामीणों का संदेह है बगल में गर्म राख रखा जाता था। जिसके बगल में लगा हुआ था उसी से आग लग सकता है। घर की महिला बच्चे वह पुरुष सभी कोई गांव में ही बजरंगबली मंदिर परिसर में पूजा अर्चना आदि देखने को गए हुए थे। घर वाले को पता भी नहीं और कब तक और तब तक उसका घर इस बीच में आज लगकर राख में तब्दील हो गया सिर्फ अल्बेस्टर्स भर रह गया है। बाकी घर के अनाज कपड़ा लता व नगदी आदि जलकर राख हो गया। परिजनों द्वारा बतलाया जाता है कि इसके करीब 50000 का छति हो गया। तथा इसका कोई खास सहारा भी नहीं है। समाचार लिखे जाने तक स्थल पर किसी भी प्रशासनिक पदाधिकारी का उपस्थिति नहीं दिखा उक्त स्थल पर मौके पर लवलीन ठाकुर, जयेश ठाकुर, वार्ड सदस्य अमर लता देवी, राजकिशोर ठाकुर, अमन कुमार, सुनीता देवी, तारा देवी, मुकेशयादव, गीता देवी, मनकर यादव, विनय ठाकुर, मनमोहन ठाकुर वगैरा उपस्थित थे।

### यौन शोषण और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार, गया जेल



शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय आदिवासी युवती ने 26 वर्षीय मीर हुसैन पर शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। थाने में मामला दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और आरोपी मीर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल पीड़िता ने थाने में जो आवेदन दिया है उसके अनुसार उसके पिता की मौत हो चुकी है और वह दिल्ली बेंगलुरु जैसे महानगर में जाकर काम कर अपनी आजीविका चलाती थी। जब लॉकडाउन हुआ उस वक्त उसे अपने घर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में लौटना पड़ा। इसी बीच उसे आधार कार्ड बनाने की आवश्यकता पड़ी। आधार कार्ड बनाने के लिए वह अपने गांव के कुछ ही दूर स्थित दूसरे गांव में जब गई तू वहां उसकी मुलाकात 26 वर्षीय मीर हुसैन से हुई। मीर से बात चीत हुई और फोन नंबर का आदान प्रदान हुआ। धीरे-धीरे समय बीता और बातचीत करते हुए वे दोनों एक दूसरे के करीब आ गए।मीर हुसैन ने यह वादा किया कि वह मुझसे शादी करेगा और इस वादे के बाद वह लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता का कहना है कि इसी क्रम में मीर ने मेरा कुछ अश्लील फोटो ले लिया था, जिसकी जानकारी मुझे नहीं हो पाई। जब कोरोना थमा तो वह काम करने के लिए राजस्थान चली गई। इसी बीच मीर हुसैन उसे यह धमकी देने लगा कि मेरे पास तुम्हारा अश्लील फोटो है जिसे मैं सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा नहीं मुझे रुपये दो। पीड़िता का कहना है कि इस धमकी से वह डर गई और मीर के एसबीआई खाते में कई बार में लगभग डेढ़ लाख रुपए दिए। अब हुआ बेबस हो चुकी थी और उसने अमीर से यह आग्रह किया कि तुम मुझसे शादी मत करो कहीं और कर लो पर मुझे ब्लैकमेल मत करो लेकिन मीर को यह मंजूर नहीं था। वह उसे लगातार रुपए चाहता था।इतना ही नही पीड़िता का कहना है कि जब मैं अपने घर आती तो वह मुझसे मना करने के बावजूद जबरदस्ती संबंध बनाता। आखिरकार तंग तबाह होकर पीड़िता ने शिकारीपाड़ा थाना में अपनी पूरी व्यथा लिखित रूप से देते हुए एफआईआर दर्ज कराया। इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह का कहना है कि पीड़िता और आरोपी का घर नजदीक ही है। वह उसे विश्वास में लेकर गिरफ्तार एवं शोषण किया और अश्लील फोटो लेकर उसे वायरल करने की धमकी भी दे रहा था। हमलोगों ने एफआईआर दर्ज होते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो प्रमुख की भतीजी ने यूपीएससी मे सफलता प्राप्त किया



बेरमो/मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा, 2023 का अंतिम परिणाम घोषित किया। बेरमो प्रमुख और भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी की भतीजी मोनिका पटेल उर्फ रानी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेज परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। मोनिका पटेल को 708 वां स्थान मिला है। मोनिका पटेल ने बताया कि 2020 में बेंगलुरु छावनी में एकाउंटेंट के पद पर ज्वाइन की थी। 2021 में बीपीएससी परीक्षा मे सफलता प्राप्त की। बिहार के सारण ब्लॉक में सीओ के पद पर कार्यरत हूं। अभी यूपीएससी में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि रांची में फूफा जितेंद्र महतो और फुआ गिरिजा देवी के घर में रहकर पढ़ाई की थी। इन लोगों का मेरे आगे बढ़ाने में काफी योगदान रहा है। खबर मिलते ही बैदकारो सहित बेरमो कोयलांचल मे कई जगह मिठाई बांटकर खुशी मनाई जा रही है। बताते चले कि अधिवक्ता हजारीबाग चंद्रनाथ भाई पटेल की पुत्री और विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की भतीजी मोनिका पटेल है।

### चौफान के जसू कुमारी की संदेहास्पद मौत

बोकारो। बोकारो के हरला थाना क्षेत्रान्तर्गत चौफान बस्ती में 22 वर्षीय जसू कुमारी की मौत को लेकर संदेह की स्थिति बन गयी है। उसकी मौत हत्या और आत्महत्या के बीच जूझ रही है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गयी है। तीन वर्ष पहले बासु साव से ब्याही गई जसू की संदिग्ध मौत पुलिस के लिए भी अबूझ पहेली बनी हुई है। मायके वालों का कहना है कि जसू को दहेज के मुद्दे पर ससुराल में प्रताड़ित कर मौत के घाट उतार दिया गया। परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद उसके ससुराल वाले आत्महत्या की बात कहकर अस्पताल से भाग गये। आरोप यह भी है कि ससुराल में लगातार तंग किया जाता था। कई बार उसका गर्भ भी गिरवा दिया गया था। परिजनों ने हत्यारों को कठोर सजा देने की मांग की है। जानकारी मिलते ही विधायक बिरंची नारायण अस्पताल पहुंचे।

### सरहुल पर्व से भूमिगत जलस्तर व वर्षा का लगाया जाता है पूवार्नुमान



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव स्थित नाइया जेहराथान में मंजूरा पंचायत के आदिवासी कुड़मी समाज ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया। गांव के नाइया जानकी महतो गुलिआर ने खीर का भोग चढ़ाकर सरना स्थल नाइया जेहराथान में पूजा की। तत्पश्चात अपने पुरखों के वास स्थल भुतपिढ़ा के समक्ष नाया को बैठाकर गांव की महिलाओं एवं बच्चियों ने नाया को तेल हल्दी लगाकर उनके सिर पर पानी डाल आशीर्वाद लिया। इस दौरान नाया ने ग्रामीणों के बीच सखुआ का फूल बांटा। ग्रामीणों ने बताया कि मंजूरा गांव में चड़क पूजा के उपरांत सरहुल परब मनाने की परंपरा गांव बसने के दौरान से ही पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों से चली आ रही है। नाइया जेहराथान कुड़मी समेत आदिवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है। इस परब के माध्यम से भूमिगत जल स्तर का अनुमान लगाते हैं। लोटा में विद्यमान जल का स्तर से अनुमान लगाया जाता है कि इस वर्ष के मौसम में वर्षा का क्या स्तर रहेगा। मौके पर ग्रामीण सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अखाड़ों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब, कंट्रोल रूम से एसडीओ ने की मॉनिटरिंग

# राम..राम..राम.. राम में रमी बेरमो की आवाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पावन पर्व रामनवमी बेरमो कोयलांचल सहित ग्रामीण ईलाके में पूरे धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शहर से गांव तक जगह-जगह भव्य जुलूस निकाले गए। एक तरफ जहां मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा, वहीं दूसरी तरफ जोशो-खरोश भी परवान पर दिखा। जुलूस के दौरान युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने भी शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। माथे पर भगवा साफा, कंधे पर केसरिया अंगवस्त्र ओढे और गाड़ियों पर महावीरी पताका लहराते हुए युवा बेतहाशा रफ्तार में वाहन दौड़ाते देखे गये। वहीं डीजे पर रिमिक्स रामभजनों पर थिरकते-नाचते भी नजर आये। फुसरो की फिजा में हर तरफ जय श्री राम के गगनभेदी नारे ही गूंजते रहे और पूरा बाजार चारों तरफ महावीरी झंडों से पटा रहा। हरेक चौक-चौराहा, गोलंबर, गली-मुहल्ला और तमाम बिजली के खंभों पर राम-हनुमान के चित्र वाले भगवा झंडे और पताके लहराते रहे।



### अहले सुबह से ही तैयारी में जुट गए श्रद्धालु

रामनवमी की तैयारी को लेकर सुबह से ही शहरवासी जुट गए। महिलाएं जहां पूजा की थाल लिए मंदिरों में जाती दिखीं, वहीं दूसरी ओर पुरुष बांस, झंडा आदि की खरीदारी में व्यस्त रहे। कोई साइकिल, कोई चारपहिया, तो कोई बाइक पर बांस खरीदकर जाते दिखा. लोगों ने अपने वाहनों में भी बड़े ही शौक से महावीरी झंडे लगाए। मंदिरों के बाहर भारी तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। फुसरो शिव मंदिर,पुराना बीडीओ ऑफिस, करगली बाजार स्थित मंदिर सहित बेरमो-फुसरो के समस्त मंदिरों में रामनवमी की धूम रही और लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम और हनुमान की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। फुसरो ब्लाक कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगनी शुरू हो गयी, जो देर रात तक लगी रही।

हजारों-लाखों लोगों ने महावीरी ध्वज व

### जोशो-खरोश से निकले जुलूस

बेरमो स्थित विभिन्न जगहों के अखाड़ों द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। करगली बाजार मे सभी अखाड़ो का मिलन हुआ। जहां युवाओं के साथ-साथ कुछ बच्चों और बुजुर्गों ने भी हैरत अंगेज करतब दिखाये। लाठी, डंडा, तलवार, भाला व अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का अद्भुत प्रदर्शन कर उन्होंने दांतों तले उंगलियां दबाने पर विवश कर दिया। रामनवमी महोत्सव के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बेरमो एसडीओ अशोक कुमार कंट्रोल रूम से पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते दिखे।

## डीपीएस चास के दक्षेष बने सिल्वर जोन ओलंपियाड टॉपर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सिल्वर जोन द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में डीपीएस चास के कक्षा षष्ठ के छात्र दक्षेष गोस्वामी ने ओलंपियाड टॉपर कक्षा नौवीं के राज आर्यन तथा दसवीं के उत्पल कुमार स्टेट टॉपर रहे। दक्षेष गोस्वामी को सिल्वर जोन ओलंपियाड संस्था द्वारा मेडल तथा पांच हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने तीनों विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया। विशेष प्रार्थना सभा में संगीत शिक्षक की निगरानी में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति दी। बच्चों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन पूर्वक कठिन परिश्रम व लगन से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए भविष्य की चुनौतियों पर सफलता हासिल करने हेतु प्रेरित किया।

## श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पूणार्हुति के साथ हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र अंतर्गत आंबेडकर कॉलोनी, (भोला नगर) के हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। यहां यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवधर से आये पंडित हीरा लाल शास्त्री एवं बतौर सहयोगी विकास कुमार शास्त्री, रविंद्र कुमार शास्त्री, सुरज कुमार पांडेय व अरविंद शास्त्री के द्वारा प्रधान यजमान संतोष बाउरी एवं उनकी पत्नी अनिता देवी, अर्जुन रविदास एवं उनकी पत्नी कमला देवी, शिबू मुणडा एवं उनकी पत्नी तुलसी देवी, कुमार हरिष एवं उनकी पत्नी ममता देवी, गौतम भुईया एवं उनकी पत्नी बरखा देवी को पूरे विधि-विधान से पूजन, हवन कराया।

यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवधर से आये पंडित हीरा लाल शास्त्री ने कहा कि अंतःकालीन परमात्मा के स्मरण मात्र से जीवात्मा की पुनरावृत्ति नहीं होती है। परमात्मा के स्मण से ही मुक्ति मिलती है। कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन में कुछ बेहतर करना चाहिए ताकि मृत्यु के बाद उसके किए कर्म को लोग याद करें। कहा कि परमात्मा की भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। यज्ञ समापन के बाद भंडारा के मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद का ग्रहण किया. महायज्ञ को सफल बनाने में रामनवमी पुजा समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर रविदास, महायज्ञ कमेटी अध्यक्ष उमेश कुमार रबि, उपाध्यक्ष राजेश राम, सचिव अशोक रविदास, उपसचिव चन्दन बाउरी, दिपक भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रंजीत खुराना, उप कोषाध्यक्ष तुलसी कुमार, संगठन मंत्री विजय कुमार, सहायक संगठन मंत्री संदीप भारती, उप संगठन मंत्री राकेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम बाउरी, अजय कुमार, सोनू कुमार, सोनू बाउरी, राहुल रजवार, करण कुमार, रोहित बाउरी, साहिल कुमार, महेंद्र मुंडा, रवि कुमार, प्रेम मांझी, महावीर नायक, सुभम कुमार, रोहित भुइयां, सनी भुइयां, राजु गोप बादल, मुरली रविदास मिटठु महतो आदि का योगदान रहा।



## ग्रामीण इलाकों में कुश्ती प्रतियोगिता आज भी आकर्षण का केंद्र बना है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी क्षेत्र के चपरी ग्राम में रामनवमी के अवसर पर विगत वर्षों की तरह ही ग्राम विकास समिति द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई।

यहां के अखाड़े में बिहार, झारखंड के अलावे उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि के पहलवानों ने कुश्ती लड़कर अपना एक से बढ़कर एक प्रदर्शन दिखाया।गरीब दर्जनभर से अधिक जोड़ी पहलवानों ने बुधवार को प्रथम दिन कुश्ती लड़ा। यह दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम होता है। गुरुवार को भी कुश्ती होगा और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को ग्राम विकास समिति द्वारा समिति के पदाधिकारी, सदस्यों, शिक्षाविदों, गनमान्यों, बुजुर्ग, समासेवियों आदि द्वारा चांदी की चकती, नगदी आदि से पुरस्कृत कराया जाएगा। बुधवार को जो कुश्ती हुई इसमें भी समिति के अलावे कुछ अन्य शुभचिंतक दर्शकों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले दर्जन भर से अधिक पहलवानों को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चपरी पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव के अलावे निकटवर्ती खरखोदिया, चांदा, मोरि डीहा, फुलबड़ीया, मानिकपुर, तेतरिया माल, अमरपुर के साथ-साथ निकटवर्ती मेहरमा प्रखंड एवं पड़ोसी राज्य बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती आदि प्रखंडों के सैकड़ो दर्शकों ने कुश्ती प्रतियोगिता का आनंद उठाया।



## बीएसएल के अग्निशमन सेवा विभाग में नये फायर टेंडर हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल के ईडी संकार्य वीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में सीजीएम अनुरक्षण पीके बैसाखिया बीके सरतापे हर्ष निगम वीके सिंह कमांडेंट नितिन त्यागी के साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे। ईडी श्री तिवारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर के शामिल होने से बोकारो स्टील प्लांट के अलावा बोकारो स्टील सिटी की अग्निशमन क्षमता सुदृढ़ होगी। उन्होंने अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निशमन शाखा को बधाई देते हुए आनेवाले गर्मी के मौसम में और सजग रहने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन एजीएम कुमार रजनीश और सहायक कमांडेंट मनोज चौहान ने किया।

### साहिबगंज : एसडीओ वह एसडीपीओ ने की बैठक



साहिबगंज। अनुमंडल कार्यालय सभागार में रामनवमी पर्व पर जुलूस को लेकर एसडीओ वह एसडीपीओ के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में पूजा कमेटी, डीजे संचालक व शहर के गणमन लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बताया कि 19 अप्रैल को प्रतिमा विसर्जन शाम 6 बजे तक सभी प्रतिमा को विसर्जन की जाएगी। विसर्जन के दौरान अभद्र गाना ना बजाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। हुडदंग करने वाले पर कड़ी निगरानी पुलिस प्रशासन की ओर से की जाएगी ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौक चौराहे पर पुलिस के बल तैनात रहेंगे साथ ही पश्चिमी फाटक के रेलवे लाइन पर भी पुलिस के बाल को तैनात किया जाएगा। शराबियों पर कड़ी नजर रहेगी गंगा घाट पर प्रतिमा विसर्जन में लाइट हाइड्रा की व्यवस्था की जाएगी। जिसको लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वही मौके पर मौजूद रहे नगर थाना प्रभारी जिरवाबाडी थाना प्रभारी व शहर के गण मन लोग उपस्थित थे।

साहिबगंज : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ निकाला गया रामनवमी जुलूस उधवा। बुधवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच गाजे-बाजे के साथ रामनवमी जुलूस निकाली गई। रामनवमी के मौके पर उधवा, फुदकीपुर, कटहलबाड़ी, बेगमगंज,राधानगर, आतापुर, मसना, अमानत दियारा सहित विभिन्न इलाकों के बजरंग बली मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा ध्वजारोहण किया गया। वहीं उधवा उद्धवमुनि आश्रम, दक्षिण बेगमगंज, अमानत दियारा पंचायत में रामनवमी जुलूस निकाली गई। लोगों ने गाजे- बाजे के साथ विभिन्न गांवों का भ्रमण किया तथा जय श्री राम के नारे लगाएं। मौके पर बीडीओ सह सीओ विशाल पांडे, थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी,एसआई रूपेश कुमार यादव सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# कोर्ट की अवमानना

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव , उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी पर संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट भी किया कि उसने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। रामदेव ने भी पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत के प्रति अनादर दिखाने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि शीर्ष अदालत ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने मामले की सुनवायी की शुरूआत में पीठ से कहा, मैं सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हूं। शीर्ष अदालत ने कक्ष में मौजूद रामदेव और बालकृष्ण को पीठ के साथ बातचीत के लिए आगे आने को कहा। पीठ ने कहा, उन्हें महसूस होना चाहिए कि उनका अदालत से जुड़ाव है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है। आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। न्यायालय ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए।

# निर्यात में तेजी

बासमती चावल के निर्यात में तेजी, गैर बासमती चावल का निर्यात घट गया है। वर्ष 2023-24 के 11 महीनों में बासमती चावल के निर्यात में 14 फीसदी इजाफा हुआ है, जबकि निर्यात पर कुछ बंदिशों के कारण गैर बासमती चावल के निर्यात में 37 फीसदी से ज्यादा कमी आई है। वर्ष 2023-24 में बासमती चावल के निर्यात में इजाफा हुआ है। इसकी वजह चावल के दाम नियंत्रित करने घरेलू बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए कुछ गैर बासमती चावल के निर्यात पर लगाई गई पाबंदी है। गैर बासमती चावल के उलट विदेशों में भारतीय बासमती चावल की मांग बढ़ रही है। कृषि और प्रोसेस्ड खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 की अप्रैल-फरवरी में 100.81 लाख टन गैर बासमती चावल का निर्यात हुआ, जबकि पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा करीब 160.96 लाख टन था। इस तरह इस अवधि में गैर बासमती चावल के निर्यात में 37.34 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। गैर बासमती चावल का निर्यात घटने की वजह सरकार द्वारा पिछले साल जुलाई महीने में गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना है। इस चावल की कुल गैर बासमती चावल में 25 फीसदी हिस्सेदारी है। गैर बासमती चावल का निर्यात बीते 4 वित्त वर्ष में सबसे कम रह सकता है। 2023-24 की अप्रैल-फरवरी अवधि में 46.76 लाख टन बासमती चावल का निर्यात हुआ है, जो पिछली समान अवधि में निर्यात हुए 41 लाख टन बासमती चावल से 14 फीसदी अधिक है। इस बीच, प्रमुख कमोडिटी के निर्यात में भी सुस्ती देखी जा रही है। ताजे फल व सब्जियों का निर्यात करीब 17 फीसदी बढ़कर 177.70 करोड़ डॉलर और प्रोसेस्ड फल व सब्जियों का निर्यात करीब 9 फीसदी बढ़कर 200 करोड़ डॉलर हो गया।

# विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन





देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वहीं विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है। लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, वरन् भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी।


भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आशय स्पष्ट है भाजपा के तीन प्रमुख संकल्प थे। इनमें से पहले कालखंड में अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समाहित माना जाए।

इसी के साथ यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि विरोधी लोग अपनी हार को सम्मुख देखते हुए भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि वह केवल मंदिरों और देवलोकों की बात करके देश को भरमा रही है। जबकि सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी तथा उसके द्वारा शासित विभिन्न प्रदेशों की सरकारें व केंद्र की मोदी सरकार ₹विकास और विरासत₹ को साथ लेकर नए भारत का ताना-बाना बुन चुकी हैं। उदाहरण के लिए जहां अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, दक्षिण भारत की पवित्र सैंगोल, मध्य भारत के महाकाल लोक, पश्चिमी भारत की द्वारकापुरी और पूर्वी भारत में मां काली के विराट प्रादुर्भाव की बातें की जाती हैं तो उन्हें साकार भी किया जाता है। इसी हमारे देश की सनातन विरासत को सहेजने का क्रम माना जाना चाहिए।

औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक स्तर के बड़े-बड़े निर्माण मेकिंग इंडिया के तहत हमारे देश में ही हो रहे हैं। वंदेभारत के रूप में अत्याधुनिक ट्रेनों की व्यापक शृंखलाएं पूरे देश के यातायात को सुगम कर रही हैं। राष्ट्रीय नेशनल मार्गों की फोरलेन सिक्स लेन और अब आठ लेनों वाली शृंखलाएं तथा आश्चर्यचकित कर देने वाले फ्लाईओवर ब्रिज विकसित देशों को पीछे छोड़ चुके हैं। चीन और पाकिस्तान से सटे हुए सीमांत प्रदेशों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर दुश्मनों को चुनौती दे रहा है। लाखों इलेक्ट्रॉनिक वाहन सरप्लस बिजली से रिचार्ज होकर विदेशी ईंधन से मुक्ति पा रहे हैं। यही नहीं, अब बिजली बिल जीरो करने की कवायद का भी ऐलान हुआ है। जिसके तहत पीएम सूर्य योजना में एक करोड़ रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। 24 जून के बाद इस मामले में गति और तेज होने जा रही है, जिससे हम खुद बिजली उत्पादक बनेंगे। अपने उपयोग की बिजली इस्तेमाल करने के बाद जो बचेगी उसे सरकार को बेच भी पाएंगे। यानी आम के आम गुठलियों के दाम। कोरोना के बाद जहां अनेक देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई। वहां लोग रोटी के लिए भी मोहताज हो गए। तब भारत की भाजपा शासित मोदी सरकार ने न केवल वैक्सीनेशन का कीर्तिमान बनाया बल्कि वह दूसरे देशों को भी उपलब्ध कराई। इसके बावजूद भी अपनी अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण बनाए रखा। जबकि भाजपा शासित मोदी सरकार ने चार करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराए। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की और तन ढकने के लिए कपड़े को भी मूल्य की दृष्टि से नियंत्रण में बनाए रखा।

सोने पर सुहागा यह कि नए संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास अतिरिक्त बनाने का संकल्प जाहिर कर दिया है। आयुष्मान भारत के तहत गरीबों का 5 लाख तक का इलाज तो पहले से ही मुफ्त था। अब नए संकल्प पत्र के अनुसार 70 साल और इससे ज्यादा के उम्र वाले प्रत्येक वर्ग के बुजुर्गों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर वर्ग को भी इस पात्रता में शामिल किया जा रहा है। रसोई गैस के दामों को विरोधियों द्वारा बढ़ चढ़कर दुष्प्रचारित किया जाता है। जबकि कड़वी सच्चाई यह है कि कोरोना के दौरान और उसके बाद पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती थी। जिससे अनेक बड़े-बड़े देश उबर ही ना पाए। लेकिन भारत ने रसोई गैस जैसी बेहद आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में बाधा नहीं आने दी।

फलस्वरूप कुछ समय के लिए सब्सिडी का भार आम जनता पर आन पड़ा, जो स्वाभाविक भी था। लेकिन अब सरकार की ओर से सब्सिडी दिए जाने के रास्ते सुनिश्चित किए गए हैं। वहीं स्थाई रूप से सस्ती रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक शहर और कस्बों में पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का संकल्प रखा जा चुका है। आम आदमी की आर्थिक क्षमताएं और मजबूत हों, इसके लिए रेहड़ी पटरी वालों को बिना गारंटी लोन मिलेगा। स्वनिधि योजना का विस्तार कर उसे छोटे कस्बों गांवों तक पहुंचाया जाएगा।



-डॉ राघवेन्द्र

> आयुष्मान भारत के तहत गरीबों का 5 लाख तक का इलाज तो पहले से ही मुफ्त था। अब नए संकल्प पत्र के अनुसार 70 साल और इससे ज्यादा के उम्र वाले प्रत्येक वर्ग के बुजुर्गों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर वर्ग को भी इस पात्रता में शामिल किया जा रहा है। रसोई गैस के दामों को विरोधियों द्वारा बढ़ चढ़कर दुष्प्रचारित किया जाता है।

## खास बात

### ओलंपिक स्थल में बदलाव

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम ह्यस्टेड डि फ्रांसह्ल में कराया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है।

उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर (3.7 मील) दूर तक परेड करायी जानी है और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे। लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा।

फ्रांस की मीडिया बीएफएम-टीवी और आरएमसी से बात करते हुए मैक्रों ने कहा, ह्यअगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास बी और सी योजना भी है। सुरक्षा जोखिम को कम करने के लिए मैक्रों ने कहा कि आयोजक सीन नदी पर परेड के कार्यक्रम को छोटा करने का फैसला कर सकते हैं और यहां तक कि समारोह को राष्ट्रीय स्टेडियम ह्यस्टेड डि फ्रांस में कराया जा सकता है।

एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। ह्यवल्केनाइज्ड रबर ट्रैकह्ल (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम ह्यस्टेड डी फ्रांसह्ल में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए वल्केनाइज्ड रबर के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे।

# डिप्रेशन को समझें

## विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**क्या** आप पिछले कुछ समय से ऐसे किन्हीं कारणों से डिप्रेशन में हैं, जिनका आप को कुछ पता ही नहीं है? क्या आप का कोई प्रियजन डिप्रेशन में है और आप उसकी कोई मदद नहीं कर पा रहे?

मैं ये जो कुछ कह रहा हूं वह इसलिये नहीं है कि मुझे आप के बारे में कोई चिंता नहीं है या मैं संवेदनहीन हूं लेकिन इसलिये कि आपको जो हो रहा है, उसका स्वभाव, उसकी प्रकृति यही है। अगर आप खुद को डिप्रेशन की स्थिति में ला रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप पर्याप्त मात्रा में तीव्र भावनायें और विचार अपने मन में पैदाकर रहे हैं, लेकिन गलत दिशा में। अगर किसी विशेष बात के लिये आप की भावनायें बहुत प्रबल नहीं हैं या आप के विचार अत्यन्त तीव्र नहीं हैं तो आप का मन निराशनहीं हो सकता, आप डिप्रेशन में नहीं हो सकते। बात बस ये है कि आपऐसे विचार और भावनायें पैदा कर रहे हैं जो आप के खिलाफ काम कर रही है, आप के लिये नहीं। तो अपने आपको डिप्रेशन की स्थिति में लाने के लिए आप पर्याप्त रूप से समर्थ हैं। ज्यादातर डिप्रेशन खुद अपने ही बनाये हुए होते हैं। बहुत कम ही लोग वास्तव मेंकिसीरोग के कारण डिप्रेशन में होते हैं। वे कुछ नहीं कर सकते, उनका डिप्रेशन अंदर से, किसी आनुवांशिक कमजोरी या ऐसे ही किसी अन्य कारण से होता है। बाकी लगभग सभी लोगों को पागल किया जा सकता है क्योंकि स्थिर मानसिकता और पागलपन की सीमारेखा में अंतर बहुत ही पतला, महीन होती है।

जन जन तक पहुंच रहा हमारा संवाद

मातृ शक्ति का मिल रहा प्यार और आशीर्वाद...

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में महिला कल्याण के लिए किए गए कार्यों के बारे में दुमका की जनता को अवगत कराया।

**–सीता सोरेन, भाजपा**

## रोचक ट्वीट

पदमपुर (कांड्रा) स्थित फुटबॉल मैदान में झामुमो के बूथ स्तरीय संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इन कार्यक्रमों में नारी शक्ति की जो सक्रियता एवं सहभागिता दिख रही है, वह इस देश की राजनीति में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**–चंपई सोरेन, सीएम**





जिन लोगों ने यूपीएससी एक्जाम में सफलता प्राप्त नहीं की है उनसे मैं कहना चाहता हूं कि उनके पास सफलता के लिये संभावना समाप्त नहीं हुए है। देश में आपकी योग्यता के लिये पर्याप्त संभावना मौजूद है।

**–नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




# मानव और पशु दोनों के अस्तित्व पर जल संकट का असर

**प्रशांत झा**

**किसी** को कोई परवाह नहीं, सरकारें आ रही हैं और चली जा रही हैं। कागजों में योजनाएं बनती हैं और विश्व जल दिवस जैसे विशेष दिनों पर पानी सहेजने को लंबे-चौड़े भाषण होते हैं और अगले ही सबकुछ भुला दिया जाता है। इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और गंभीरता से पानी को बचाने के लिए मंथन करना होगा, तभी समस्या का निदान होगा। वरना, वह कहावत कभी भी चरितार्थ हो सकती है जो बेपानी पर कही गई है। कहावत है "रहिमन पानी राखिए, पानी बिन सब सून, पानी गये ना उबरे, मोती मानस सून"। पानी बचाने और उसे सहजने को जो कुछ साधन हुआ भी करते थे, वह सब चौपट हो गए हैं। बात ज्यादा पुरानी नहीं है। कोई एकाध दशक पहले तक छोटे-छोटे गांवों में नदी-नाले, नहर, पौखर और तालाब अनायास ही दिखाई पड़ते थे, वह अब नदारद हैं।

गांव वाले उन जगहों को पाटकर खेती किसानी करने लगे हैं। एक जमाना था जब बारिश हो जाने पर गांववासी उन स्थानों का जलमग्न का दृश्य देखा करते थे। गांव के गांव एकत्र हो जाया करते थे। पर, अब ऐसे दृश्य दूर-दूर तक नहीं दिखते। जल संरक्षण के सभी देशी जुगाड़ कहे जाने वाले ताल-तलैया, कुएं, पौखर सबके सब गायब हैं। कुछेक बचे हैं तो वह पानी के लिए तरसते हैं, सूखे पड़े हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि बीते दस सालों में देशभर में करीब दस पंद्रह हजार नदियां गायब हो गई हैं। करीब इतने ही छोटे-बड़े नालों का पानी सूख गया है, जो अब सिर्फ बारिश के दिनों में ही गुलजार होते हैं।

## समस्या

नदी-तालाबों के सूखने से बेजुबान जानवरों और पक्षियों को भारी नुकसान हुआ है। कहा जाता है ग्रामीण क्षेत्रों में अब दुर्लभ पक्षी दिखाई नहीं पड़ते, लेकिन उनके न रहने के मूल कारणों की नब्ज कोई नहीं पकड़ता। ऐसे पक्षी बिना पानी के चलते बेमौत मरे हैं। कालांतर से लेकर प्राचीन काल तक दिखाई देने वाले पक्षी बिना पानी के ही मौत के मुंह में समाए हैं। ऐसी प्रजातियों के खत्म होने का दूसरा कोई कारण नहीं है, पानी का खत्म होना है। ध्यान भटकाने के लिए भले ही कोई कुछ भी दलीलें दे। पक्षियों की भांति अब इंसान भी साफ पानी नहीं मिलने से मरने लगे हैं। विश्व में कई सारे देश ऐसे हैं, जहां पीने का स्वच्छ जल न होने के कारण लोग जीवन त्याग रहे हैं। स्वच्छ जल संरक्षण और इस समस्या का समाधान खोजने के लिए ही विश्व जल दिवस पर हम सबको प्रण लेना होगा।

ये तय है कि पानी संरक्षण का काम सिर्फ सरकारों पर छोड़ देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सामाजिक स्तर पर भी चेतना हम सबको मिलकर जगानी होगी। इस मुहिम में सरकार से ज्यादा आमजन अपनी भूमिका निभा सकेंगे। जल भंडारण की स्थिति पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय जल आयोग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि मानसून के मौसम में भी देश के तकरीबन जलाशय सूख गए। इससे साफ है कि वर्षाजल को एकत्र करने की बातें भी कागजी हैं। वर्षा का पानी भी अगर हम बचा लें तो संभावित खतरों से बचे रहेंगे। लेकिन बात वहीं आकर रूक जाती है कि बिल्ली के गले में घंटी बांधे कौन? याद आता है, वर्षा जल संरक्षण के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने अभियान भी चलाया था, जो बाद में बेअसर साबित हुआ। यूं कहें कि जल संचयन और जलाशयों को भरने के तरीकों को आजमाने की परवाह उस दौरान ईमादारी से किसी से नहीं की। समूचे भारत में 76 विशालकाय और प्रमुख जलाशय हैं जिनकी बदहाली चिंतित करती है। इन जल भंडारण की स्थिति पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट रोंगटे खड़ी करती है। (ब्रदर्स एकेडमी रांची)

## लेटर टू एडिटर

### विवेकशील बनें

**आगामी** लोकसभा चुनावों पर सबकी नजर है। राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी चुनावी घोषणाओं से जनमानस को लुभाने की कोशिशों में लगी हैं। भोली जनता सोचती है कि इस बार दिन बहुरेंगे। समस्याओं से निजात मिलेगी। पेयजल, प्रदूषण, आवागमन के साधन, शिक्षा और स्वास्थ्य, बेरोजगारी, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का समाधान होगा।

**–शीतल नवीन, हजारीबाग**

### धनबल का विकल्प

**चुनाव** आयोग के अनुसार उम्मीदवार विधानसभा तथा लोकसभा के चुनाव के लिए क्रमशः 40 लाख तथा 75 लाख रुपए खर्च कर सकता है। इसके अलावा पार्टी भी चुनावों पर खर्च करती है। इस तरह लोकतंत्र पर धनतंत्र हावी है। आज की तारीख में कोई सामान्य व्यक्ति चाहे किसी भी दल का हो उसका कोई महत्व नहीं है। यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है।

**– राजेश, रांची**

# अब बाबा साहेब के विचार पर बहस की जरूरत

## विचार

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**मध्य** प्रदेश के महू में 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे भीमराव आम्बेडकर रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की चौदहवीं संतान थे। वह हिंदू महार जाति से संबंध रखते थे, जो अछूत कहे जाते थे। इसके कारण उनके साथ भेदभाव किया जाता था। उनके पिता भारतीय सेना में सेवारत थे। पहले भीमराव का उपनाम सकपाल था, लेकिन उनके पिता ने अपने मूल गांव अंबाडवे के नाम पर उनका उपनाम अंबावडेकर लिखवाया, जो आगे चलकर आम्बेडकर हो गया। पिता की सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका परिवार महाराष्ट्र के सतारा में चला गया। उनकी मां की मृत्यु के पश्चात उनके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया और बंबई में जाकर बस गए। यहीं उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। वर्ष 1906 में मात्र 15 वर्ष की आयु में उनका विवाह नौ वर्षीय रमाबाई से कर दिया गया। वर्ष 1908 में उन्होंने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने बॉम्बे के एल्फिनस्टोन कॉलेज में दाखिला लिया। उन्हें गायकवाड़ के राजा सहयाजी से 25 रुपये मासिक की छात्रवृत्ति मिलने लगी थी। वर्ष 1912 में उन्होंने राजनीति विज्ञान व अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि ली। इसके पश्चात उच्च शिक्षा के लिए वह अमेरिका चले गए। वर्ष 1916 में उन्हें उनके एक शोध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात वह लंदन चले गए, किन्तु उन्हें बीच में ही लौटना पड़ा। वह मुंबई के सिडनेम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनोमिक्स में राजनीतिक अर्थव्यवस्था के प्राध्यापक भी रहे। इसके पश्चात एक बार फिर वह इंग्लैंड चले गए। वर्ष 1923 में उन्होंने अपना शोध रुपये की समस्याएं पूरा कर लिया। उन्हें लंदन विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टर ऑफ साईंस की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें ब्रिटिश बार में बैरिस्टर के रूप में प्रवेश मिल गया। स्वदेश वापस लौटते हुए भीमराव आम्बेडकर तीन महीने जर्मनी में रुके और बॉन विश्वविद्यालय में उन्होंने अपना अर्थशास्त्र का अध्ययन जारी रखा। उन्हें 8 जून, 1927 कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रदान की गई।

उन्होंने वर्ष 1936 में स्वतंत्र मजदूर पार्टी की स्थापना की। अगले वर्ष 1937 के केन्द्रीय विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 15 सीटों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने इस दल को ऑल इंडिया शिड्यूल कास्ट पार्टी में परिवर्तित कर दिया। वह वर्ष 1946 में संविधान सभा के चुनाव में खड़े हुए, किन्तु उन्हें असफलता मिली। वह रक्षा सलाहकार समिति और वाइसराय की कार्यकारी परिषद के लिए श्रम मंत्री के रूप में सेवारत रहे। वह देश के पहले कानून मंत्री बने। उन्हें संविधान गठन समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

वर्ष 1950 में वह एक बौद्धिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीलंका गए, जहां वह बौद्ध धर्म से अत्यधिक प्रभावित हुए। स्वदेश वापसी पर उन्होंने बौद्ध व उनके धर्म के बारे में पुस्तक लिखी। उन्होंने बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया।

उन्होंने वर्ष 1955 में भारतीय बौध्या महासभा की स्थापना की। उन्होंने 14 अक्टूबर, 1956 को एक आम सभा का आयोजन किया, जिसमें उनके पांच लाख समर्थकों ने बौद्ध धर्म अपनाया। इसके कुछ समय पश्चात 6 दिसम्बर, 1956 को दिल्ली में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बौद्ध धर्म की रीति के अनुसार किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## माता वैष्णों देवी मंदिर में भंडारा



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में बासंती नवरात्रा बीते 9 अप्रैल को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो बुधवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## समाजसेवी संघ ने खोला पनशाला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भीषण गर्मी को देखते हुए गरीब समाजसेवी संघ के सौजन्य से बुधवार को भुरकुडा एयर टेल टावर ट्रेकर स्टैंड के समीप पनशाला का शुभारंभ कराया गया। पनशाला का उद्घाटन राज नर्सिंग होम व उत्सव मैरेज हॉल के प्रोपराइटर डॉ राजेन्द्र महतो और अशोक चौहान आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर डॉ. राजेंद्र महतो ने कहा कि इस पनशाला के खुल जाने से ट्रेकर स्टैंड के लोगों सहित राहगीरों व आमजनो को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए यह पनशाला लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। श्री महतो ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पूण्य का कार्य है। अशोक चौहान ने बताया कि इस पनशाला में लोगों को घड़ा का शुद्ध व ठंडा पेयजल मिलेगा। मौके पर डॉ. राजेन्द्र महतो, अशोक चौहान, जगतार सिंह, संतन सिंह, विजय वर्णाल, दिनकर सिंह, बिनोद साव, राजेन्द्र मुंडा, सुभाष करमाली, अमन चौहान, लक्ष्मी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शीतला मंदिर में हुए कई अनुष्ठान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी के अवसर पर भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर में बुधवार को नवमी पूजन, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश स्थापना का समापन हुआ। इसके पूर्व मंदिर प्रांगण में सनातन हिंदू समिति के द्वारा महावीर धवज स्थापित की गई। इस दौरान पुरोहित राम कुमार पाठक के द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।पुरोहित श्री पाठक द्वारा आराध्य देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। तत्पश्चात भोग, आरती, हवन और नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने माता शीलता मंदिर में मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना में शंकर सिंह, उत्तम सिन्हा, भोला सिंह, राजन नायक, पिंटू लाल, जितेंद्र पांडेय, अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजन सिंह, मोनू कुमार, प्रशांत मुखर्जी, आदित्य राज, अमित सिंह, सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल थे।

## चुरचू में धूमधाम से रामनवमी संपन्न

चरही। चुरचू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र और गांवो में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र में मनाई जाने वाली बसंती दुर्गा पूजा बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने 24 घंटे उपवास कर महाअष्टमी व्रत को किया। उसके बाद महानवमी के दिन विधि-विधान के साथ भगवती दुर्गा की पूजा-अर्चना की गयी।महाआरती के बाद लोगों के बीच पंचामृत और प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं रामनवमी की पूजा घर-घर और मंदिरों में कर महावीरी झंडों को स्थापित किया गया।साथ ही दर्जनों स्थानों पर महावीरी पताकों को लगाया गया था।दोनों पूजा में क्षेत्र के कई श्रद्धालुगण शामिल हुए।पूजा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ जिला व पुलिस प्रशासन ने पूजा स्थलों का जायजा लिया।तथा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने की अपील किया।विजयादशमी के दिन कई क्षेत्रों में झांकी और शोभायात्रा निकाली जाएगी।बहुत जगहों पर महानवमी के दिन ही संपन किया गया।

## टाटा सुमो से 60 बोतल शराब जब्त

**दारू।** मंगलवार रात दारू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक चार पहिए वाहन से 60 बोतल अवैध शराब जब्त किया। थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि मुझे गुप्त सूचना मिली थी कि दारू बासोबार फुटबॉल खेल मैदान में एक टाटा सुमो गोल्ड जिसका नंबर जेएच 02एएस 6054 खड़ी है जिसमें काफी मात्रा में अवैध शराब रखा हुआ हैं। तत्पश्चात पुलिस बल के साथ मै घटनास्थल पर पहुंचा तबतक गाड़ी में सवार लोग भाग चुके थे,उसके बाद गाड़ी को अपने कब्जे में लिया। गाडी से 60 बोतल अवैध शराब बरामद किया गया है। इस मामला को लेकर अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी 23 /24 दर्ज कर ली गई हैं आगे छानबीन जारी है।

# रामनवमी में भगवा झंडा से पटा रामगढ़

### जय श्री राम के नारों से गूंजा शहर






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** राम के रंग में रामगढ़ रंगा। हर गली और मोहल्ले भगवा झंडा से पटा। कई स्थानों पर स्थाई झांकी स्थापित की गई है, तो कई अखाड़ों ने अष्टमी की रात शस्त्र पूजा के बाद जुलूस निकाला। जय श्री राम के नारे से रामगढ़ की पूरी धरती गूंज उठी। राम के शहर में लगभग 10 अखाड़े ने पारंपरिक शास्त्रों के साथ जुलूस निकाला और जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान शहर में स्थाई झांकियां का उद्घाटन भी हुआ। बाजारटांड़ में रामगढ़ युवा संघ, लोहार टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर झंडा चौक, संकट मोचन हनुमान मंदिर थाना चौक, श्री राम मंदिर नई सराय चौक, वीर शिवाजी युवा संघ लोहार टोला ने स्थाई झांकी की प्रस्तुति की। चलंत झांकी सुभाष बाल मंडली दुसाध मोहल्ला, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति किला मंदिर, शिवनंदन अखाड़ा शाहिद के अन्य समितियों ने बेहद आकर्षक प्रस्तुति की।

रामगढ़ युवा संघ, पंचमुखी हनुमान मंदिर पूजा समिति, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति, पुरनी मंडप पूजा समिति ने आकर्षक झांकी निकाला। पूजा समिति और अखाड़ों ने जुलूस निकाला।

सुरक्षा का व्यापक प्रबंध : जुलूस के शांतिपूर्ण को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किया था। जिले में 86 स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार सहित जिले के आलाधिकारी रामनवमी के शांतिपूर्ण समापन के लिए जुटे थे।

शिव तांडव देख भावुक हुए लोग : शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा स्थाई झांकी में कई अलग-अलग विषयों पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए गए। माता सती की अग्नि कुंड में प्रवेश का दृश्य देख लोग भावुक हो गए। ऐसा लगा माता सती का जीवंत स्वरूप अग्नि में आहुति दे रहा है। माता सती के त्याग करने के बाद भगवान शंकर ने जो तांडव किया था वह दृश्य भी अद्भुत था। जितनी बार यह दृश्य आया वहां मौजूद लोगों ने कलाकारों की भूरि भूरि प्रशंसा की। शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, दुसाध मोहल्ला के अलावा सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी रही। वरीय पदाधिकारी सुरक्षा का मुआयना करते दिखे।

एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, थाना प्रभारी अजय कुमार साहू पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। जिन स्थानों पर भी झांकी लंबे वक्त तक रुकी, वहां पर तत्काल रास्ते को खाली करने का प्रयास किया ।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को हजारीबाग जिला प्रशासन करेगा सम्मानित

- **रामनवमी को ले डीसी- एसपी ने पूर्व महासमिति के अध्यक्षों और सदस्यों के साथ की बैठक**
- **प्रशासन के दिशा-निर्देश के अनुसार पूजा संपन्न कराने पर हुयी चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रामनवमी को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय परिसर में उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में महासमिति के अध्यक्ष, विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों तथा पूर्व महासमिति के अध्यक्षों के साथ आपसी तालमेल एवं सहयोग हेतु कई महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अब तक के तैयारियों तथा विभिन्न महासमितियों के कर्तव्यों व दायित्वों के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के तरफ से रामनवमी के बाबत विस्तृत दिशा-निर्देश उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रशासन हर संभव बेहतर रामनवमी सम्पन्न कराने को लेकर तैयार है ,इसलिए सभी सदस्यों को दिए गए दायित्वों व दिशानिदेर्शों के अनुरूप मैत्रीपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया।

### चयन प्रक्रिया के मापदंड

- झांकी का थीम व साज सज्जा
- जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो का अनुपालन
- अनुशासित तरीके से जुलूस

उपायुक्त ने भी इस बार महासमितियों के द्वारा नशा मुक्त रामनवमी को लेकर किये गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर माहौल में रामनवमी मनाएं। प्रशासन हरसंभव आपके साथ है लेकिन माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों पर सख़्ती से निपटने की भी तैयारी कर ली गई है। हर घटनाक्रम व जुलूस को सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही विधि व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिसबल सादे लिबास में तैनात रहेंगे।

उन्होंने उपस्थित सभी अखाड़ा समितियों ,महासमिति तथा पूर्व के अध्यक्षों को प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को लाठी व पगड़ी देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी सदस्यों से प्रशासन की तरफ से सभी अखाड़ों को अनुशासित रखने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने कहा कि इस बार भी जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता का पालन, बेहतर माहौल,अनुशासन तथा जिला प्रशासन द्वारा जारीनिदेर्शों के अनुसार पर्व सम्पन्न कराने वाले समितियों को सम्मानित करेगा ।



अध्यक्षों और सदस्यों को सम्मानित करते डीसी और एसपी।

## झामुमो के केंद्रीय महासचिव से मिला पीजीटी अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल

- **पूरी प्रक्रिया में सरकार का स्टैंड है क्लीयर: विनोद पांडेय**
- **जल्द ही निपटाया जायेगा मामला: सुप्रियो भट्टाचार्य**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। जेएसएससी के द्वारा 2023 के मार्च माह में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) के लिए 11 विषयों का विज्ञापन जारी किया गया तथा इसका परिक्षा अगस्त - सितंबर 2023 में आयोजित किया गया। जिसमे से 4 विषयों के अभ्यार्थियों को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा 7 मार्च को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी बांटा गया। जबकि बचे हुए 7 विषयों (हिंदी , गणित, इकोनॉमिक्स, इंग्लिश , संस्कृत , इतिहास , कॉमर्स) का दस्तावेज सत्यापन 13 मार्च से 16 मार्च 2024 में करवाया गया।

ज्ञात हो कि 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने पूरे देश में आचार संहिता जारी कर दी तथा इसके लिए दिशा-निर्देश जनवरी माह में ही जारी कर दिया था, जिसमे बिंदु संख्या 22 में साफ साफ लिखा गया है कि चुनाव के दौरान पूर्व से चलने वाली नियुक्ति पहले की ही तरह चलती रहेगी । जेएसएससी ने आचार संहिता का हवाला देते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को बढ़ाने के बजाय रोक दी है। वही दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर के साथ देश के अन्य राज्यों में बहाली प्रक्रिया पूर्ववत के समान जारी है। इन बातो को लेकर पीजीटी अभ्यर्थियों ने जेसीएम के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह तथा अख्तर हासमी के अगुवाई में छात्र झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य से मुलाकात की। विनोद पाण्डेय तथा सुप्रियो भट्टाचार्य ने इस मसले पर गौर करते हुए पीजीटी अभ्यार्थियों को आश्वासन दिया कि हमलोग आपलोग के नियुक्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए जो भी प्रक्रियाएं होंगी उन प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ये यह भी आश्वासन दिया कि आपलोग का मेधा सूची जल्द ही जारी किया जाएगा। इस मामले पर छात्र नेता चंदन सिंह ने कहा कि इस आचार संहिता के दौरान एनडीए, इएमआरएस, बीपीएससी, उड़ीसा आदि ने अपने फाइनल रिजल्ट भी जारी किए। इतना ही नहीं बल्कि हमारे राज्य में भी उच्च न्यायलय के द्वारा अपने सहायक कर्मी और जेपीएससी के द्वारा बैकलॉग का परिणाम जारी किया गया। इन संदर्भों को ध्यान में रखते हुए पीजीटी अभ्यार्थियों ने जेएसएससी से अपने अंतिम परिणाम सूची जारी करने के संबंध में पूछा तो जेएसएससी ने चुनाव का बहाना बना रहा है। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे सलमान, गोपाल, प्रीति, रागिनी,देवेंद्र, सूरज,उमा शंकर,आस्तिक,धीरेंद्र और सागर तिग्गा।



दक्षिणेश्वर काली मंदिर में डांडिया करतीं महिलाएं।

## दक्षिणेश्वर काली मंदिर में डांडिया आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रामगढ़। रामनवमी एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर रांची रोड स्थित दक्षिणेश्वर काली मंदिर परिसर में डांडिया हुआ। महिला ने भक्ति गीत के साथ डांडिया में भाग लिया। डांडिया के उपरांत मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इसके उपरांत आरती की गई। दक्षिणेश्वर काली मंदिर समिति की संध्या शर्मा ने बताया कि रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर मंदिर में पूजन व डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें उत्साह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताया कि मंदिर में पूर्णिमा के दिन खीर के महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर संध्या शर्मा , प्रभादेवी, काजल, गुनगुन ,मंजू ,ममता झा, शालिनी तिवारी, गीता देवी आदि उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग की अनोखी पहल

- **लड्डू महाभोग का वितरण कर मनाया रामनवमी**
- **यूथ विंग समाजहित में अग्रणी भूमिका निभा रहा है : मनीष**
- **समाज के लिए बेहतर सेवा करना है : चंद्र प्रकाश जैन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सेवा के क्षेत्र में महत्ती भूमिका निभाने वाली संस्था हजारीबाग यूथ विंग ने हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को लेकर पिछले दो वर्षों की भांति वर्तमान वर्ष भी एक अनोखा पहल किया और लगातार तृतीय वर्ष लड्डू महाभोग का वितरण कर रामनवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया। 251 किलो लड्डू का वितरण किया गया।जिसमे एक मात्र सवा पांच किलो का लड्डू बनाया गया था। अलौकिक राम दरबार बनाया गया जिसकी पूजा अर्चना पुजारी रोशन पांडे के द्वारा कराया गया वहीं यजमान स्वरूप संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं उनकी धर्मपत्नी लता जैन ने पूजा अर्चना किया। मौके पर विशेषरूप से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल, सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए और लड्डू भोग का वितरण आमजनों के बीच कर सबों को रामनवमी महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दिया। इस दौरान हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगंतुक अतिथियों का जय श्री राम लिखा चुनरी ओढ़ाकर स्वागत और सम्मान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग समाजहित में सदैव अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्था ने वर्तमान रामनवमी उत्सव को लड्डू महाभोग वितरण के माध्यम से स्मरणीय बना दिया, साथ ही कहा की आपके द्वारा लगातार यह कार्यक्रम तीसरी बार किया जा रहा है और मैं लगातार इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं,आपके द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया जा रहा है। संरक्षक चन्द्रप्रकाश जैन ने कहा कि हमारी कोशिश हर धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज के लिए बेहतर सेवा कार्य करना है और भविष्य में भी यह सेवा कर जारी रहेगा । कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार,सह सचिव डॉ बी वेंकटेश उपाध्यक्ष विकास केसरी,जय प्रकाश खण्डेलवाल,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे,कार्यक्रम प्रभारी गुंजन मद्धेशिया कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, शनि देव,शानू सिंह, प्रवेक जैन,प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन,प्रिंस कसेरा अजीत चंद्रवंशी,सत्य नारायण सिंह,उदित तिवारी,मो ताजुद्दीन सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



# पोस्टमास्टर नीरज बक्सी की मौत, शोक की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** उप डाकघर बरसोत के पोस्टमास्टर नीरज बक्सी का मंगलवार को असामयिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और लिवर में इन्फेक्शन के कारण हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी समेत तीन बच्चो को छोड़ गए है। उनका पार्थिव शरीर अब तक घर नहीं पहुंचा है।

उनके निधन से बरही डाक घर, बरसोत पंचायत सहित समस्त उनके प्रशंसकों में शोक का माहौल है। उनके निधन के बाद उप डाकघर के शाखा प्रबंधक दीपू चौरसिया ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। इधर नीरज बख्सी के निधन की खबर सुनकर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, मनोज नाथ कर्णदेव सहित अन्य सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



# गांव से लेकर शहर तक एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम ...







**खबर मन्त्र संवाददता**

- रामनवमी पर निकाले गए भव्य झांकी
- अखाड़ा समितियों के द्वारा किया गया शौर्य प्रदर्शन

**कोडरमा।** रामनवमी का त्योहार पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला मुख्यालय स्थित नगरखारा, जलवाबाद, लोचनपुर, महावीर मुहल्ला, गिरिडीह रोड, लखिबागी, फरेंदा, बरसोतियाबर, शिव मुहल्ला के अलावे ग्रामीण क्षेत्र चाराडीह, चेचाई, लोकाई, इंदरवा, बदडीहा समेत दर्जनों अखाड़ा समितियों के द्वारा महावीरी पताकों और भव्य झांकी के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में परंपरागत हथियारों, लाठी, तलवार, फरसा आदि लिए गेरुआ वस्त्र धारण किये युवकों की टोली एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम आदि के नारों के साथ चल रहे थे। वहीं डीजे पर बज रहे भक्तिमय गीतों से सम्पूर्ण क्षेत्र राममय हो गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कोडरमा बाजार स्थित गांधी चैक पहुंचा और महावीरी पताकों को एक दूसरे से मिलन करवाते हुए, राजगढ़ स्थित चैती दुर्गा मंडप पहुंचे। इधर कोडरमा बाजार में रामनवमी महासमिति बजरंग दल के द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शन प्रतियोगिता में दर्जनों गांवों के अखाड़ा समितियों के द्वारा बारी-बारी से अपने झांकी के साथ लाठी, भाला, तलवार आदि परम्परागत हथियारों से एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया। इस दौरान रह रह कर जय श्रीराम जय श्रीराम के जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र भगवामय हो गया। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष मनोज कुमार, संरक्षक प्रवीण चंद्रा, महासचिव अजय पाण्डेय, उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, सुर्य प्रताप यादव, अजीत बर्णवाल, राजेश कुमार सिंह, सचिव प्रवीण पाण्डेय, महेश भारती, दीपक कुमार नवीण, कोषाध्यक्ष विनय सिंह, प्रभाकर सिंह, मंटू विश्वकर्मा, सुजीत सिंह, गोपाल यादव, राजा सिंह, दिनकर कृष्णा, सिकन्दर दास समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### संदेश दे गया अद्भुत झांकी

रामनवमी के मौके पर विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति प्रस्तुत झांकी एक से बढ़कर एक देखने को मिला। प्रत्येक झांकी अलग अलग प्रकार के सन्देश दे रहा था।

### संगठनों ने शरबत की व्यवस्था की

जुलूस में शामिल लोगों के लिए पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा जगह जगह पर किया गया था। लक्खीबागी, पंजाब होटल, कोडरमा बाजार, दुधीमाटी आदि जगहो पर पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था किया गया था।

### चाक चैबंद रहा विधि व्यवस्था

रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने को लेकर जिले में सभी प्रखंडों में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसे लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, प्रशासक नगर पंचायत हर्षवर्धन एवं नगर परिषद् झुमरीतिलैया अंतर्गत विभिन्न स्थानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने को लेकर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

**स्पीड न्यूज**

## उपायुक्त ने जिलेवासियों को दी रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं

- आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनायें: उपायुक्त



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी एवं जिलेवासियों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने का आग्रह किया। जिला प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल के तैनाती एवं दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी द्वारा त्यौहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर नजर रखा जा रहा है और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा आसामाजिक तत्वों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष 247 कार्यरत हैं। किसी भी आकस्मिकता अथवा जानकारी के लिए जिला कंट्रोल कक्ष के संपर्क नं 06534252685 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सौहार्द के साथ मनाया गया रामनवमी



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनवमी का त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन पर्व को लेकर लोग सुबह से ही पूजा की तैयारी में दिखाई दिए। वहीं दूसरी ओर नगरखारा श्री राम नवमी पूजा कमिटी के तत्वाधान में श्री रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। जो नगरखारा, मडुआबाड़ी, हेटटोला से चलकर जलवाबाद के विभिन्न मुहल्ले का भ्रमण कर जुलूस कोडरमा बाजार पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। इससे पहले पूजा कमेटी के अध्यक्ष संजय पासवान एवं सभी सदस्यों के द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। इस दौरान मुस्लिम भाइयों ने जहां हरे गमछे से हिंदू भाइयों का स्वागत किया, तो हिंदू भाइयों ने भगवा गमछा पहनाया और जुलूस में दोनों समुदाय के लोग साथ साथ चलते दिखाई दिए। मौके पर उमेश राम, साजिद हुसैन, मनोज कुमार, बालेश्वर राम, गजेंद्र राम, संतोष चंद्रवांसी, हाजी वसीम, मुन्ना राम, राजू खान, सुरेंद्र सिंह, हाजी आफताब, हाजी परवेज, शंकर सिंह, नेहाल उद्दीन, बिनोद कुमार, मनीष, प्रदीप कुमार, राजू साव, उमेश राम, संजीव गुप्ता, जाहिद हुसैन, मो अली, राजू खान, मनान खान, गुड्डू गुप्ता, राहुल राणा, सूरज गुप्ता, मुन्ना राम, बिनोद विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, रंजीत राणा, अनिल राम, संदीप साव व सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## डोमचांच में रामनवमी पूजा धूम-धाम से संपन्न, निकाली गई आकर्षक झांकियां

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर क्षेत्र व प्रखंड क्षेत्र के ढाब, बेहराडीह, नावाडीह, तेतरियाडीह, सपही, ढोढ़ाकोला, जानपुर, बगड़ो, बगरीडीह आदि में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ के मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा झांकी निकाली गई और लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन भी चैकस नजर आई। इस दौरान प्रशासन के द्वारा शहीद चैक, श्री राम चैक, नावाडीह, सहित सभी चैक चैराहों पर सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था किया गया था। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रेम कुमार आदि पुलिसकर्मियों के साथ गश्ती करते दिखे।

## रामनवमी को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**सतगावां (कोडरमा)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन मौके पर विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी व उप प्रमुख मनोज कुमार निराला मुख्य रूप से उपस्थित थे। शोभायात्रा में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में युवा वर्ग शामिल हुए। शोभायात्रा प्रखंड के साप्ताहिक हॉट मैदान से निकलकर मुख्य मार्ग बासोडीह बाजार का भ्रमण करते हुए रामडीह तक गयी, जहां से वापस होकर पुनः बासोडीह बाजार, बरियारडीह, पचमौह, कलीडीह आदि का भ्रमण कर हलकुशा स्थित दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा स्थल पहुंचकर जुलूस का समापन हो गया। जुलूस के दौरान भक्तों के जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं राम जी की निकली सवारी.... आदि भक्ति गीतों के बीच भक्त झूमते नजर आये। वहीं शोभायात्रा को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखे। जुलूस निकलने के पूर्व उपस्थित सभी अतिथियों को भगवा पट्टा व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं सुरक्षा को लेकर बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक व थाना प्रभारी पूरे जुलूस के दौरान डटे रहे। मौके पर बब्लू सिंह, बंटी राउत, जयशंकर प्रसाद, पंसस रणधीर कुमार, रामावतार चैधरी, अनिल यादव, विनोद यादव, शंकर यादव, प्रदीप कुमार, बालमुकुंद सिंह, सुजीत यादव, सचिन कुमार, शशिकांत वर्मा, सुजीत चंद्रवंशी समेत सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे।

# रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, आपसी भाईचारगी से मनायें: उपायुक्त

- रामनवमी त्योहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त व एसपी ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसपी अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जयनगर, मरकच्चो, डोमचांच व कोडरमा प्रखंड एवं जिला के विभिन्न स्थानों का दौरा किया गया, इस दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सभी दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर मुस्तैद पाये गये। उपायुक्त स्वयं घूमकर रूट का मुआयना की और विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने, अखाड़ा समिति के सदस्यों को तय रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर सतत निगरानी रखें। जुलूस के दौरान ड्रोन के माध्यम से आसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अखाड़ा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान माइकिंग के माध्यम से अपने वॉलिंटियर को मार्गदर्शित करते रहें और सभी वॉलिंटियर आईडी कार्ड के साथ रहेंगे। जगह जगह पर सीसीटीवी के माध्यम से भी असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को अग्रसारित करने से पहले सत्यता की पूर्णतः जांच कर लें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी जिलावासियों से अपील किया गया कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें, सभी से सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता अधिरोपित है, ऐसे में त्यौहार मनाने के दौरान इसका ध्यान रखें। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारी को सजग और सतर्कता के साथ त्योहार संपन्न कराने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु एवं विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ एवं सीओ आदि मौजूद थे।

# नव वर्ष के अवसर पर दो संस्थाओं ने मिलकर किया भजन संध्या का आयोजन

- दुनिया भर के हिंदुस्तानियों में बड़ा उत्कर्ष है, यह अपना नववर्ष है पर झूमते रहे लोग
- प्रकृति बासंती परिधान में पेड़ों पर नए पत्ते सजा रही: रामप्रवेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** भारत विकास परिषद एवं रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय नव वर्ष भजन संध्या का आयोजन रोटरी क्लब सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत विकास परिषद एवं रोटरी क्लब के पदाधिकारी द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रजवलन कर एवं वंदे मातरम गीत से किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे ने कहा कि विक्रम पंचांग सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सार्वभौमिक, प्रकृति परख और वास्तविक है। प्रकृति बसंती परिधान में पेड़ों पर नए पत्ते सजा रही है, आम की मंजरियों से बगिया की शोभा बढ़ रही है। कोयल अपनी कूक से नव वर्ष का स्वागत कर रही है, भारतीय नववर्ष (हिंदू नव वर्ष) ही एक ऐसा अवसर है, जब प्रकृति में सुखद आहलादकारी परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं। वहीं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश राणा ने सनातन धर्म पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं महेश दारुका ने भी 'भारतीय नव वर्ष पर प्रकृति नये परिधान में' विषय पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं रोटरी क्लब के अध्यक्ष विकास सेठ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद नवीन सनातन मंडली के द्वारा भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ, इस दौरान नवीन पांडया ने यह हिंदू नव वर्ष है यह अपना नववर्ष है... गजानन गौरा के नंदन..... ध्वजा उठा के राम नाम की, बोलो जय श्री राम की, जैसे भजन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। वहीं आराध्या सिंह ने राम आए हैं......महिषासुर मर्दिनी.....जैसे भजन प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी और लोगों को भाव विभोर किया। मौके पर अजय अग्रवाल, सुधीर सिंह (उत्तर प्रदेश), कैलाश चैधरी, रमेश सिंह, अधिवक्ता आत्मानंद पांडे, अरविंद सिंह, विवेकानंद, धर्मेंद्र सिंह, सुरेश जैन, मधुसूदन दारूका, माला दारूका, जूही दासगुप्ता, कविता दारूका, अश्वनी तिवारी, सुरेश सेठी, कमल सेठी, ओम प्रकाश वर्मा, छोटेलाल पांडेय, शशि राज समेत लोग भाव विभोर होते रहे।

## महा रामनवमी जुलूस को लेकर तमाम सड़कें व गलियां दर्शकों से खचाखच भरी दिखी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड का विख्यात महा रामनवमी का महाजुलूस बुधवार शाम 4:30 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हालांकि विभिन्न क्लबों की झांकियों का जुटान शाम 3 बजे से ही दुर्गा मंडप परिसर में होने लगा था जो देर रात तक चलता रहा। इसके बाद शुरू हुआ झांकियों का भ्रमण। इस दौरान मरकच्चो की तमाम सड़कें गलियां दर्शकों से खचाखच भरी थी। मरकच्चो एवं अगल-बगल के विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा पौराणिक कथाओं पर आधारित दर्जनों झांकियां निकाली गई, जय श्री राम, हर हर महादेव, जय बजरंगबली के उद्घोष व डंके की गूंज से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया था। साउंड व डंके की आवाज के साथ झूमते विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह चैक चैराहों पर परंपरागत हथियारों का खेल प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान कई क्लबों थाना व ग्रामीणों के द्वारा दर्जनों जगह पर शरबत एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। जुलूस में अखाड़ा व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, सचिव प्रदीप सिन्हा, कोषाध्यक्ष रविंद्र पांडे, प्रमुख विजय कुमार सिंह, मुखिया रंजीत कुमार सिंह, रविशंकर सिंह, दीपक पांडे, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, मनोज सिंह, सतीश सिंह, दिगंबर सिंह, बिपिन कुमार बर्णवाल, रणजीत सिंह, शिव नारायण ठाकुर, नकुल यादव, शम्भू सिंह, बीरेंद्र सिंह, परमेश्वर पण्डित, इंद्रदेव पांडे, गंगाधर दास, मनोज पासवान समेत हजारों ग्रामीण शामिल थे। दूसरी ओर जुलूस के साथ-साथ राधा मेडिकल व सीएचसी मरकच्चो से चिकित्सकों की टीम एंबुलेंस के साथ साथ चल रही थी।

## ढिबरा लदे तीन वाहन जब्त, दो लोग गिरफ्तार भेजे गये जेल

**कोडरमा।** वन विभाग के टीम ने बुधवार की सुबह लखीबागी एसपी कोठी के समीप रेंजर के नेतृत्व में ढिबरा लदे तीन 709 वाहन जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ढोला कोला जंगल से ढिबरा लोड कर कई वाहन तिलैया की तरफ जा रहे थे जिसके बाद वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए गाड़ी स्पीड में भगाने लगे। वही लखीबागी के समीप इन तीन वाहनों को जब्त किया गया।

## हर्षउल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का त्योहार

**एजेंसी**



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू में हर्षउल्लास एवं आपसी भाईचारे के सादगी पेश करते हुए रामनवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वही सरयू प्रखंड क्षेत्र के सरयू, घासीटोला, चाचू, अलगडीहा, गोताग, लाई, चोरहा, डबरी, चिपरू, डोरम, पीरी, मुकुन्दपुर, गांव के सैकड़ों अखाड़ा समितियों ने सरयू के हनुमान मंदिर के पास एकत्रित होकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर जुलूस निकाला। वही अखाड़ा समितियों एवं रामभक्तो ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए सरयू के देवी मंड़प में जा कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को सम्पत्ति किया। इस अवसर पर रामनवमी पूजा समिति के द्वारा मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। वही रामनवमी पर्व को शांति पुन तरीके से संपर्क करने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद थे। मौके पर जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, प्रमुख अमिता देवी, अंचलाधिकारी सन्तोष बैठा, ओपी प्रभारी राजेश मुर्मू, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी, उप मुखिया संजय उरांव, मिथुन कुमार, उदय प्रसाद, विनोद नायक, राजकुमार सिंह, विरेन्द्र प्रसाद, इन्द्र देव प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, अमरिका प्रसाद, अमलेश प्रसाद, कमलेश राय, निर्मल उरांव, पूरनचंद सिंह, गजेन्द्र नायक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**चतरा।** जिले के हंटरगंज में रामनवमी के दिन एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी बच्चियां नहाने के लिए वहां गई थीं, लेकिन अचानक सभी डूबने लगीं। तीन बच्चियों ने किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफलता पाई और अपनी जान बचाई, लेकिन दो अन्य बच्चियां डूब गईं, जिससे दोनों की मौत हो गई।

# जहरीली शराब के साथ माफिया पिता-पुत्र गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** उत्पाद विभाग की टीम ने बिहार में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की साजिश में जुटे माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब तीन लाख रुपये के अवैध जहरीली नकली शराब के खेप के साथ माफिया पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माफिया कैलाश दांगी और उसके पुत्र संजय दांगी फार्च्यून दुकान की आड़ में नकली जहरीली शराब की तस्करी और निर्माण का काला धंधा संचालित करते थे। उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से नकली जहरीली शराब बनाने में प्रयुक्त बोतल और अन्य सामान भी बरामद किया है। उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू ने बताया कि बिहार के गया में पहले चरण के तहत हो रहे लोकसभा चुनाव और रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिले में ड्राई डे घोषित कर रखा है। इसके तहत जिले में शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर बाजार के एक फॉर्च्यून दुकान में अवैध तरीके से देशी व विदेशी शराब स्टॉक कर उसे बिहार में खपाने की तैयारी चल रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद व सहायक उत्पाद निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय समेत सशस्त्र बल के जवानों के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजपुर बाजार में संचालित कैलाश दांगी के फार्च्यून दुकान में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान दुकान से अवैध खरीद बिक्री को लेकर स्टॉक किया गया किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी का बड़े पैमाने पर बियर के साथ विदेशी शराब का खेप जप्त किया गया।श्रसाथ ही मौके से दुकान संचालक कैलाश दांगी को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके बाद कैलाश ने पूछताछ के दौरान शराब का अन्य अवैध स्टॉक उसके कोयरी टोला स्थित घर में रखे होने की बात कही। इसके बाद टीम ने उसके घर में भी छापेमारी अभियान चलाया। घर से भी देशी विदेशी शराब और बियर का स्टॉक जप्त करते हुए अवैध कारोबार में संलिप्त उसके पुत्र संजय दांगी को पकड़ा गया।

## रामनवमी जुलूस को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर



**चतरा।** रामनवमी जुलूस को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता और सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का सख्ती से पालन कराने के लिए डीसी रमेश घोलप और एसपी विकास पांडेय ने मोर्चा संभाला है। जुलूस से पहले अधिकारियों ने सड़क पर उतरकर तैयारियों का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। शहर के गली-मोहल्ले में फ्लैग मार्च कर शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई है। संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया गया है और जुलूस के रूट में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं। डीसी ने चेताया है कि अगर कोई पर्व में खलल डालने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा है कि चतरा पुलिस रामनवमी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मेन रोड पर पुलिस बल तैनात किया गया है। आम लोगों से किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।

# मुझे चढ़ गया भगवा रंग गीत से राममय हुआ गुमला जिला

● रामनवमी जुलूस में उमड़ा आस्था का जन सैलाब ● भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा जैसे गीतों से गुंजता रहा शहर







## जुलूस का नेतृत्व केंद्रीय महावीर मंडल समिति ने की

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला में बुधवार की शाम रामनवमी का जुलूस निकाला गया। रामनवमी जुलूस का नेतृत्व केन्द्रीय महावीर मंडल समिति के पदाधिकारी कर रहे थे। पारम्परिक ढोल नगाड़ा के साथ केन्द्रीय महावीर मंडल समिति का महावीरी झंडा जुलूस के आगे चल रहा था। केन्द्रीय महावीर मंडल समिति के महावीरी झंडा के पीछे-पीछे अलग अलग अखाड़ों का जुलूस था। जुलूस में शामिल नौजवान डंका बाजा की धुन पर थिरक रहे थे। कई संस्थान द्वारा जुलूस में साउंड सिस्टम का प्रयोग किया था। साउंड सिस्टम से पूरा शहर जयश्री राम के नारों से गूंज रहा था। भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा, मुझे चढ़ गया भगवा रंग जैसे गीतों से माहौल पूरी तरह भक्ति व आस्था में तब्दील हो गया। जुलूस के दौरान कहीं जय श्री राम तो कहीं जय हनुमान के नारे लग रहे थे। कहीं ढोल नगाड़ा तो कहीं डंका और कहीं लाउडस्पीकर से भक्ति गीत की गुंज सुनाई पड़ रही थी। केन्द्रीय महावीर मंडल समिति का महावीरी झंडा गाजे बाजे के साथ टावर चौक पहुंचा। टावर चौक से आरंभ रामनवमी जुलूस पालकोट रोड, घाटो बगीचा से सिसई रोड, टावर चौक होते हुए मेन रोड, काली मंदिर से वापस डाकघर रोड दुन्दुरिया से वापस थाना रोड होते हुए टावर चौक में समाप्त हो गया। रामवनमी जुलूस देखने के लिए गांव-गांव से भी लोग आए थे। भक्तों की उमड़ी भीड़ से शहर में का माहौल भक्तिमय रहा। जुलूस का नेतृत्व केन्द्रीय महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी, सचिव विकास सिंह, अमित पोद्दार, रमेश कुमार, सुबोध कुमार लाल, बद्री गुलशन, कौशलेंद्र जमुवार, रविंद्र सिंह, अनमोल गुप्ता, अरूण कुमार, निर्मल कुमार गोयल, संजय वर्मा, अजय सिंह राणा, हरजीत सिंह, बबलू वर्मा, रूपक कुमार, विजय शंकर दास, भिखेश्वर नागमणि, रमेश कुमार चीनी, बद्री गुलशन, दामोदर कसेरा, पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, गुन्नू शर्मा, अजीत विश्वकर्मा, शंभू सिंह आदि कर रहे थे। केंद्री जुलूस में 33 अखाड़े के सदस्य शामिल हुए।

## आस्था व विश्वास के साथ संपन्न हुआ रामनवमी पर्व



गुमला। गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ मनाया गया। सनातन धर्मावलम्बियों ने पूर्ण आस्था के साथ महावीरी झंडा की अपने घर आंगन व अखाड़ों में पूजा की और हनुमान चालीसा व संकट मोचन का पाठ किया। धूप, दीप, नैवेद्य, अच्छत चंदन सिंदुर से बजरंग बली की पूजा की गई और हवन आरती के बाद भक्तों ने संकट मोचन हनुमान से अपने जीवन की मंगलकामना की। गुमला में केन्द्रीय महावीर मंडल समिति द्वारा श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। आचार्य हरिशंकर त्रिपाठी ने समिति के अध्यक्ष शशिप्रिया बंटी को संकल्प कराया और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महावरी झंडा की पूजा करायी। इसके अतिरिक्त गुमला जिला मुख्यालय में लगभग दो दर्जन अखाड़ों में महावीरी झंडा व अस्त्र शस्त्र की सामूहिक पूजा किया गया जबकि सनातन धर्मावलम्बी राम भक्तों ने अपने-अपने घरों में महावरी झंडा की पूजा की और श्री राम भक्त हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महावीर मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी।

## श्रद्धालुओं के बीच चना शरबत बांट कर दिया समरसता का संदेश



आपसी एकता व सादगी का परिचय देते हुए विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया और चना शरबत आदि का वितरण किया। गुमला के मेन रोड में चेंबर ऑफ कामर्स ने जुलूस का स्वागत किया। मेन रोड में मिशन बदलाव, मारवाड़ी युवा मंच, पालकोट रोड में केन्द्रीय सरहुल संचालन समिति, छोटानागपुरिया तेली समाज ने जुलूस में शामिल लोगों के बीच चना व शराबत का वितरण किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास संपन्न हुआ रामनवमी पर्व



गुमला। गुमला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुमला के टोटो में आस पास के गांवों का झंडा मिलान किया गया। झंडा मिलान के मौके पर युवाओं ने अपने खेल करतब का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त गुमला के डुमरडीह व कुम्हरिया आदि में भी झंडा मिलन का आयोजन होता है। इसके अतिरिक्त पालकोट, बसिया, कामडारा क्षेत्र के प्रखंड व गांवों में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सिसई व भरनो में जुलूस निकाली गई और जय श्री राम के नारे लगाए। घाघरा व बिशुनपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर महावीरी झंडा गाडे गए और दोपहर बाद जुलूस निकालकर रामनवमी का उत्सव मनाया। चैनपुर के भठौली गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के समीप झंडा मिलान किया गया। जहां से पारंपरिक रूप से रामनवमी की जुलूस आरंभ हुई। इसके अलावे रायडीह, डुमरी, घाघरा, सिसई, भरनो, बसिया, कामडारा व जारी प्रखंड क्षेत्र में भी महावरी जुलूस निकाली गई।

## स्पीड न्यूज

### नवरात्रा के अंतिम दिन मां के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की हुई पूजा



**गुमला।** वासंतिक नवरात्रा के अंतिम दिन शक्ति की देवी मां दुर्गा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। देवीगुड़ी मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना के लिए बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्त गण फल, फुल, नारियल, आदि का चढ़ावा कर मां की पूजा अर्चना की और अपने सुख-समृद्धि व क्षेत्र की शांति के लिए शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से प्रार्थना की। आचार्य हरिशंकर मिश्र, पूजक शैलेश मिश्र आदि ने नवमी पूजा की विधि धार्मिक अनुष्ठान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण कराये। देवीगुड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। इसके अलावे शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, काली मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं नवरात्रा से आरंभ नौ दिवसीय रामचरित्र मानस पाठ भी रविवार को संपन्न हो गया। कई भक्तों ने अंतिम दिन उपवास रखकर मां के सिद्धिदात्री रूप की पूजा अर्चना की। वहीं अंतिम दिन चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने हवन पूजन कर पूजा की समाप्ति की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू ,मुख्य संरक्षक संजीव उर्वशी, निर्मल गोयल, गोपाल वर्मा, कार्यकारी सदस्यों में प्रेम सागर जायसवाल, रामनिवास प्रसाद, राजेश गुप्ता, अजय कुमार मंत्री, महेश गुप्ता, रितेश कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार, मोहित गुप्ता, द्वारिका मिश्रा सुमन, विजय सोनी, दीपू खंडेलवाल, रंजन सोनी, सुदेश सौरभ, निर्मल अग्रवाल, नितेश कुमार लाल, ब्रिज फोगला, दामोदर कसेरा, जयंत मुखर्जी, श्री गुप्ता, पूनम सिंह, मनमोहन केसरी, दुर्गा गुप्ता, निरंजन सिंह, प्रदीप सोनी, पवन कुमार अग्रवाल, अरुण केसरी ,किशोर फोगला आदि उपस्थित थे।

### कुंवारी कन्याओं की हुई पूजा



नवरात्रा में मां दुर्गा की नौ दिनों तक लगातार आराधना करने वाले भक्तों ने अंतिम दिन नौ कन्याओं की पूजा की और उन्हें भोजन कराया। मां की आराधना करने वाले लोग कुंवारी कन्याओं की पूजा अर्चना कर अपनी सुख-समुद्धि की कामना की। कहा जाता है की कुंवारी कन्याओं की पूजा मां के पूजा के बराबर है। रविवार को चैती नवारात्रा के नवमी को लेकर घरों में सबसे पहले कुंवारी कन्याओं क पैर धोये गये और उन्हें पूजा गया।

### प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में निकली रामनवमी की शोभायात्रा



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित नगजुवा व हनहट में रामनवमी का त्योहार धूमधाम के साथ संपन्न हुआ एवं आज कैरो में भव्य भरत मिलाप सह सस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है वहीं। हनहट में शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकला। रामभक्तों ने हाथों में ध्वजा व पारंपरिक हथियार के साथ अपने अपने अखाड़ों के साथ डीजे में जय जय श्री राम, जय हनुमान, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की के जयकारों के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर मुख्य अखाड़ा तक पहुंचे। खरता, टाटी, गितिलगढ़, रानिटोंगरी, फुलसुरी के अखाड़ा हनहट में झंडा मिलान कर मेला टांड़ पहुँचे जहाँ कई तरह के खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की विधि व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए प्रखंड व थाना प्रसासन द्वारा जगह जगह में प्रसासन की व्यवस्था व मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी। वहीं आयोजक समिति द्वारा आने वाले अखाड़ों के लिए गुड़ चना सरबत की जगह जगह व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति व प्रसासन की अहम भूमिका रही।

### जारी में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी का पर्व

**जारी।** जारी प्रखंड मे रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिन्दु श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों के आँगन एवं छतो में विधिवत पूजा आर्चना कर महाबीर पताके लहराये।वहीं हनुमान मन्दिरों मे भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वही प्रखंड में जारी, गौखर्रा, तिल्हौटोली, कोमड़ो, गोबिन्दपुर, हूटार आदि जगहो पर झण्डा मिलान का कार्यक्रम किया गया। झण्डा मिलान कार्यक्रम में लोगों ने जमकर कीर्तन भजन किया और अपने कला का प्रदर्शन कर लोगों को मन्त्रमुग्ध किया। वही दूसरी ओर रामनवमी का त्योहार शान्ति पूर्ण गुजरे इसके लिए जारी बीडीओ शशि संदीप सोरेन और थानेदार आदित्य कुमार थाना क्षेत्र के विभिन्न झण्डा मिलान जगहों पर निगरानी कर रहे थे।थानेदार आदित्य कुमार अपने पुलिस बल के साथ जुलूस का पैनी नजर रख रहे थे। सभी जुलूस जगहो पर किसी तरह का कोई अनहोनी न हो इसके लिए एसपी निर्देश पर थानेदार के द्वारा पुलिस तैनात कर दी गई थी। जारी प्रखंड मे रामनवमी पर्व पर समाचार लिखे जाने तक किसी तरह का अप्रिय की घटना की सूचना नही है।

# जय श्री राम के जयकारे से गूंजा लोहरदगा





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। शहर में बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर्व के अवसर पर भव्य आकर्षक अद्भुत और शांति के माहौल में उत्साह और उमंग पूर्वक सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गाई। श्रीराम नवमी सांस्कृतिक शोभायात्रा में पहली बार हजारों की संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा और तलवार कटार के साथ शामिल हुई महिलाओं युवतियों और बच्चों में उत्साह और उमंग देखते ही बन रहा था। जुलुस म महिलाओं के साथ राम भक्तों के उत्साह में उमंग में कहीं कोई कमी नजर नहीं आयी। पूरा शहर भगवा श्री राम और बजरंगबली के झंडों से पटा हुआ था। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला और पुलिस प्रशासन के अलावा अन्य एजेंसियों के करीब एक हजार जवानों के अलावा ड्रोन कैमरे से शोभायात्रा की निगरानी की जा रही थी। भगवान श्री राम, शिव जी और महाभारत पर आधारित एक दर्जन से अधिक झांकियां प्रस्तुत की गई थीं। जगह- जगह सामाजिक संगठनों संस्थानों के द्वारा जुलूस में शामिल लोगों का अभिनंदन और स्वागत किया जा रहा था। ग्रामीण क्षेत्र से शोभायात्रा देखने के लिए हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे आए थे। डीजे में श्रीराम और हनुमान के उर्जा से ओतप्रोत भरे गीत बज रहे थे। पूरा शहर जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे से गुंजायमान हो रहा था। युवतियां बालिकाएं महिलाएं मराठी, गुजराती वेश और रानी लक्ष्मी बाई के गणवेश में भगवती दुर्गा की शक्ति की झलक दिखला रही थीं। दो बजे केंद्रीय महावीर मंडल लोहरदगा के पदाधिकारियों और संरक्षक मंडल की अगुवाई में शहर के सबसे पुराने महावीरी अखाड़ा थाना टोली से रामनवमी की सांस्कृतिक शोभायात्रा आरंभ हुई।

### शोभा यात्रा में झूमते भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव



## लोहरदगा शोभायात्रा में हुई बड़ी दुर्घटना

### जुलूस में चल रहे राम भक्तो को पिकअप वाहन ने लिया चपेट में, एक की मौत







लोहरदगा। जिले के शहरी क्षेत्र में दोपहर में निकाली गई रामनवमी शोभा यात्रा शाम होते होते गम में तब्दील हो गया है। शोभायात्रा के दौरान शहर के राणा चौक के समीप डीजे लदा पिकअप वाहन ने कई लोगो को रौंद डाला। जिससे करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। वही एक 18 वर्षीय युवती सोनी कुमारी की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चार लोगो को इलाज के रिम्स रेफर किया गया है। घायलों में बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं शामिल। सभी घायल शहरी क्षेत्र के बी आई डी और कृषि मार्केट क्षेत्र के रहने वाले हैं। रामनवमी शोभा यात्रा जुलूस में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी डीजे लदा पिकअप अनियंत्रित होकर सामने नाच रहे लोगो को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद सैकड़ो की संख्या में लोग सदर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर की कमी होने पर आक्रोश व्यक्त किया। घटना की सूचना मिलने पर जुलूस में शामिल केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारी सहित जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमा सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना साथ ही गंभीर रूप से घायल लोगो को रिम्स भेजने का प्रबंध किया गया।

# भंडरा में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित



खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** महावीर मंडल भंडरा के तत्वावधान में बुधवार को ठाकुरबाड़ी प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा, भौंरो, भैंसमुंदो, अंबेरा, कसपुर, उदरंगी, बिछिया टोली, नवाटोली, कुम्हरिया आदि गांवों के महावीर मंडल के अखाड़े शामिल हुए। मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम व बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ बिंदेश्वर उरांव ने लाठी भांजकर किया। मौके पर कहा कि भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया। भगवान राम ने करुणा, दया, सत्य, सदाचार, और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में सफल महावीर अखाड़ों को अतिथियों द्वारा पुरुष्कृत किया गया। इस मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा,अनिल साहू, अजीत अग्रवाल, अमित कुंदन, बालकृष्णा सिंह, श्रीकांत गुप्ता, धीरजू यादव, अमित गुप्ता, बबलू पंडा, आकाश यादव, चंदन लहेरी आदि मौजूद थे।

# गुमला ने वेस्ट सिंहभूम को चार रनो से पराजित किया

### जेएससीए अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट



**गुमला।** जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 टूर्नामेंट में बुधवार को रोमांचक मुकाबले में गुमला ने वेस्ट सिंहभूम को चार रनो से पराजित कर लगातर दूसरी जीत दर्ज की। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट मे टॉस जीत कर गुमला की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 44 ओवरों मे सभी विकेट गवा टीम ने 245 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कप्तान मयंक राज ने नाबाद 69 रनो की बेहतरीन पारी खेली। आयुष राज ने टीम को अच्छी शुरूआत देते 44 रनो की उम्दा पारी खेली। हर्ष राज ने अहम 46 रनों का योगदान दिया। विभोर के 20 व रोहिश ने 19 रन बनाये। सिंहभूम की ओर से अंजनी यादव ने चार विकेट अर्जित किये। प्रिन्स ने दो और कृपा, आदित्य, वासुदेव को एक-एक विकेट मिला। जबाबी पारी खेलने उतरी वेस्ट सिंहभूम की टीम ने बेहतरीन शुरूआत की। टीम की ओर से आर्यन राज ने 103 रनो की आकर्षक पारी खेली। अंजनी ने 38 रनो का अहम योगदान किया। हितेश व प्रिन्स ने 12-12 रनों का सहयोग दिया। गुमला की ओर से सत्यम पांडा ने चार व रोहिश ने तीन विकेट अर्जित किये। मयंक व मंथन को एक-एक विकेट मिला। आकर्षक बल्लेबाजी व मैच में बनाए रखने वाले सतकबीर आर्यन राज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया । टी आर डी ओ पप्पू कुमार सिंह, अंपायर प्रशांत व हेमंत ठाकुर सहित अन्य ने मैन ऑफ द मैच आर्यन को 5000 कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला संघ के सचिवजितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, लाल चंद्रशेखर, आकाश आनंद, रोहित उरांव, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सनी साहू, यमुना झा, शशि समेत अन्य उपस्थित थे।

# हनुमान की जन्मस्थली आंजनधाम जय श्री राम व जय हनुमान के उदघोष से गुंजता रहा





### पारंपरिक रीति रिवाज से बैगा पहानों ने गांव में की पूजा

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** राम भक्त हनुमान की जनस्थली आंजनधाम बुधवार को जय श्री राम व जय बजरंग बली के नारों से गुंजता रहा। रामनवमी पर्व पर हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। हनुमान का वंशज अपने को कहने वाले आंजन धाम के लोग पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की। गुमला के विभिन्न प्रखंडों के अलावे कई राज्यों से लोग आंजन धाम आकर पूजा अर्चना की और माता अंजनी व बालक हनुमान की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेकर अपनी मनोकमना पूर्ति का वरदान मांगा। टोटो से आंजन तक महावीरी पताके लहारे रहे हैं। भक्त गण नारियल, सिंदुर व फल चढ़ाकर हनुमान की प्रतिमा पर भोग लगाया। वहीं आंजन धाम में झंडे की विधिवत पूजा कराकर भक्तों द्वारा अपने घरों में उसे लगाया गया। भक्त अपनी बाईक, चार पहिया वाहन से सपरिवार आंजन धाम पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। उपर आंजन स्थित प्राचीन मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। पंडितों द्वारा धार्मिक विधि से पूजा अर्चना की गई।

### आंजन धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का लगा रहा तांता

# नरेश हत्याकांड का खुलासा, मास्टरमाइंड मनोवर सहित 4 को पुलिस ने भेजा जेल

### कर्ज के पैसा नहीं चुकाने के मकसद से करा दिया हत्या



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सैलून में हुए बीते दिन चर्चित नरेश साहू उर्फ शिबू हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नरेश साहू उर्फ शिबू हत्याकांड का खुलासा करते हैं हत्या में संलिप्त 4 अपराधी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल को भी बरामद किया है। जमीन कारोबारी नरेश साहू उर्फ शिबू की हत्या पैसों के लेन देन में की गई थी। मास्टरमाइंड मनोवर अंसारी ने जमीन कारोबारी नरेश साहू की हत्या की साजिश रची। नरेश साहू उर्फ शिबू से मनोवर ने करीब 50 लाख रुपए लिए थे पैसे वापस मांगने पर अपने दो साथी से मिलकर हत्या की साजिश रची और 5 लाख रुपए में उत्तरप्रदेश से शूटर अमरेश मिश्रा को बुलकार हत्या करवा दिया। 8 अप्रैल को अपराधियो द्वारा जमीन कारोबारी नरेश साहू उर्फ शिबू की सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोरार स्थित सैलून में गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। पुलिस ने मनोवर अंसारी उसके साथी मुस्तकीम अंसारी, सरवर कुरैशी और शूटर अमरेश मिश्रा को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, 11 हजार रुपए नगद सहित मोबाइल जब्त किया है। एसपी ने कहा घटना में शामिल चार लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# कैमा नदी में पुल निर्माण नहीं होने को लेकर गांव के प्रभावित ग्रामीणो ने की बैठक

# आजादी के बाद भी नहीं हुआ है कैमा नदी में पुल का निर्माण

## बारिश के दिनों बच्चों को पढ़ाने में होती है भारी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के कैमा नदी जो एक मात्र ऐसा नदी है जो देश आजाद हुए 76 साल बीत जाने के बावजूद भी अब तक पुल का निर्माण नहीं हुआ है। जिसके चलते ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकी कैमा नदी पदाधिकारीयों की नजर से भी छिपा हुआ नहीं है। इसके बावजूद भी इस नदी में पुल का निर्माण नहीं होना यह काफी चिंता का विषय बना हुआ है। यहां तक की ग्रामीणों के द्वारा पुल निर्माण को लेकर कई बार पदाधिकारी को आवेदन भी दिया गया। इसके बावजूद भी अब तक पुल का निर्माण नहीं हुआ है। वहीं मंगलवार को तीन गांव के प्रभावित ग्रामीणो ने सुमेज टाना भगत के नेतृत्व में कैमा नदी के पास एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान सुमेंज टाना भगत ने बताया कि देश आजाद हुए 76 साल बीत गए लेकिन अब तक इस नदी में पुल का निर्माण नहीं हुआ। चुनाव के समय कई प्रत्याशी वोट लेने को लेकर नदी पार करते हुए हमारे गांव आते हैं और हम लोगों से वादा करते हैं कि चुनाव जीत जाने के बाद हम पुल का निर्माण जरूर करवाएंगे लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चुनाव जीतने के बाद भी हुल्की मारने हमारे गांव नहीं आते हैं कि हमलोग किस हलात में गुजर - बसर कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव उस समय हमारे सांसद और विधायक वोट लेने समय हम लोगों से वादा किया था कि पुल का निर्माण करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। चुनाव जीतने के बाद सांसद हो या विधायक हमारा हाल जानने तक नहीं आए।

आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है कि ज्यादातर बच्चे बाहर पढ़ने को मजबूर हो रहे हैं इसका मुख्य कारण है की बरसात के समय में नदी में पानी का रफ्तार ज्यादा बढ़ जाता है। पार करने में हम लोगों को काफी दिक्कत होती है। कई बार तो जान माल का भी नुकसान हुआ है। इसके चलते बहुत से परिवार अपने बच्चों को किराये के मकान लेकर बाहर पढाने को मजबूर हैं। जबकि पुल निर्माण कराने को लेकर हम लोगों ने कई बार पदाधिकारी को भी आवेदन दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।


बैठक करते ग्रामीण।

मुखिया अमरेश उरांव ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि पदाधिकारी की नजर होने के बावजूद भी अब तक पुल का निर्माण नहीं हुआ है जबकि यह नदी तीन गांवों को जोड़ती है और जिला मुख्यालय जाने के लिए मांत्र यही एक रास्ता है अगर बरसात आ जाए तो यहां के लोगों को जंगल के रास्ते 25 से 30 किलोमीटर का सफर तय कर जाना पड़ता है। सबसे बड़ा दिक्कत तो यह है कि अगर कोई व्यक्ति बरसात के समय बीमार पड़ जाए तो उसे लातेहार अस्पताल ले जाने के लिए भी लोगों को सोचना पड़ता है। आगे श्री उरांव ने कहा कि सांसद और विधायक अगर चाह जाय तो पुल का निर्माण होना कोई बड़ी बात है नहीं है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मौके पर मनोज भगत, इंद्रदेव टाना भगत, रामदयाल टाना भगत, शीतलाल उरांव चंद्रदेव सिंह मंगल उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस कार्यकताओं ने के.एन.त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित होने पर किया स्वागत


सांसद प्रत्याशी के.एन.त्रिपाठी व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड में कांग्रेसी कार्यकताओं ने कृष्णनंद त्रिपाठी को चतरा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद सिंजो शिव मंदिर के पास उनका स्वागत किया। वहीं कार्यकताओं में के.एन.त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाने पर काफी खुशी की लहर देखी जा रही है। वहीं श्री त्रिपाठी ने मंगलवार को शाम पचफेड़ी चौक स्थित शिव मंदिर में शिश झुका कर आशीर्वाद प्राप्त किए और चंद समय में सैकड़ो लोग से रूबरू हुए। उन्हें प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से ही क्षेत्र में चचाओं में तुल पकड़ने लगी है। वे गरीबों एवं दलितों के काफी चहेते एवं लोकप्रिय माने जाते है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,वृंदबिहारी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, मिथिलेश पासवान, राजीव रंजन कुमार साहू, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू, सुजीत कुमार साहू,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चैती नवरात्र के अवसर पर शिव मंदिर पहुंचे विधायक व जनप्रतिनिधि


मंदिर में उपस्थित विधायक व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर में चैती नवरात्र पूजा के अवसर पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह एवं कई जनप्रतिनिधियों का आगमन हुआ जहां सभी ने मंदिर में भगवान का दर्शन किया और उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं पूजा कमेटी के सदस्यों ने विधायक व सभी जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू,समाजसेवी बली प्रसाद यादव,राजीव रंजन कुमार साहू,ईश्वरी ठाकुर,युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,विकास प्रसाद,गंगेश्वर यादव,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,वृंदबिहारी प्रसाद यादव,दिवाकर यादव,मुकेश कुमार गुप्ता,अभय पासवान,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### महिलाओं ने पुरे विधि-विधान के साथ किया कन्या पुजन, लिया आर्शिवाद



**लातेहार।** राम नवमी एक हिंदू त्योहार है जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार राम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मनाया जाता है। यह त्योहार वसंत ऋतु में चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर में पहले महीने चैत्र के शुक्ल पक्ष के नौवें दिन पड़ता है। यह आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार अप्रैल के महीनों में होता है। इस खास दिन को राम कथा के पाठ और पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन महाकाव्य रामायण का भी पाठ किया जाता है। श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की भी भव्या पूजा की जाती है। राम नवमी के दिन भक्त मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करते हैं तो वही कई घरों में खास तरह से राम परिवार की पूजा की जाती है और ब्राह्मणों को दक्षिणा दिया जाता है। पूजा और आरती के बाद भजन - कीर्तन और संगीत प्रस्तुत किया जाता है। कुछ भक्त शिशु राम की छोटे मूर्तियों को लेकर, उन्हें स्नान करा कर और कपड़े पहनाकर, फिर उन्हें पालने में रखकर पूजा करते हैं। यह त्योहार कई हिंदुओं के लिए नैतिकता का बोध कराती है। कुछ लोग इस दिन को व्रत भी रखते हैं। बता दें कि इस दिन विधि विधान के साथ कन्या पुजन भी किया जाता है।

### बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में नहीं निकाला गया रामनवमी का जुलूस


बालूमाथ में पसरा रहा सन्नाटा।

➲ राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या के बाद उनके शोक में लिया गया निर्णय

**बालूमाथ।** लातेहार जिला में रामनवमी के भव्य जुलूस निकालने के लिए प्रसिद्ध बालूमाथ में इस वर्ष रामनवमी का जुलूस नहीं निकाल गया। प्रत्येक वर्ष रामनवमी के जुलूस में बालूमाथ में पचास हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ती थी लेकिन आज यहां बिल्कुल सन्नाटा नजर आया। प्रखंड स्तरीय मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या पिछले कुछ महीनो पूर्व अपराधियों द्वारा कर दिया गया था। इसके बाद यहां के हिंदू धर्म लंबियों ने एक बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया था कि राजेंद्र प्रसाद साहू पिछले 20 वर्षों से रामनवमी जुलूस को भव्य रूप से निकलने में सक्रिय रहते आ रहे थे। कभी छोटा स्तर पर निकलने वाले जुलूस को अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में में इतना बड़ा रूप दिया था की बालूमाथ के रामनवमी जुलूस में 50,000 से अधिक लोग भाग लेते है। उनकी हत्या से यहां के लोग दुखित है और उनके शोक में रामनवमी का जुलूस नहीं निकला। अधिकांश लोगों ने राजेंद्र प्रसाद साहू को याद करते हुए शोक प्रकट किया। इधर ग्रामीण क्षेत्र के सेरेगड़ा, मुरपा, मासीयातु, झाबर, गणेशपुर, बालू, भगिया, मारंगलोइया, रजवार समेत कई गांव में रामनवमी का जुलूस निकाला गया। इधर रामनवमी के अवसर पर लोग अपने-अपने घरों में झंडा लगाया एवं मंदिरो में पूजा अर्चना कर रामनवमी मनाई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आई।

# तिरंगा क्लब अखाड़ा समिति ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

## 1981 से लगातार रामनवमी महोत्सव का होता आ रहा है आयोजन : प्रेम कुमार अधूरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में धूमधाम से रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी बीच नवमी के अवसर तिरंगा क्लब बभन्डीह अखाड़ा समिति के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और गणमान्य लोग शामिल हुए। जहां मंच का संचालन कर रहे अखाड़ा कमेटी के संरक्षक प्रेम कुमार अधूरा के द्वारा अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। वहीं अतिथियों के माध्यम से अखाड़ा कमेटी के पदाधिकारियों को भी बारी-बारी से अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रेम कुमार अधूरा ने बताया कि तिरंगा क्लब के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रीराम जयंती के मौके पर पूजा समिति के पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ समिति को सहयोग करने वाले लोगों को भी मंच के माध्यम से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि तिरंगा क्लब के द्वारा रामनवमी महोत्सव का आयोजन 1981 से लगातार किया जा रहा रहा है। पिछले वर्ष तिरंगा क्लब की झांकी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

### कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व गणमान्य

वहीं कार्यक्रम में वरिष्ट नेता अनिल सिंह, समाजसेवी दीपू तिवारी, अधिवक्ता रवि कुमार, सुरेश मिश्रा, रंजित कुमार सिंह, पूर्व मुखिया हुलास सिंह, काजमी अनवर, गोपाल राजवंशी, राजू रहमान, अशफाक अहमद, रविंद्र राम, अवधेश मेहरा, वार्ड सदस्य दिलवा देवी, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश राम उर्फ दीपू, सचिव पवन चौधरी, उप सचिव विशाल सोनी, मीडिया प्रभारी कुमार सावन, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, उप कोषाध्यक्ष रोहित रंजन, रवि रंजन, राजेंद्र सोनी, कृष्णा यादव, नीरज कुमार सोनी, श्याम सुंदर राम, गोविंद सोनी, शिवपूजन कुमार, गौतम बाबा, सूरज सोनी, पंकज कुमार ठाकुर, सोनू कुमार, तनवीर चौधरी, राजीव सोनी, जितेंद्र सोनी, अजीत पासवान सोनू चौहान और सुरेंद्र ठाकुर जितेंद्र राम समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सभी के सुख, सुविधा, स्वास्थ्य लाभ के लिए यज्ञ में दिया गया आहुति


मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** प्रज्ञा कुंज चन्दनडीह गायत्री परिवार में नवरात्र का आज पूर्णाहूति किया गया। जिसमें गायत्री मंत्र के साधना से लोगों ने सभी ग्रह सभी देवताओं के नाम पर सैनिकों के नाम पर देश के कल्याण के लिए सभी के सुख, सुविधा, स्वास्थ्य लाभ के लिए यज्ञ में आहुति दिया गया। इसके बाद कन्याओं का पूजा किया गया। पूजन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं गायत्री मंदिर के पुजारी परिवायजक कौशल जी ने बताया कि गायत्री परिवार का स्थापना मनुष्य में देवता का उदय के लिए बनाई गई है। अपना सुधार संसार का सबसे बड़ी सेवा है। इसी सिद्धांत को गायत्री परिवार कार्य कर रही है, इस अनुष्ठान भंडारा में भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, राजन तिवारी, रमेश उरांव, नागमणि कुमार, राकेश दुबे, दिलेश्वर यादव, मनोज प्रसाद, भोला प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, रितेश कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, उर्मिला देवी, अनीता देवी, सुधा देवी, पुष्पा देवी, देवंती देवी, आरती देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 16 की दूसरे मैच में रांची ने लोहरदगा को 7 विकेट से हराया

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंदर 16 का बुधवार को दूसरा मैच लातेहार जिला खेल स्टेडियम में रांची तथा लोहरदगा के बीच खेला गया। जहां लोहारदा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 118 रन किया। जिसमें मनीष कुमार महतो 47 रन तथा चैतन्य नारायण तिवारी 21 रन का योगदान दिया। रांची की ओर से सौरव कुमार 5, मो सरोश 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रांची ने 24वे ओवर में 3विकेट खोकर 119 रन बनाकर मैच को जीत लिया जिसमे आदित्य लाल 38, प्रत्युष विनायक 25 रन का योगदान दिया। लोहरदगा की ओर से तन्मय गुप्ता तथा चैतन्य नारायण ने एक एक विकेट लिया। रांची ने 7 विकेट से इस मैच को जीत लिया जहां रांची के सौरव कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वही एल ओ आलोक राय ने सौरव कुमार को नगद 5000 रू देकर सम्मानित किया। मैच के अंपायर नीरज पाठक तथा मनोरंजन कांजीलाल थे जबकि स्कोरिंग संदीप राय ने किया। मैच ऑब्जर्बर कुलदीप शर्मा तथा एल ओ आलोक राय थे। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कमिटी सदस्य दिलीप कुमार प्रसाद, समरेस बादल, धीरेंद्र सिंह सुरवार, आनंद कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने केएन त्रिपाठी का किया गर्मजोशी से स्वागत

➲ चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने मां उग्रतारा नगर मंदिर में मत्था टेक किया चुनावी यात्रा की शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** कांग्रेस पार्टी की ओर से चतरा लोकसभा क्षेत्र से केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया है, प्रत्याशी घोषित होते ही श्री त्रिपाठी बुधवार को प्रशिद्ध मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर पहुंचे, यहां उन्होंने मत्था टेक कर मां का आशीर्वाद लिया वी चुनावी यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान जिन्होंने मंदिरों में पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर जीत की आशिर्वाद मांगा। इसके पूर्व केएन त्रिपाठी चंदवा पहुंचने पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान के नेतृत्व मे कांग्रेसी कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर उत्साह वर्धन किया, इसके बाद वे भद्रकाली मंदिर इटखोरी के लिए रवाना हो गए हैं। इस अवसर पर मोफिल खान, लखन जैसवाल, प्रशांत भगत, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, बारीयातू प्रखंड अध्यक्ष रिगन प्रसाद, राजकिशोर सिंह, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र पासवान, रिंकू खान, अख्तर अंसारी, मोतिउर रहमान, बजरंगी सिंह, मंजू देवी समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।


पुजा के बाद बाहर निकलते केएन त्रिपाठी।

## गड़बड़ी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : ललित मीणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** रामनवमी को लेकर बरवाडीह पुलिस प्रशासन चौकस है, और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में लगातार नजर बनाई हुई है। बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने तपती दोपहरी में बरवाडीह, छेंचा, सरइडीह, पोखरीकला और बेतला समेत विभिन्न मोहल्लों और इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च किया और रामनवमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। जिला और पुलिस प्रशासन के द्वारा रामनवमी की सुरक्षा को देखते हुए विशेष रूप से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे कार्य कर रहा है। वहीं रामनवमी पर विभिन्न इलाकों में निकलने वाली शोभायात्रा के लिए रूट निर्धारित कर दिया गया है। प्रशासन ड्रोन कैमरे से संवेदनशील इलाकों में नजर बनाई हुई है। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे आईपीएस ललित मीना ने सभी लोगों से अपील किया है कि रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। रामनवमी पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करेगा तो बख्शा नहीं जाएगा वैसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा में सदैव तत्पर है। सभी चौक चौराहे एवं विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की सूचना, समस्या या अफवाह की स्थिति में अविलंब पुलिस प्रशासन को सूचित करें। वहीं फ्लैग मार्च में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकेटेश कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता समेत कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।


फ्लैग मार्च करती अधिकारियों की टीम।

## परेशानी: बिजली की कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान

➲ विभाग ने लोगों के दिन का चैन और रात की नींद कर दी है हराम

➲ कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय-सारणी नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में उमस वाली गर्मी में लड़खड़ाई विद्युत व्यवस्था से आम जनता परेशान व त्रस्त है। उपभोक्ताओं को लगातार अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। दिन में कई घंटे में बिना बताए विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जा रही है। वहीं रात्रि में मुश्किल से 3 घंटे वह भी काट काटकर बिजली दी जा रही है। जिससे लोगों का दिन के चैन के साथ रात की नींद भी हराम हो गई हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। चौबीस घंटे में दर्जनों बार बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके सरकार या जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि यह हाल विधायक रामचंद्र सिंह के गृह प्रखण्ड बरवाडीह के शहरी क्षेत्र का है तो ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति कितनी गंभीर होगी यह कहना मुश्किल है और यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है। विद्युत कर्मियों से पूछे जाने पर एक ही रटी रटाई हुई बात सुनने को मिलती है कि ऊपर से पावर कम मिल रहा है इसलिए एक- एक घंटा बीच करके आधे- आधे घंटा बिजली देने का आदेश दिया गया है।

# बालूमाथ में डीजे के साथ आ रहे जुलूस को पुलिस ने रोका चालक की पिटाई के विरोध में हिंदू धर्मावलंबियों ने किया सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा ग्राम में रामनवमी के अवसर पर अष्टमी की रात को झंडा मिलान करने मुरपा आ रहे हरैयाखांड के जुलूस में शामिल एक वाहन चालक को बालूमाथ पुलिस ने पिटाई कर दिया गया एवं डीजे बजाने पर रोक लगा दिया। जिससे जुलुस में शामिल देवी-देवता की प्रतिमा भी रुक गई और डीजे को मुरपा पिकेट ले जाया गया। इसके बाद मुरपा, हरैयाखाड, ओकिया, हरिजन मोहल्ला, जीपुआ समेत आस-पास के कई गांव के लोगों ने बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर मुरपा चौक को रात्रि 10:00 बजे जाम कर दिया एवं सभी अखाड़ा समिति के लोगों ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए रामनवमी जुलूस नहीं निकालने की बात कह कर जमकर हंगामा किया। अखाड़ा समिति के लोगों ने बालूमाथ थाना प्रभारी से कहा कि जब जब हिंदू धर्म का पर्व त्यौहार आता है तो सारा नियम कानून हमारे पर्व त्यौहार पर ही लागू की जाती है। जमाकताओं ने कहा बालूमाथ में सरहुल के जुलूस में जमकर डीजे बजाया गया है और उस जुलूस में बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति बिजया कुजूर जमकर थिरकते नजर आई तो क्या सरहुल पर्व में डीजे बजाना एवं उस डीजे में अंचलाधिकारी का थिरकना नियम के तहत था और हमारा रामनवमी का झंडा मिलान जुलूस में डीजे बजाया गया तो उसे क्यों रोका गया। इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा को देखते हुवे जाम स्थल में भारी संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था की गई एवं जामकर्ता से थाना प्रभारी ने वार्ता किया। उसके बाद रामनवमी के जुलूस में किसी भी प्रकार का पुलिस द्वारा व्यवधान नहीं किए जाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया और उसके बाद रामनवमी का जुलूस निकालने पर विचार हुआ। लोगो ने कहा कि अगर सरकार नियम लाई है तो यह नियम सभी धर्म पर लागू होना चाहिए ना कि सिर्फ हिंदू धर्म पर, वही इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय से पूछे जाने पर कहा कि कोई बहुत बड़ा मामला नही था। मामले को तुरंत ही सुलझा लिया गया। बाकी विशेष जानकारी के लिए आप मेरे सीनियर पदाधिकारी से बात कर सकते है।


सड़क जाम करते लोग।

### भव्य भंडारे का किया गया आयोजन



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बाजारटांड़ स्थित देवी मंडप मंदिर में रामनवमी पूजा समिति नवयुवक संघ के द्वारा दिन बुधवार को रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, ग्राम प्रधान भरत प्रसाद, कामाख्या प्रसाद,स-मेत अन्यों ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। वहीं भंडारे का प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ लगी रही। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा,कमेटी के अध्यक्ष विकास प्रसाद,गोविंद पासवान, रौशन कुमार, मनदीप कुमार, राजू प्रसाद, अभिषेक भारती, बबन पासवान, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# चार लोकसभा सीटों पर थमा भोंपू

## पहला चरण : बिहार के औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में कल डाले जायेंगे वोट




खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन चार सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां बुधवार की शाम चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण में औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में मतदान होना है बुधवार शाम चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अब पार्टी और प्रत्याशियों की नजर मतदान केंद्रों और मतदाताओं पर टिकी है। पहले चरण की चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर लगी है। इस चुनाव में एनडीए पांच दल भाजपा, जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। वहीं, महागठबंधन राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और वामपंथी दलों के साथ चुनावी रण में है। पहले चरण की जिन चार सीटों पर चुनाव होना है, उनमें मुख्य मुकाबला दोनों गठबंधनों के बीच लग रहा है। नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाने में जुटे हैं। इन सभी चार सीटों पर महागठबंधन की ओर से राजद के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं तो एनडीए की ओर से औरंगाबाद और नवादा में भाजपा के प्रत्याशी चुनावी समर में ताल ठोंक रहे हैं तो गया में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और जमुई से लोजपा (रामविलास) भाग्य आजमा रही है। गया क्षेत्र से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला बिहार के मंत्री रहे कुमार सर्वजीत से है तो जमुई में भी एनडीए की ओर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अरुण भारती और महागठबंधन की राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास आमने-सामने हैं। अरुण भारती पार्टी प्रमुख चिराग पासवान के बहनोई हैं। औरंगाबाद क्षेत्र में भाजपा के टिकट पर सुशील कुमार सिंह एक बार फिर से चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। इनका सीधा मुकाबला राजद के अभय कुशवाहा से है। नवादा क्षेत्र में भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार आमने-सामने हैं

- **चार लोकसभा सीटों पर 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर**
- **औरंगाबाद और नवादा में भाजपा के प्रत्याशी ठोंक रहे हैं ताल और गया में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और जमुई से लोजपा (रामविलास) भाग्य आजमा रही है किस्मत**
- **गया से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला राजद कुमार सर्वजीत से है**
- **नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार आमने-सामने**
- **औरंगाबाद में भाजपा के सुशील सिंह का मुकाबला राजद के अभय कुशवाहा से है**
- **जमुई में लोजपा(आर) के अरुण भारती का टक्कर राजद के अर्चना रविदास से है**


स्पीड न्यूज

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत



**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा स्टेशन के समीप मदरसा रोड रेलवे फाटक पर साइकिल सवार युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दुर्घटना के स्थान पर शरीर का भाग जगह-जगह बिखरा पड़ा था। शरीर का हिस्सा लगभग 100 मीटर दूर तक बिखरा हुआ था और साईकिल लगभग 20 मीटर दूर डाउन लाइन से बाहर फेंकाया हुआ था। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं दुर्घटना की जानकारी परिजनों को मिली और परिजन दुर्घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। युवक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा सुखवाना निवासी वीरेंद्र प्रसाद के लगभग 19 वर्षीय पुत्र अरुण प्रसाद के रूप में हुई। जानकारी देते हुए मृतक के चाचा जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि कल 18 अप्रैल को भतीजी यानी मृतक अरुण की बहन का तिलक चढ़ाने नबीनगर जाना था। जिसको लेकर जितेंद्र अपने घर से बाजार की ओर सामान लेने के लिए जा रहा था इस दौरान दुर्घटना हुई है। जितेंद्र की बहन की तिलक 18 अप्रैल को और शादी 23 अप्रैल को तय की गई थी। उन्होंने कहा कि सभी परिजन आ रहे हैं और कानूनी प्रक्रिया के तहत शव को उठाया जाएगा। इधर गेट पर मौजूद गेटमैन लक्ष्मण मेहता ने बताया कि अप लाइन से लाइट इंजन 15.08 बजे पार कर रही थी उसी दौरान दुर्घटना हुई है। दुर्घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दे दी गई है।

### सांसद बीडी राम पर प्राथमिकी दर्ज



**धुरकी ।** लोकसभा चुनाव अगले माह में होनी है, उसे लेकर जगह-जगह प्रत्याशियों ने बैठक के बहाने अपने पार्टी के चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। दिन प्रतिदिन एक न एक बैठक बिना प्रशासनिक आदेश के करते हैं, खामियाजा प्रशासन को विवश होकर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ती है। पलामू सांसद बीडी राम धुरकी प्रखंड के अम्बाखोरेया पंचायत भवन में अपने पार्टी सहित ग्रामीणों को बैठक बुलाकर मिलन समारोह किया था। इसी के आलोक में बुधवार की सुबह धुरकी बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी के आवेदन के आधार पर सांसद विष्णु दयाल राम एवं अन्य अज्ञात कार्यकताओं के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के दौरान पंचायत सचिवालय, अंबाखोरया में बगैर अनुमति के राजनीतिक नारेबाजी करने के आरोप में धुरकी थाना आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में कांड दर्ज कराया गया है। जिस संबंध में धुरकी थाना कांड संख्या-38/24 दर्ज किया गया है।

### श्री राम चरित्र मानस सुंदरकांड पाठ



**गढ़वा।** मानस मंडली बिशनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में संगीत में श्री राम चरित्र मानस सुंदरकांड पाठ व अखंड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान मानस मंडली के सभी सदस्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कमेटी की ओर से प्रसाद एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। सुंदरकांड का पाठ करने से सभी समस्या का समाधान होता है। विश्व का कल्याण होता है। सुंदरकांड का पाठ से पूर्व श्री राम दरबार में श्री हनुमान जी की पूजा पाठ आरती की गई। मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा सभी मनुष्य को जीवन में श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रत्येक दिन करना चाहिए। मनुष्य को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी को जीवन में उतारना चाहिए। मौके पर मंडली के बृजेश कुमार पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्र, द्वारकानाथ पांडेय, अशोक पटवा, अधिवक्ता सतीश चौबे, सियाराम पांडेय, राकेश रंजन चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, शत्रुघन कुमार, सुबोध प्रसाद, अमरेंद्र कुमार मिश्र, अरविंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

### सहरसा-नयी दिल्ली स्पेशल ट्रेन आज से

सहरसा। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05557/05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 05557 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल 18. अप्रैल को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी वापसी में, गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19 अप्रैल को नई दिल्ली से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे सहरसा पहुंचेगी इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे इस ट्रेन के परिचालन से रेलयात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

# दवा मामले में युवा समाजसेवी ने प्रदर्शन की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** बड़े पैमाने पर प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी तीर्थ स्थल के समीप नदी में कामयाब सरकारी दवाएं फेंक दिए जाने के मामले में अधिकारियों की भूमिका को एक युवा समाजसेवी ने उजागर किया। उन्होंने इसके लिए प्रेस को आमंत्रित कर उनके सामने अधिकारियों से इस गंभीर मामले में कृत कार्रवाई को लेकर बात की। जिससे पता चला कि इस मामले को फुटबॉल बनाकर इधर से उधर उछाला जा रहा है। जिससे कुछ दिनों में ही यह आई गई हो गई हो जाए। मालूम हो कि कांडी प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी के निकट 16 मार्च 2024 को बड़े पैमाने पर कामयाब दवाएं फेंकी हुई पाई गई थी। मीडिया ने प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस को बुलाकर दवाएं बरामद कराई थी। पत्रकारों से सूचना पाकर सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने त्वरित संज्ञान लेकर डीसी को जांच के लिए निर्देशित किया था। इसके बावजूद थाना में एफआईआर करके विभाग ने अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। अब इस मामले को लेकर कहीं कोई सुगबुगाहट भी नहीं है। 32 दिन गुजर जाने के बाद भी दवाओं का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इससे दुखित होकर युवा समाजसेवी सह दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने प्रेस के सामने फोन का स्पीकर ऑन करके उपायुक्त शेखर जमुआर से दवाएं फेंके जाने के मामले में अबतक की गई कार्रवाई के विषय में पूछा। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि इस बावत पुलिस अधीक्षक से बात कीजिए। क्योंकि इस मामले को लेकर थाना में एफआईआर किया जा चुका है। पुलिस की कार्रवाई के विषय में वे ही बता सकते हैं। शशांक शेखर ने तुरंत गढ़वा जिला के पुलिस कप्तान दीपक कुमार पांडेय से दवाएं फेंके जाने के मामले में प्राथमिकी के बाद कार्रवाई के संबंध में पूछा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने किस बैच की कितनी दवा किस सेंटर व संस्थान को दी है। उसका कितना वितरण हुआ। कितनी दवा बची रही। यह रिपोर्ट जबतक नहीं मिलेगी पुलिस क्या कर सकती है। लगे हाथ समाजसेवी शशांक शेखर ने जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार से बात की। सीएस ने कहा कि अब इसमें जो भी करना है पुलिस को करना है। स्वास्थ्य विभाग ने एफआईआर कर दिया है। इस संबंध में समाजसेवी ने कहा कि वे मंत्री से बात करेंगे। दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करना सुनिश्चित नहीं हुआ तो वे संविधान के दायरे में प्रदर्शन व अनशन करेंगे।

# जिप अध्यक्ष ने स्कूल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रमना।** राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 में एक सप्ताह से एमडीएम बंद होने से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति घट गई है। इस संबंध में गत दिन खबर मंत्र में छपी खबर पर बीईईओ विजय कुमार पांडेय ने कहा था कि एमडीएम जल्द चालू हो जाएगा। लेकिन आज भी स्थिति जस के तस बना हुआ है। विद्यालय के कुछ बच्चे जिनके घर में नाश्ता नहीं बनता वो तो इस परवान चढ़ती गर्मी में परेशान है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिप अध्यक्ष शांति देवी से की। जिस पर तत्काल अध्यक्ष ने राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में उपस्थित कुल दस शिक्षकों में केवल तीन ही शिक्षक विद्यालय में पाए गये। दो शिक्षकों को आवश्यक विद्यालय सामग्री के लिए रमना जाने की बात बतायी गयी। निरीक्षण के दौरान जिप अध्यक्ष ने कुछ बच्चों को अपने वर्ग में बिना शिक्षक के बैठकर घर से लाये रुखा-सूखा खाते हुए पायी। इस पर उन्होंने बच्चों से इस सम्बन्ध में पूछा तो बच्चों नें बताया कि हमलोगों को एमडीएम नहीं मिलता है। कारण पूछने पर बच्चों ने बताया कि सर बोलते है की संयोजीका द्वारा एक बोरा चावल बेच दिया गया था। मुख्य शिक्षक नंदकिशोर चौबे ने बताया कि गत महीने के राशन सामग्री बिल का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके लिए हमने विभाग को पत्र के द्वारा अवगत करा चूका हूं, लेकिन अभी तक बिल का भुगतान नहीं हुआ, अधिक बकाया होने के कारण राशन सामग्री रोक दिया गया है, जिससे एमडीएम बंद है। बीईईओ विजय पाण्डेय ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, शिक्षकों की अनुपस्थिति और विद्यालय निरीक्षण करने के सम्बन्ध में पूछने पर बोले कि विद्यालय का निरीक्षण नहीं किया हूँ, जबकी गत दिन पहले ही वह इस विद्यालय में आये थे। पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह नें जिला अध्यक्ष को बताया कि इस विद्यालय के शिक्षक मनमाने तरीके से विद्यालय आते है और हाजरी बना कर घर चले जाते है, फिर छुट्टी से पहले आकर हाजरी बना कर चले जाते है, और जो संयोजीका द्वारा सरस्वती पूजा में एक बोरा चावल बेचा गया था, जिसके बदले उससे दो बोरा चावल जुर्माना के रूप में लिया गया और कारवाई भी हुई। जिला अध्यक्ष ने मैं भी इसी विद्यालय से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कि हूँ उस समय भवन कच्चे थे लेकिन शिक्षा व्यवस्था पक्का था, कम शिक्षक थे लेकिन अच्छी शिक्षा विद्यार्थियों को मिलती थी। आज शिक्षक ज्यादा है भवन पक्का है लेकिन विद्यार्थियों को शिक्षा देने में शिक्षकों को मन नहीं लगता, यदि शिक्षक अपनी रवैया नहीं सुधारंगे तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार बनी तो देश को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे : तेजस्वी

**जमुई।** जिले के खैरा और चकाई तथा बांका जिले के बाराहाट व धोरैया में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। तेजस्वी ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनेगी तो 15 अगस्त को देश को बेरोजगारी से आजादी मिलेगी। उस दिन एक करोड़ बेराजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 17 साल की एनडीए सरकार ने जिस काम को पूरा नहीं किया उन्होंने 17 महीने में किया है। जिस 17 महीने में 5 लाख नौकरियां दी। अगर चाचा नहीं पलटे होते तो 10 लाख नौकरियां और देते। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हटने के बाद पेपर लीक होने लगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस समय देश में संविधान बदलने की तैयारी चल रही है। मोदी सरकार मुद्दों से जनता को भड़काना चाहती है।

## बिहार एक नजर

### प्रो. सजल प्रसाद को मिला कोशी गौरव सम्मान

**किशनगंज।** सर्वोदय समाज की ओर से 10 जिलों में समाज सेवा, शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा, कृषि, खेल, सैन्य सेवा आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को टॉउन हॉल, कटिहार में आयोजित एक समारोह में कोशी गौरव सम्मान दिया गया। सर्वोदय समाज के संस्थापक-सह-अध्यक्ष अशोक कुमार के अनुसार सर्वोदय समाज पुराने कोशी क्षेत्र के सभी जिलों सहित आसपास के जिलों में समाज के उत्थान विशेषत: समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों के कल्याण के लिए कार्य करता है।इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रति वर्ष सम्मानित किया जाता है ताकि समाज में अन्य लोग भी उनसे प्रेरित होकर कार्य करें। इस वर्ष बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जयंती पर पांचवां कोशी गौरव सम्मान समारोह व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कटिहार, पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, खगड़िया, बेगूसराय एवं समस्तीपुर जिले के एक-एक व्यक्ति का चयन गया। कटिहार से डा. ए. के. देव (चिकित्सा) पूर्णियां से डा. विनोद धरेवा (चिकित्सा) किशनगंज से प्रो. (डा.) सजल प्रसाद (समाज सेवा) सुपौल से भोला मंडल (कृषि) अररिया से असलम हसन (साहित्य) मधेपुरा से राम कुमार रघुवंशी (सैन्य सेवा) सहरसा से दीनानाथ झा (शिक्षा) खगड़िया से हर्षित आनंद (खेल) बेगूसराय से महेश भारती (साहित्य) और समस्तीपुर से सुरजीत श्यामल (समाज सेवा) को सम्मानित किया गया।

### मोतिहारी में चार वाहन चोर गिरफ्तार

**मोतिहारी।** चोरी चारपहिया वाहन के रजिस्ट्रेशन संख्या पर ऑनलाईन किसी दूसरे स्वामी का नाम दिखाये के मामले की सूचना पर एसपी के निर्देश पर चकिया डीएसपी के नेतृत्व में पिपरा थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर चोरी की एक बोलेरो सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बरामद बोलेरो पर वास्तविक बोलेरो का रजिस्ट्रेशन संख्या एवं इंजन संख्या हेराफेरी कर अंकित कराया गया है।पकड़े गये चारो वैशाली थाना के मो. जुल्फेकार उर्फ मुन्ना,मुजफ्फरपुर के सकरा थाना के रमेश कुमार, मुजफ्फरपुर के पीयर थाना के राजाबाबू व वैशाली जिला के बलिगांव थाना अनुरूप कुमार बताये गये है।इस संदर्भ में पिपरा थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह, पीपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार,पीएसआई धर्मवीर कुमार चौधरी, एएसआई विष्णुदेव सिंह व सशस्त्र बल शामिल थे।

### लूट की योजना बना रहे तीन अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, मादक पदार्थ की छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बीती रात लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। भागलपुर पुलिस को सूचना मिली कि प्रशस्तडीह से घोघा जाने वाले रास्ते में कुछ व्यक्ति हथियार के बल पर राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में मनीष शर्मा, सुजीत कुमार, पे०-स्व० चंदू किशोर मंडल और अंकित कुमार उर्फ बिक्की शामिल है। पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में छापेमारी दल विवेक जायसवाल थानाध्यक्ष सबौर, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, बिट्टू कुमार कमल और सशस्त्र बल सबौर थाना शामिल थे। उक्त आशय की जानकारी पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था ने बुधवार को दी।

## पेज एक का शेष

### भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं मोदी, भाजपा का सफाया तय

**लूट और झूठ की पहचान भाजपा:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लूट और झूठ की पहचान बन गयी है। पार्टी का एक ही नारा है-लूट और झूठ। यूपी में मतदान के दिन जनता को सावधान रहना है, तभी तभी का सफाया होगा। भाजपा अपना एक भी वाद पूरा नहीं करती। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनी गयी है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। यूपी देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। यहां डबल इंजन की सरकार है.,मगर अब डबल इंजन सरकार के होर्डिंग से नेता गायब हो रहे हैं. जो नेता होर्डिंग पर बच गये हैं, वो भी चुनाव के बाद गायब हो जायेंगे।
**भाजपा नेता भ्रष्टाचार में चैंपियन :** वहीं वायनाड से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इलेक्टोरल बॉन्ड को सबसे बड़ी वसूली योजना बताया। उन्होंने कहा, ये दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है। भारत के सभी कारोबारी इस बात को समझते और जानते हैं। पीएम मोदी चाहे कितनी भी सफाई दे दें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। राहुल ने कहा कि मोदी और भाजपा कभी मुद्दों की बात नहीं करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा और उसे बचाने की कोशिश कर रही है। राहुल ने कहा, चुनाव में दो-तीन बड़े मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार है। मगर भाजपा, जनता का ध्यान भटकाने में लगी हुई है, न तो तो मोदी और न ही भाजपा मुद्दों पर बात करती है। राहुल ने कहा मैं सीटों की भविष्यवाणी नहीं करता। 15-20 दिन पहले मैं सोच रहा था कि भाजपा लगभग 180 सीटें जीतेगी, लेकिन अब मुझे लगता है कि उन्हें 150 सीटें मिलेंगी।
**क्या अमेठी से लड़ेंगे राहुल:** वहीं, जब राहुल से सवाल किया गया कि क्या वह अमेठी या रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा, ये भाजपा का सवाल है, बहुत अच्छा। मुझे जो भी आदेश मिलेगा, मैं उसका पालन करूंगा।

# जय श्रीराम-जय हनुमान के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल





रामनवमी के पावन अवसर पर भुरकुंडा बाजार स्थित साईं मंदिर समिति, सौंदा डी मंदिर समिति, स्वर्णकार संघ, रामनवमी पूजा समिति बिरसा चौक द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडा शुद्ध पेयजल शरबत, चना, गुड़ प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई थी। वहीं राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल आदि समाजसेवियों द्वारा भक्तों के लिए ठंडे पानी व खीर की व्यवस्था की गई थी। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में साईं समिति के अशोक सोनी, जगतार सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, गुड्डू सिन्हा, बिरसा चौक में अजय साहु, स्वर्णकार समिति के नरेश सोनी एवं सौंदा डी में जयंत तुरी, तारा, दीपक सिंह, राकेश सिन्हा, डब्लू पांडेय, उपेंद्र शर्मा, संजय यादव, रिशु जायसवाल, राकेश पासवान सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को जय श्रीराम, जय हनुमान, भोले बाबा की जय आदि भक्ति उद्घोषों से भुरकुंडा कोयलांचल, भुरकुंडा, बासल सहित आसपास का ग्रामीण इलाका गूंजता रहा। पर्व को ले श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। रामनवमी मेला का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामनवमी पर्व भुरकुंडा, भदानीनगर, लपंगा, बासल, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिवर साईड सहित ग्रामीण इलाको में हर्षोल्लास, धूमधाम व एकता-भाईचारगी के साथ मनाया गया। लक्ष्मी टॉकिज भुरकुंडा स्थित ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में रामनवमी का भव्य मेला लगा। जिसमें आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। जुलूस के शक्ल में दर्जनो अखाड़े व समितियों की टीम गाजे-बाजे व महावीरी झंडे के साथ आयोजन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। वहीं रामनवमी मेले में उच्चे झंडे की होड़ लगी रही। रामनवमी मेला में आये विभिन्न समितियों व अखाड़ों के विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल-ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडली में सीसीएल के अभियंता अंकुर विश्वनाथ व आनंद कुमार, जेएम कालेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी, जुबिली कालेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी, जुबिली कालेज के प्रोफेसर मनोज कुमार आदि शामिल थें। भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक मिश्रा, प्राचार्य विजयंत कुमार, पत्रकार योगेन्द्र सिन्हा व मनोज सिंह शामिल थें। रामनवमी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर भीड़ पर ड्रॉन कैमरा से नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व संचालन कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा व उपाध्यक्ष मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, ए ला एंगलाइज विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार, टिकेश्वर महतो, सूबेदार एचएन यादव, जगतार सिंह, संतन सिंह, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, राजन करमाली सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विधि-व्यवस्था बनाए रखने में तैनात रही पुलिस-प्रशासन

जुलूस व मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार राम, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में सषस्त्र बल मुस्तैदी से तैनात दिखें।

**मेला को सफल बनाने में इनका रहा विशेष योगदान:** रामनवमी मेला को सफल बनाने में श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति के संरक्षक टिकेश्वर महतो व शिवचरण महतो, अध्यक्ष पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, महासचिव प्रदीप मांझी, कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, अमित साहू, उपाध्यक्ष मुकेश राउत, कैलाश प्रसाद, व्यास पांडेय, राजेंद्र मुंडा, राणा प्रताप सिंह, सचिव विश्वरंजन सिन्हा, वीरेंद्र यादव व अजय साहू सहित कार्यकारिणी सदस्यों में लक्खी राणा, रंजीत गुप्ता, रितेश मिश्रा, इंद्रजीत छाबड़ा, रोहित सोनी, विनय सिंह चौहान, शंकर मांझी, बिहार मांझी, फुलेश्वर राम सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

### आपसी भाअईचारगी व प्रेम का संदेश देते हैं हमारे पर्व-त्योहार : अंबा प्रसाद



जवाहर नगर हनुमान गढ़ी की झांकी को अपनी शुभकामनाओं के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने रवाना किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार साहू, राजकिशोर पांडेय, चंदन साव, विक्कू रजक, अमर राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। विधायक अंबा प्रसाद ने सबों को रामनवमी पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र में हमेशा अमन-चैन व एकता-भाईचारगी का माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। सभी पर्व को मिज-जुलकर मनाना चाहिए।

### इन अखाड़ों द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकियां

रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिसमें मतकमा, अंबेडकर क्लब लादी, महावीर मंडल लादी, शिवनगर चिकोर, उपर चिकोर, लपंगा, महुआ टोला, कुरसे, देवरिया, रेलवे स्टेशन व हनुमान मंदिर भदानीनगर, संकट मोचन मंदिर भुरकुंडा, जवाहर नगर हनुमानगढ़ी, भुंइया टोला जवाहर नगर, पगला आश्रम जवाहर नगर, सनातन सेवा पटेलनगर, नवयुवक संघ भुरकुंडा सहित कई जगहों से महावीर पताकों के साथ भारी संख्या में रामभक्तों ने जुलूस निकाला। सनातन सेवा पटेलनगर के झांकी में पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, अमरेश सिंह, अखिलेश टोप्पो, विनोद सिंह, रिंकु वर्णवाल, राकेश शर्मा, कवि राय, व्यास पांडेय, बिटू सिंह, विक्की सिंह, राजन सिंह, गोरे, सुबोध सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल थें।

### आपसी भाईचारगी का प्रतीक है रामनवमी: रीता देवी

मेले में आए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी व एकता का प्रतीक है। भगवान राम के महोत्सव को हम भारतवासी रामनवमी के रुप में मनाते है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वास्तव में भुरकुंडा में आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। इसमें सभी धर्म के लोगों का प्रेम झलकता है। यहां उमड़ा जनसैलाब यह साबीत करता है कि भुरकुंडा का रामनवमी जिले ही नही राज्य में अपनी अलग पहचान बनाई है।

स्पीड न्यूज

## जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का टीजर रिलीज हो गया है। कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी।

## ईरान के मिसाइल पर बैन लगाएगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान पर उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दे पर नए प्रतिबंध लगाएगा। श्री सुलिवन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मामलों में नए प्रतिबंध लगाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएगा।

## सरकार ने आंग सान सू को किया नजरबंद

बैंकॉक। म्यांमार की जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की को सैन्य सरकार ने देश में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण जेल से बाहर लाने के बाद नजरबंद कर दिया है। हालांकि, उन्हें नजरबंद किये जाने की जगह का खुलासा नहीं किया गया है। सेना (जुंटा) के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ ने बताया कि पूर्व नेता आंग सान सू की को गर्मी के कारण स्वास्थ्य उपाय के तौर पर जेल से बाहर लाकर नजरबंद किया गया है।

## अहमदाबाद में सड़क हादसा, 10 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में खेडा जिले के नडियाद ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस-वे पर बिलोदरा गांव के निकट एक बेकाबू कार अपराह्न आगे जा रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में कार सवार आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई, अन्य दो लोगों को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है। कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर आ रही थी।

## पुंछ में आतंकी ठिकाने से तीन आइइडी बरामद

पुंछ। पुंछ में एक आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को तीन रेडी-टू-यूज इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की गई, जिनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। बम निरोधक दस्ते ने तीनों आईईडी को नष्ट कर दिया। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुंछ जिले के सनाई-गुरसाई के वन क्षेत्र में पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त जवानों के तलाशी अभियान के दौरान पांच किलो, 10 किलो और 20 किलो की क्षमता वाले स्टील के कंटेनरों के अंदर रखी गई आईईडी बरामद हुई, जिसे एक गुफा के अंदर छिपाकर रखा गया था।



## योगी ने गोरखपुर में कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना

**गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी पर बुधवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया।**

# आरक्षण समाप्त करना चाहती है भाजपा: प्रियंका

एजेंसी

**सहारनपुर** । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुये बुधवार को कहा कि संविधान बदलने की बात करने वाले वास्तव में आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस उम्मीदवार इमरान मसूद के समर्थन में श्रीमती वाड्रा ने एक रोड शो की अगुवाई की। उन्होने कहा कि यह चुनाव जनता के मुद्दों पर होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेता बेरोजगारी, महंगाई, किसान, महिलाओं की बात नहीं कर रहे हैं बल्कि इधर-उधर की बात कर रहे हैं। प्रियंका ने प्रधानमंत्री से पूछा कि उनके नेता जगह-जगह संविधान को बदलने की बातें क्यों कर रहे हैं। यह बातें आखिर कहां से आईं हैं जब संविधान बदलेंगे तब आरक्षण का क्या होगा। आम लोगों के वोट के अधिकार का क्या होगा। उन्होंने


**कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि उनके नेता जगह-जगह संविधान को बदलने की बातें क्यों कर रहे हैं**



मोदी से कहा कि डरिए मत कहना काफी नहीं होगा। हम तो वैसे भी नहीं डरते हैं। उन्होंने कहा कि क्या मोदी जी ने पहले से गड़बड़ी कर रखी है जो उन्हें पता है कि उन्हें 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इलेक्ट्रोरल बांड की सूची सुप्रीम कोर्ट द्वारा सामने लाने पर भाजपा की पोल खुल गई हैं। 180 करोड़ रुपए सालाना कमाने वाली कंपनी 1100 करोड़ रुपये चंदा बीजेपी को दे रही है। एक घंटे से ज्यादा चले रोड शो में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद को जिताने की अपील करते हुये कांग्रेस नेता ने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी लोग बढ़ चढ़ कर भाग लें। उन्होंने सहारनपुर की जनता से कहा कि एक समय था कि जब बड़ी संख्या में लकड़ी के उत्पाद एक्सपोर्ट होते थे लेकिन अब वे बंद हो गए हैं। नरेंद्र मोदी 400 सीटें जीतने के जो दावे कर रहे हैं उसके पीछे उनका मकसद बाबा साहब भीमराम अंबेडकर का संविधान बदलने और सभी तरह का आरक्षण खत्म करने का है। संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा और लोकतंत्र नहीं बचेगा तो आपके अधिकार भी नहीं बचेंगे।

## प्रधानमंत्री ने देखा रामलला का सूर्य तिलक, बताया भावुक क्षण



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी। प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए कहा कि नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज रामनवमी है। 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद वह रामनवमी आई है, जब भगवान राम अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हैं। प्रभु श्रीराम, जो कभी टेंट में रहते थे। भव्य मंदिर में सूर्य किरणों ने उनके मस्तक का अभिषेक किया है।

# लोकसभा की 102 सीटों पर थमा शोर

**पहला चरण : 21 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में वोटिंग कल, सिक्किम विधानसभा के लिए भी होगा मतदान**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और चार राज्य विधानसभाओं के चुनाव में लोकसभा की 102 सीटों और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये प्रचार अभियान बुधवार शाम पांच बजे थम गया। सात चरणों में कराये जा रहे इन चुनावों में लोकसभा की 543 सीटों के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्रप्रदेश विधानसभाओं के चुनाव कराये जा रहे हैं।

पहले चरण में इक्कीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लोकसभा की 102 सीटों के लिये हो रहे चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। बुधवार शाम सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें

**▶▶ तमिलनाडु -39, राजस्थान -12, उत्तर प्रदेश -आठ, मध्य प्रदेश - छह, महाराष्ट्र-पांच, बिहार - चार, उत्तराखंड-पांच, असम - चार, बंगाल - तीन, अरुणाचल, मणिपुर और मेघालय की दो-दो, छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एंड निकोबार, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर 19 अप्रैल को होगा मतदान**



अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। पहले चरण के मतदान में आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में लॉक हो जायेगा। पहले चरण में अन्य छह चरणों के मुताबिक सबसे ज्यादा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, बिहार की चार, उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों, असम की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल, मणिपुर और मेघालय की दो-दो, छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एंड निकोबार, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। पहले चरण के चुनाव में असम की डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर और सोनितपुर सीट पर मतदान होगा। बिहार की जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा सीट पर भी पहले चरण में मतदान होगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, सीधी, और शहडोल सीट पर इस चरण में वोट डाले जायेंगे। महाराष्ट्र की चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली, चिमूर, रामटेक और नागपुर सीट पर भी इसके साथ ही चुनाव होंगे। राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर सीट पहले चरण में मतदान होगा। साथ ही, उत्तराखंड की पांचों सीट गढ़वाल, टेहरी गढ़वाल, अल्मोडा, नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होंगे। पश्चिम बंगाल की जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार में भी इसी दिन वोटिंग होगी। त्रिपुरा वेस्ट में भी इसी दिन वोट डाले जायेंगे। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर पहले चरण में मतदान होगा। इनमें चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, श्रीपेरंबदूर, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम, अराक्कोनम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, विलुप्पुरम, कल्लाकुरिची, सलेम, नामक्कल, कोयंबटूर, पोलाची, डिंडीगुल, करूर, धर्मपुरी, तिरुवन्नमलाई, अरणी, इरोड, तिरुप्पुर, नीलगिरी, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलूर, कुड्डालोर, चिदम्बरम, थेनी, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, थूथुक्कुडी, तेनकासी, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, तंजावुर, शिवगंगा, मदुरै, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी की मुजफ्फरनगर, बिजनौर, सहारनपुर, कैराना, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में भी पहले चरण में चुनाव होंगे। असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर और छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर मतदान होगा। बिहार की जमुई, गया सीट पर इंडिया समूह और राजग के बीच कांटे की टक्कर है। मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर नजर आ रही है। मणिपुर इनर और आउटर दोनों सीटों पर भाजपा जीतने के लिए पुरजोर अभियान चला रही है।

# जल्द देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे : अमित शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल्द देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी



मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए थे। इसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताते हुए गृह मंत्री ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं।

## राकांपा नेता एकनाथ खडसे को मिली धमकी


**मुंबई।** राकांपा नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को दाऊद-छोटा शकील गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है। खडसे ने इसकी शिकायत जलगांव जिले के मुक्ताई नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार 15 और 16 अप्रैल को चार अलग-अलग मोबाइल फोन से कॉल कर उन्हें धमकी दी गई। इनमें से कुछ कॉल अमेरिका और कुछ उत्तर प्रदेश के नंबरों से आईं। खडसे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि पहले उन्हें लगा कि कोई शरारत कर रहा है, लेकिन जब कॉल अमेरिका के नंबर की दिखी तो इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई।

# गाजा में गरजे इजराइली फाइटर जेट

## हवाई हमले में हमास के कई लड़ाके मारे गये

एजेंसी

**तेल अवीव।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के मददगार ईरान के हमले के बाद इजराइल आक्रामक मुद्रा में है। इजराइल ने पूरी ताकत के साथ लेबनान में तबाही मचाने के बाद गाजा में हवाई हमले कर हमास के कई लड़ाकों को मौत की नींद सुला दिया। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया में कहा है कि पिछले दिनों रातभर आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सेद्दीकीन, मातमौरा, लब्बौनेह और आयता राख शब के इलाकों में एयर स्ट्राइक



कर एक लॉन्च पोस्ट, आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे और सैन्य परिसरों सहित हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा आईडीएफ सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में आयता राख शब और लब्बौनेह के क्षेत्रों में हमला किया।

पिछले 24 घंटे में गाजा पट्टी पर हमास आतंकियों के 40 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। यह हमले सटीक और कामयाब रहे। इजराइल की थल सेना ने कई हमास आतंकियों को मार गिराया। कई ठिकानों को तबाह कर दिया। आईडीएफ ने कहा है कि उसके फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर 24 घंटे में 40 बार एयर स्ट्राइक की। इस दौरान हमास आतंकियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ बम गिराए। मिसाइलें और रॉकेट्स दागे।

# दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटों पर रहेगी सबकी नजर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा। पहले चरण में करीब दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटों और उम्मीदवारों पर सबकी नजर रहेगी। इनमें आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर लोकसभा सीटें अहम हैं तो असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया, जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट भी काफी महत्वपूर्ण है। इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली,

**महासमगर**

**▶▶ पहले चरण का वोटिंग कल, आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत शुक्रवार को इवीएम में होगा कैद**

**▶▶ केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगाने की तैयारी में**

कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट हैं। ऐसे में सभी की निगाहें इन सीटों पर रहेगी। इस चुनाव में इस बार केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। इसी तरह से दो बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक



लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।तीन बार के सांसद रहे 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अबकी चौथी बार अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी के लिए मशक्कत कर रहे हैं।उत्तर प्रदेश में अपने जटिल जातीय समीकरणों के लिए विख्यात मुजफ्फरनगर सीट पर केंद्रीय मंत्री

**▶▶ केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने चौथी बार अरुणाचल पश्चिम सीट से लड़ रहे हैं लोस चुनाव**

संजीव बलियान इस बार यहां से प्रतिस्पर्धा में हैं। राजस्थान में अलवर जिले में केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव राजस्थान से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय मत्स्य पालन राज्य मंत्री एल मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं लेकिन वे तमिलनाडु में नीलगिरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। तेज तर्रार नेता की छवि वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई तमिलनाडु के कोयंबटूर से चुनाव मैदान में हैं। शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम उस सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में हैं, जहां उनके पिता और कांग्रेस सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्री रहे पी.चिदंबरम यहां से सात बार जीते थे। तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देकर तमिलिसाई सौंदर्यराजन सक्रिय राजनीति में वापसी करने के साथ चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। असम के कलियाबोर निर्वाचन क्षेत्र से 2014 के बाद से दो बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई अबकी पड़ोसी जोरहाट सीट से नए उम्मीदवार हैं। उत्तरी राजस्थान में चूरू से दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी, भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया पहली बार चुनावी मैदान में मुकाबले के लिए तैयार है।

VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !